राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 205
गुरूवार 22 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 34°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# इनामी केशव राव सहित 27 नक्सली ढेर

## शाह बोले यह नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि

**सफलता**

- एक डीआरजी का जवान बलिदान
- मुठभेड़ के दौरान कई जवान घायल
- नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर

**बीजापुर, 21 मई।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर व दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पोलित ब्यूरो के शीर्ष सदस्य डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली नम्बाला केशव राव उर्फ बशव राजू सहित अब तक 27 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं कई अन्य बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ स्थल से 27 नक्सलियों के शव के साथ अनेक हथियार बरामद होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है।

वहीं मुठभेड़ में कुछ अन्य जवान घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। वे सभी खतरे से बाहर हैं। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के खिलाफ मिली इस बड़ी सफलता पर सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट लगी है। नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर हुआ है।

देश भर में चल रहे नक्सल संगठन के प्रमुख और नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी नम्बाला केशव राव उर्फ बसव राजू उर्फ गगन्ना को डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने बताया कि देश भर में नक्सल संगठन के संचालन की



जिम्मेदारी बसवा राजू पर थी। नक्सलवाद और नक्सल मोर्चे पर जवानों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि डीआरजी के जवानों ने नक्सल मोर्चे पर इतिहास रचा है। नक्सली संगठन के जिस शीर्ष नेतृत्व को देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो सदस्य, माड़ डिवीजन के बड़े कैडर एवं पीएलजीए कैडर के मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव की डीआरजी टीमें अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थीं विगत कई दिनों से लगातार जारी इस नक्सल विरोधी अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई बड़े कैडर के नक्सली या तो मारे गए हैं अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ के नारायणपुर में 27 खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, ■ शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून याचिकाओं पर सुनवाई जारी

- केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

**नई दिल्ली, 21 मई।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 22 मई को भी सुनवाई जारी रखेगा। बुधवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वक्फ एक इस्लामिक अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि हमने वक्फ को लेकर 2023 में कुछ कमियों को नोटिस किया था। उसे दूर करने के लिए कानून लेकर आए। यहां कुछ याचिकाकर्ता आए हैं। ये कुछ लोग मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। मेहता ने कहा कि ये कानून संयुक्त संसदीय कमेटी की ओर से व्यापक विचार-विमर्श कर पारित किया गया। मेहता ने कहा कि वक्फ बाय यूजर का प्रावधान अब नये कानून में हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी सरकारी भूमि पर स्थायी अधिकार नहीं मिल सकता है। सरकार ऐसी भूमि को दोबारा हासिल कर सकती है, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। यह मौलिक अधिकार नहीं है। मेहता ने कहा कि वक्फ बोर्ड सिर्फ धर्मनिरपेक्ष कामकाज करते हैं, जबकि मंदिर पूरी तरह धार्मिक संस्था होती हैं और उनका प्रबंधन मुस्लिम व्यक्ति भी संभाल सकता है।

इससे पहले 20 मई को सुनवाई के दौरान वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि वक्फ काउंसिल्स में गैर-मुस्लिमों को सदस्य बनाना धर्मनिरपेक्षता नहीं है। उन्होंने कहा था कि हमारी आपत्ति भी यही है कि किसी भी हिंदू धर्मस्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है।

अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं तो यहां क्यों नहीं। सिब्बल ने कहा था कि अगर आप 14 राज्यों के वक्फ बोर्ड को देखें तो सभी सदस्य मनोनीत हैं, कोई चुनाव नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए ड्रॉ प्रक्रिया पूरी

**नई दिल्ली, 21 मई।** विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित की जा रही कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यात्रियों का चयन आज एक कंप्यूटरीकृत ड्रॉ के माध्यम से किया गया। यात्रा का आयोजन जून से अगस्त तक किया जाएगा। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने आज ड्रॉ किया। मंत्रालय ने कहा कि चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और लैंगिक संतुलन को सुनिश्चित किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार चयनित यात्रियों को उनके चयन की सूचना एसएमएस और ई-मेल के जरिए दी गई है। यात्री यात्रा की वेबसाइट पर जाकर अपने चयन की स्थिति देख सकते हैं। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 011-23088133 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस वर्ष 5561 आवेदकों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। इनमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थीं। कुल 750 यात्रियों का चयन किया गया है। इनमें प्रति बैच 2 स्थानीय अधिकारी भी होंगे। यात्रा में 5 बैच 50 यात्रियों के साथ लिपुलेख मार्ग से और 10 बैच 50 यात्रियों के साथ नाथू ला मार्ग से यात्रा करेंगे।

### प्रो. महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नयी दिल्ली, 21 मई।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटेश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि, मामले में प्रोफेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### यूपी में 14 आईएएस और छह पीसीएस के तबादले

**लखनऊ, 21 मई।** शासन ने मंगलवार देर रात यूपी के हरदोई, बलिया, महराजगंज और पीलीभीत जिलाधिकारी समेत 14 आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। अपर मुख्य सचिव, वित्त, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को वर्तमान पदों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मिला है। हरदोई के डीएम मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का डीएम, बलिया के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय बनाया गया है। महराजगंज के डीएम अनुनय झा को हरदोई का डीएम और अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अयोध्या के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का डीएम बनाया है। इसी के साथ ही साथ सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी अयोध्या तीर्थ विकास परिषद, नगर आयुक्त अयोध्या, मृणाली अविनाश जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर को सीडीओ सिद्धार्थनगर, रविंद्र कुमार प्रथम को विशेष सचिव संस्कृति विभाग, तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है।

## मोदी, खरगे, राहुल ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राहुल ने कहा- आपके सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प**

**नयी दिल्ली, 21 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया में कहा, मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

खरगे तथा राहुल ने पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि वीर भूमि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित राष्ट्र की नींव को बदला और आज भी उनकी सोच विरासत हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। राहुल ने भावुक होकर अपने पिता को याद करते हुए सोशल मीडिया एक्स में एक पोस्ट में कहा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं।

आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ अपने बचपन की एक फोटो भी पोस्ट की है। खरगे ने कहा, 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी ने अद्वितीय भूमिका का निर्वाह किया।

## यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**बोले योगी**



- सीएम योगी ने की समीक्षा बैठक, बोले- बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि

**लखनऊ, 21 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बुधवार को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाज विरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा ममता, स्पर्श और संकेत विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं।

इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। ■ शेष पेज 11 पर

## अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जायेगा: मोदी

**नयी दिल्ली, 21 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरूवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जायेगा।प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किये जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरूवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा, भारतीय रेल के लिए कल का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढे ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा।

## करंट की चपेट में सिपाही समेत चार की मौत

**हादसा**

- धार्मिक आयोजन के दौरान झंडा खड़ा करते समय हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने की घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने कामना

■ मुमताज

**गाजीपुर, 21 मई।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक धार्मिक आयोजन (काशीदास पूजा) के दौरान झंडा लगाने के लिए खड़े किए जा रहे हरे बांस में करंट उतरने से उसकी चपेट में आकर चार युवकों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिनका इलाज कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में करंट लगने से हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। नरवर गांव में पुजारी सुरेंद्र यादव के घर काशी दास पूजन को लेकर तैयारी चल रही थी। पूजन स्थल पर लंबे कच्चे बांस में ध्वज लगाया जा रहा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रहे 33 हजार वोल्ट के तार में बांस स्पर्श हो गया। जिससे पूजा की तैयारी में लगे सात लोग बिजली करंट की चपेट में आ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई व तीन लोग झुलस गए। मृतकों में छोटे लाल यादव (35), रविंद्र यादव उर्फ कल्लू (29), गोरखनाथ यादव (23) और अमन यादव (19) शामिल हैं।रविंद्र यादव यूपी पुलिस में सिपाही है। रविंद्र यादव उर्फ कल्लू यादव एवं गोरख यादव सगे भाई है। तीन अन्य घायलों में अभोरिक यादव, संतोष यादव, जितेंद्र यादव हैं। अभोरिक यादव की स्थिति काफी गंभीर होने की वजह से उसे बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। शेष दो लोगों का इलाज मऊ जनपद स्थित फातिमा हॉस्पिटल में कराया जा रहा है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली, 21 मई।** भारतीय जनता पार्टी ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट पर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने इसकी तुलना पहलगाम हमले से की है और कहा है कि मुर्शिदाबाद में सुनियोजित तरीके से हिन्दू घरों, संपत्तियों और लोगों को निशाना बनाया गया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि एसआईटी की टीम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा के दो अधिकारी शामिल थे।

इन स्वतंत्र अधिकारियों की रिपोर्ट से यह साबित हो गया है कि ममता सरकार के कार्यकाल में हिन्दुओं पर क्रूर अत्याचार किए गए। त्रिवेदी ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि 11 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से हमले शुरू हुए और ये स्थानीय तृणमूल नेता महमूद आलम के निर्देश पर हुए। पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बने रहे और कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया कि कुल 113 घरों को नुकसान पहुंचाया गया और लोग जान बचाकर मालदा की ओर पलायन करने को मजबूर हुए।



के. विक्रम राव के निधन के उपरांत लखनऊ में उनके माल एवेन्यू, स्थित आवास पर परिजनों से भेंट करके शोक संवेदना व्यक्त करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। - छाया तरुणमित्र

## सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, 21 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि जिस तरह के आरोप पूजा खेडकर पर लगे हैं उस पर हाई कोर्ट से ही अग्रिम जमानत मिल जानी चाहिए थी। कोर्ट ने 18 मार्च को दिल्ली पुलिस से पूछा था कि आप जांच पूरी क्यों नहीं कर रहे हैं जबकि पूजा खेडकर ने हलफनामा दाखिल कर जांच में सहयोग देने की बात कही है। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि इस मामले में हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। तब कोर्ट ने पूछा था कि सामान्य पूछताछ और हिरासत में पूछताछ में क्या अंतर है।

कोर्ट ने कहा था कि पूजा खेडकर ने फर्जी प्रमाण पत्र कहां से हासिल किया, ये जानना जरुरी है और इसके लिए हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है। वो फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करने की सरगना नहीं है। 15 जनवरी को कोर्ट ने दिल्ली सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी किया था।

### विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून: प्रदेश में होगा हरियाली उत्सव

## इस बरसात में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य

**मुहिम**

- जुलाई से निजी, व्यापार संगठन व सभी विभागों को मुहिम में झोंकेगी सरकार
- प्रदेश में वन्य भूमि में 559 वर्ग किमी का इजाफा
- सभी विभाग मिलकर प्रदेश को बनाएंगे हरा -भरा
- पौधरोपण के लिए स्थान चयन के काम पूरे, राष्ट्रीय औसत छूने की तैयारी

■ कुमार सौवीर

**लखनऊ, 21 मई।** उप्र सरकार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करेगी। इसके लिए जिलों, ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों को भी तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले दो सालों में भी उत्तर प्रदेश में क्रमशः 30 और 35 करोड़ पौधे लगाए गए थे। सरकार ने इस पौधरोपण अभियान के लिए उपयुक्त भूमि का चयन किया है।

इसके तहत ग्राम पंचायत और सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे, नहरों के किनारे, मेडिकल और शैक्षिक संस्थानों की भूमि, रक्षा और रेलवे की खाली जमीन, औद्योगिक क्षेत्र, और किसानों की निजी जमीन पर पौधरोपण किया जाएगा। इस तरह से हर दिशा में हरियाली फैलेगी। इस बार के अभियान में प्रमुख योगदान वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग का रहेगा, जो 14 करोड़ पौधे लगाएंगे। इसके अलावा, ग्राम्य विकास विभाग 12.59 करोड़, कृषि विभाग 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज 1.27 करोड़ और राजस्व विभाग 1.05 करोड़ पौधे लगाएंगे।

हर विभाग को अपने हिस्से के पौधों का लक्ष्य तय किया गया है। जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाले वन महोत्सव के दौरान 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के लिए प्रदेश सरकार ने कई विभागों को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है।

सरकार का उद्देश्य यह है कि यह अभियान केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित न रहे। इस बार जनसहयोग को भी इसमें शामिल किया गया है। सरकारी, गैरसरकारी संस्थाएं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, ■ शेष पेज 11 पर

## पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली, 21 मई।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगाह बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया।

यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी।

बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जदयू) सांसद संजय झा और द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल कल रवाना होंगे।

संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा, जबकि कनिमोझी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा।

# संचार क्रांति के अगुआ थे राजीव गांधी : गौरव



**कौशाम्बी, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिले में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कमेटी की एक बैठक ग्राम कासिया मूरतगंज में जिला अध्यक्ष गौरव पांडे की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन चरित्र पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा की राजीव गांधी की सोच एक दूरदर्शी सोच थी और वह बहुत दूर तक की सोच कर कोई काम करते थे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा जी ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा की राजीव गांधी ने संचार क्रांति की शुरुआत की थी उन्होंने युवाओं को 18 साल की उम्र में मताधिकार का अधिकार दिया था, कार्यक्रम में उपस्थित कौशाम्बी कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने कहा की राजीव जी गांव में पंचायत राज की व्यवस्था करके और गांव को विकसित करने का काम किया था उनके कार्यकाल में ही जवाहर रोजगार योजना तथा इंदिरा आवास योजना की शुरुआत हुई थी।

बैठक के पश्चात प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कौशांबी प्रभारी ने संगठनात्मक बैठक भी किया तथा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं के साथ कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से शहनाज अली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी, श्याम मूर्ति तिवारी, उपाध्यक्ष मो० अकरम, राजनारायण पासी, मनोज सिंह पटेल, प्रवक्ता कौशलेश द्विवेदी, महासचिव राम सूरत रदास, राज बहादुर चौधरी, मोहम्मद आरिज, मो. फरमान, बरसाती लाल पंडा, सचिव श्याम सिंह भदौरिया, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा, बच्चा त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, सोशल मिडिया प्रभारी सचिन पांडेय, निक्की पांडे, हेमंत रावत, फौज़िया मो० अब्बान, अमृतलाल, निहाल, दीपक शर्मा, सिकंदर सिंह, बालेंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

**रायबरेली।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता इंजीनियर के सी शुक्ला ने किया तथा संचालन युवा नेता रामजी शुक्ला ने किया। के सी शुक्ला ने कहा कि राजीव जी का बलिदान देश कभी नहीं भूल पायेगा भारत में राजीव जी डिजिटल इंडिया के पहले आर्किटेक्ट रहे। रामजी शुक्ला ने कहा कि राजीव जी ने भारत के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया, भारत कंप्यूटर क्रांति लाने का श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है, उनकी कमी इस देश को हमेशा खलती रहेगी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगायें : सीडीओ

**प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय अभय कुमार सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल 2025 तक की प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करने पर बल देने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में संक्रामक रोगों के प्रसार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय उपलब्ध कराने हेतु खाद्य पदार्थ जिसमें ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में खुले कटे-फटे, सड़े गले एवं कृत्रिम रूप से पकाये गये फलों तथा दूषित खाद्य पदार्थों यथा फलों के जूस, गन्ने का रस कार्बाइड से पकाये गये आम, आइसक्रीम व आइसकैण्डी आदि के निर्माण व विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही कर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया। औषधि निरीक्षक प्रतापगढ़ को जनपद में संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, जनपद के विभिन्न बाजारों में संचलित मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करते हुए जेनरिक एवं ब्राण्डेड औषधियों का नमूना संग्रहित करते नकली एवं अधोमानक औषधियों के विक्रय पर प्रभावी रोक-थाम हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, व्यापार संगठन से मो0 अनाम एवं अर्पित खण्डेलवाल आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बीडीओ बाबागंज ने सम्पर्क मार्ग निर्माण का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** खण्ड विकास अधिकारी बाबागंज राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने ग्राम पंचायत मछेहा हरदोपटटी में मनरेगा योजनान्तर्गत अतिक्रमण मुक्त कराये गये चकमार्ग नन्हे के खेत से पक्की सडक तक सम्पर्क मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 40 श्रमिक कार्य करते हुये पाये गये, वर्तमान समय मे खेत खलिहान खाली है बगल से मिटटी आसानी से मिल जा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय सी०आइ०बी०बोर्ड लगा नही पाया गया जिसके लिये ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया कि तत्काल सी०आई०बी० बोर्ड 2 दिवस के अन्दर लगवाना सुनिश्चित करे। 20 मजदूर से अधिक होने पर 1 महिला मेठ का मास्टर रोल निकाला जाना चाहिये था परन्तु महिला मेठ का एम०आर० नही निकला है जिसके लिये पचांयत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य सतोषजनक पाया गया।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रम

**गौरीगंज/अमेठी, 21 मई (तरुणमित्र)।** अमेठी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केंद्रीय जन सम्पर्क कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में अमेठी संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने भाग लिया और राजीव गांधी के कार्यों को याद किया। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी जी ने देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी के अधूरे संकल्प को अब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी जी ने अमेठी के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के डेढ़ दर्जन युवाओं और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में आयोजित शिविर में दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंदों के जीवन में आशा का संचार करेगा। पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में सांसद ने स्वयं सैकड़ों लोगों को प्रसाद परोसा और हजारों राहगीरों और आम नागरिकों को भोजन कराया गया। इस भव्य आयोजन में अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लाकों में सरबत और मरीजों को फल वितरण कर राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में दीपक सिंह पूर्व एमएलसी, युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, फरहान वारसी, बैजनाथ तिवारी, नरसिंह बहादुर सिंह, माता प्रसाद वैश्य, आशीष शुक्ला, मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, सुनील सिंह, राम दत्त यादव, नरेंद्र मिश्रा, अल्लू मियां, रवि तिवारी, नरसिंह बहादुर सिंह, राम मिलन पथिक, मतीन, राजीव सिंह, देवेंद्र सिंह गप्पू, अर्जुन पासी, डॉ संजय सिंह, रामबरन कश्यप, अरविन्द चतुवेर्दी, सुमित तिवारी, सर्वेश सिंह, शकील इदरीशी, अनुपम पाण्डेय, जेबी यादव, कुलवंत सिंह, महेंद्र तिवारी, जीत लाल सरोज, राम लखन शुक्ला, त्रिभुवन पासी, राजकुमार यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।



## डीएम ने विद्युत विभाग के ट्रॉन्सफार्मर मरम्मत केंद्र का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विद्युत विभाग के ट्रॉन्सफार्मर मरम्मत केंद्र (वर्कशाप)/ विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त परिवर्तक के आवक-जावक रजिस्टर का भी अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की गई, कि क्षतिग्रस्त परिवर्तक (ट्रान्सफार्मर) तय समय-सीमा के अन्दर बदले जा रहें है या नहीं तथा वर्कशाप में कितने ट्रान्सफार्मर रिजर्व रखें गये है एवं कितने दिनों में ट्रान्सफार्मर रिपेयर किये जा रहें हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है, इसकी जानकारी प्राप्त की। उन्हांने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता व जे0ई0 को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं का क्षतिग्रस्त ट्रान्सफार्मर तम समय-सीमा में ही बदला जाय तथा ऑधी तूफान में क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों व विद्युत तारां को शीघ्र ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल करायी जाय।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के पुण्य तिथि के पर नि:शुल्क श्वास शिविर का आयोजन

**रायबरेली, 21 मई (तरुणमित्र)।** सिमहैंस हॉस्पिटल में बुधवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर निःशुल्क श्वास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर इस स्वास्थ्य शिविर को प्रारंभ किया। इस अवसर पर सिमहैंस हास्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जैन एवं कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पी एफ टी की जांच भी निःशुल्क की गई। डॉ सागर जैन ने 27 मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया एवं सभी को धुम्रपान एवं नशा से दूर रहने की सलाह दी। डॉ मनीष चौहान ने बताया कि छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जैन अब प्रत्येक रविवार को सिमहैंस हास्पिटल में अपना परामर्श प्रदान करेंगे। इस अवसर सिमहैंस हास्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी के 34 में पुण्यतिथि पर याद करते हुए दी श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सड़वा चंडिका विकास खंड के शुकुलपुर गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चन्द्रनाथ शुक्ला जी के आयोजकत्व में महा चौपाल आयोजित किया गया। महा चौपाल की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी व संचालन जिला सचिव सुरेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाए गए संगठन सृजन अभियान कोऑर्डिनेटर/जनपद प्रभारी हरिकेश त्रिपाठी व प्रमोद मिश्रा के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी व प्रमोद मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि राजीव गांधी जी ने मताधिकार की उम्र सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया।

# विद्युतकर्मियों का धरना लगातार जारी 72 घंटे की हड़ताल पर है विद्युत कर्मचारी

**अमेठी, 21 मई (तरुणमित्र)।** जनपद बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी कम होने का नाम नही ले रही है। संविदाकर्मियों की छटनी और 55 साल की उम्र को लेकर आदेश जारी होने के बाद विद्युत कर्मी मंगलवार की सुबह से 72 घंटे की हड़ताल पर चले गए है जिससे पूरे जिले की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है।

भीषण गर्मी में लोग बिजली के लिए परेशान है लेकिन विद्युत कर्मी अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में पिछले 24 घण्टे से धरने पर बैठे हुए है। दरअसल सरकार द्वारा विद्युत संविदा कर्मियों की छंटनी और 55 साल की उम्र को लेकर आदेश जारी किया गया है।इसी आदेश के खिलाफ जिले भर के संविदाकर्मि पिछले 24 घंटे से अधीक्षण अभियंता कार्यालय में धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। संविदाकर्मियों के स्ट्राइक पर जाने के कारण लोगो को भारी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। मंगलवार को जिले में करीब 18 घंटे लाइट नही थी जिससे भीषण गर्मी में लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रसाशनिक अधिकारियों की मुस्तैदी के बाद रात करीब दो बजे लोगो को बिजली नसीब हुई।

अभी भी लोगों को डर सता रहा है कि अगर बिजली कटी तो कब आएगी ये किसी को नही पता।पूरे मामले पर अधीक्षण अभियंता रविकांत ने बताया कि 55 साल की उम्र और संविदाकर्मियों की छटनी के विरोध में कर्मचारी स्ट्राइक पर है। जेई एसडीओ और अधिषाषी अभियंता लगातार बिजली को सुचारू रूप से देने का प्रयास कर रहे है।

# एनटीपीसी में नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता जागरूकता के लिए जगाई अलख

**ऊँचाहार, रायबरेली, 21 मई (तरुणमित्र)।** एनटीपीसी ऊंचाहार में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। एनटीपीसी परिसर के साथ साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान के अलावा जगह जगह जागरूकता कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला में भाग ले रही बालिकाओं के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने संगीतमय प्रस्तुतियों तथा जादुई करिश्मों से सुखा, गीला तथा अन्य तरह के कचरे के निस्तारण एवं प्लास्टिक और पालीथीन को निषेध किए जाने हेतु सभी को सचेत किया।

इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी के द्वारा बालिकाओं से सवाल पूछे गए जिनका जेम की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने बच्चों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए साफ सफाई को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने के साथ साथ सफाई श्रृंखला बनाने की अपील की। परियोजना प्रमुख व कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन आशुतोष विश्वास, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, सीएमओ डॉ मधु सिंह, अन्य विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वरिष्ठ प्रबंधक श्रीनिवास शर्मा ने प्रोग्राम का संचालन किया। आगामी इकतीस मई तक स्वच्छता जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एनटीपीसी द्वारा आयोजित होते रहेंगे।

# डीएम ने ऑधी-तूफान से हुई हानि का लिया जायजा

**कौशाम्बी, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कल देर रात्रि में आयी तेजी ऑधी/तूफान से जनपद में हुई क्षति/हानि का आज भ्रमण कर जायजा लिया गया।



भ्रमण के दौरान जनपद के ग्राम-दरियापुर मझियावां तहसील सिराथू में दीवार गिरने से मृत हुए जानवरों के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना का जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर जायजा लिया एवं मृत जानवरों के मालिक/किसान-केशलाल पुत्र रामजस से मुलाकात कर सम्बन्धित अधिकारी को दैवी आपदा से तत्काल मुआवजा दिलवाये जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जो भी निर्धारित मुआवजा हो, उसका परीक्षण कर आज ही पीड़ित को मुआवजा देकर राहत पहुॅचायी जाय।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कल देर रात्रि में आयी तेजी ऑधी/तूफान से जनपद के दरियापुर भरवारी रोड पर गिरे विद्युत पोलो/विद्युत तारों एवं पेड़ों का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑधी से गिरे विद्युत पोलों/तारों को गर्मी के दृष्टिगत जल्द से जल्द ठीक करवाया जाय, जिससे आमजन-मानस को गर्मी में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि तीब्र गति से कार्य कराते हुए विद्युत सप्लाई को चालू कराया जाय।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने रास्ते में गिरे हुए पेड़ां के कारण आवागमन में हो रहें अवरोध को जल्द से जल्द हटवाये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दियें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे.।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने गांव के ही एक आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक पुलिस में तहरीर देने पर आरोपी उसे जानलेवा धमकी दे रहा है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बीती तेरह मई को आरोपी ने उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। पीडिता की शिकायत पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने लालगंज कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिये हैं। पीड़िता का कहना है कि अफसरों के आदेश के बावजूद जांच के नाम पर पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग के संचालन में वार्ताकार व्याख्याता 27 तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग केन्द्र (मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय पूर्ववर्ती नाम-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर) में नवीन सत्र 2025-26 हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीसीएस, एनडीए/ सीडीएस, नीट/जेईई, एसएससी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की ऑफलाइन एवं आनलाइन निःशुल्क कक्षाओं के संचालन हेतु वातार्कार/ विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में 27 मई 2025 की सायं 5 बजे तक जमा कर सकते है।

उन्होने यूपीएससी/ यूपीपीसीएस के पाठ्यक्रम हेतु आवेदनकर्ता की अर्हताओं के सम्बन्ध में बताया है कि यूपीएससी/ यूपीपीसीएस मुख्य परीक्षा/साक्षात्कार में अभ्यर्थियों की प्रतिभागिता अनिवार्य है। सम्बन्धित विषय के परास्नातक नेट/ जेआरएफ/ गेट पीएचडी आदि उच्च योग्यताधारी को वरीयता दी जायेगी। नीट/जेईई के लिये बताया गया है कि नीट के लिये सम्बन्धित विषय में एमएससी (प्रथम श्रेणी) अथवा एमबीबीएस तथा जेईई के लिये सम्बन्धित विषय में एमएससी (प्रथम श्रेणी) अथवा एमटेक की डिग्री धारित करने वाले अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में चयनित किये जायेगें।

# विधायक ने सीएम से भेंटकर विकास कार्यों को ले की चर्चा



**प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** सदर विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की।

विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। मौर्य ने जिला स्टेडियम को निष्प्रयोंज्य कृषि भूमि को जोड़कर विस्तार करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने नगर पालिका की गाटा संख्या 2256 के विवाद को समाप्त कर 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण की मांग भी की।

साथ ही विभिन्न डऊफ़सड़कों के लिए धन आवंटन और टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। बैठक में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुल निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को गति देने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने विधायक की सभी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जनहित में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)।** अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कटेहटी गांव निवासी तीस वर्षीय पवन कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय कालीदीन वर्मा बीती मंगलवार की रात बाइक से एक निमंत्रण से घर लौट रहा था। रास्ते में आहरबीहर के पास रात करीब साढ़े दस बजे अज्ञात बाइक से टक्कर हो गयी। जिससे पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। जानकारी होने पर आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी सांगीपुर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने घायल पवन को मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक

**अमेठी, 21 मई (तरुणमित्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, पीने के पानी की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, शौचालय की सुविधा, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइसेज, हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत गर्म भोजन वितरण तथा वजन/ऊंचाई मापने की मशीनों की उपलब्धता की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कुपोषित एवं अति कुपोषित (रेड श्रेणी) बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषाहार की उपलब्धता की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिया कि रेड श्रेणी के बच्चों की नियमित निगरानी की जाए एवं उन्हें समुचित पोषाहार उपलब्ध कराकर हरी श्रेणी में लाने के प्रयास तेज किए जाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जनपद की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक के दौरान डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला ने बताया कि जनपद में चार टीएचआर प्लांट संचालित हैं, जिनके माध्यम से पोषाहार का उत्पादन कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजा जाता है।

जिलाधिकारी ने पोषाहार की गुणवत्ता की जांच हेतु रेंडम सैंपलिंग कराकर परीक्षण कराने के निर्देश दिए। सैम श्रेणी के बच्चों की पहचान की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डीपीओ एवं सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि चिन्हांकन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा ऐसे बच्चों को विशेष पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# समर कैम्प में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने की खूब मौज मस्ती

## बच्चों की गतिविधियों से गर्मी भर गुलजार रहेगी विद्यालय की बगिया

**रायबरेली, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिले के परिषदीय इस बार गर्मियों की छुट्टी में भी गुलजार रहेंगे। बच्चों की मौजमस्ती के लिए प्राईवेट विद्यालयों की तरह ही आज जिले सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारंभ हो गया है।



आज से विद्यालयों में शुरू हुए समर कैम्प में पहली बार बच्चे बिना बस्ते के ही पढ़ने के लिए विद्यालय पहुंचें और तीन घंटे तक खूब मौजमस्ती की। आज विद्यालयों में प्रातः बच्चों का रोली टीका लगाकर वेलकम कॉर्ड देकर स्वागत किया गया। इसके बाद योग के साथ ही साथ आर्ट, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की।

अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में समर कैम्प का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कक्षा आठ की छात्रा हिमांशी के साथ में रिबन काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का टीका लगाकर और गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।

बच्चों के साथ में मौजमस्ती करते हुए बीईओ ने खेल खेला और संगीत भी सुना। छात्रा हिमांशी की तरफ से बनाया गया समर कैम्प के पोस्टर की खूब तारीफ की। बच्चों की मेंहदी देकर बहुत ही प्रसन्न हुई। अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य पढ़ाई के साथ साथ में बच्चों को पारंपरिक लोकनृत्य और कलाओं में पारंगत किया जाए। इसके साथ ही उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी तराशा जाएं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अभिभावक नियमित रूप से तीन घंटे के लिए अपने बच्चों को बिना कागज कलम के विद्यालय में भेजें।

बच्चों को मौसमी फल, खीरा, ग्लूकोज, रसना, बिस्किट, मूंगफली दाना वाली नमकीन भी दी जाएगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शैल कुमारी, रितु चौहान, राम गोपाल, प्रेरणा, मधु, सुनीता, रामेश्वरी, शारिक अनवर, प्रवेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। ब्लॉक के पिण्डारी कला, हिलगी, नेवाजगंज, नरई सहित सभी विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया गया।

रोहनिया ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय धौरहरा में आयोजित समर कैम्प का शुभारंभ बीईओ डॉ. सत्य प्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार व प्रधान माता प्रसाद ने किया। बीईओ ने अभिभावकों को समर कैम्प के बारे में बताया और कहा कि बच्चे अब पूरी तरह से भयमुक्त होकर 20 दिनों तक समर कैम्प का आनंद लेंगे। छात्रा खुशी, कविता, विकास, निखिल, रविंद्र, राधिका और खुशबू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विकास शुक्ला, हंसराज आदि लोग मौजूद रहे।

## टांडा हरचंदपुर में भी आयोजित हुआ समर कैंप

**रायबरेली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा हरचंदपुर में समर कैंप का उद्घाटन बीईओ अश्वनी कुमार गुप्ता ने आज किया। बीईओ ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के तत्पश्चात बच्चों द्वारा मां सरस्वती का गीत के साथ डांस प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर स्टाफ शशि बाला श्रीवास्तव, श्रीमती मंजूलता, श्रीमती रिचा वर्मा, अनूप सिंह, नरेंद्र सिंह, मोहम्मद कासिम की तरफ से बच्चों को योग अभ्यास कराया गया और बच्चों एवं अभिभावकों के साथ मैं बैठक की और समर कैंप के विषय में विस्तार से बताया गया।

# पच्चीस हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में घायल

● चोरी की कई घटनाओं में वांछित चल रहा था बदमाश

हरदोई, 21 मई (तरूणमित्र)। संडीला पुलिस ने कई मुकदमों में वांछित और फरार चल रहे पच्चीस हजार रूपए के इनामी बदमाश को मगलवार की रात मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश के ऊपर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से ऊपर अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस ने एक तमंचा और चोरी की बाइक बरामद की है। प्राप्त विवरण में 20 मई को रोहित कुमार त्रिवेदी पुत्र कमलेश कुमार निवासी कस्बा संडीला द्वारा थाना कासिमपुर पर सूचना दी गयी कि वह अपनी दुकान के कार्य से बाइक से गौसगंज जा रहा था जहां रास्ते में शौच क्रिया के लिए बाइक रोक ली गयी उसी समय एक अज्ञात द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली गयी। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना कासिमपुर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटना के शीघ्र अनवारण एव आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपद में नाकाबंदी की गयी। थाना संडीला के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार, एसएसआई सुनील कुमार मिश्रा और पुलिस बल को बेनीगंज मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो वह बाइक मोडकर संडीला मार्ग की तरफ भागने लगा, राजकीय पॉलटैक्निक के निकट बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी।बाइक सवार व्यक्ति द्वारा स्वयं को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ फायरिंग की गयी, जिसमें शहनूर पुत्र इशहाक निवासी काशीराम कालोनी संडीला मूल पता कस्बा व थाना पिहानी गोली लगने से घायल हो गया। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व एक अदद चोरी की बाइक बरामद की गई। घायल शहनूर पुत्र इशहाक उपरोक्त को उपचार हेतु सीएचसी संडीला ले जाया गया।गिरफ्तार घायल वांछित ने पुलिस को बताया उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद में घरों की रैकी कर चोरी की घटना कारित की गयी थी। जिनके द्वारा दिनांक 05 सितंबर 24 को थाना संडीला क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला अब्बास नगर में एक घर में घुसकर नगदी, आभूषण व लाइसेंसी रिवॉल्वर चोरी की गयी थी।

03 जनवरी को थाना संडीला पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के दौरान अरमान उर्फ सफकत अली पुत्र रहमत अली निवासी कांशीराम कालोनी कस्बा संडीला(मूल निवासी नई बस्ती काकादेव कानपुर नगर), हसरत पुत्र शाबिर निवासी मंडई कस्बा व थाना संडीला, समीर पुत्र सत्तार अली निवासी ग्राम ढकवा थाना कासिमपुर और सोहेल अली पुत्र सत्तार अली निवासी ग्राम ढकवा थाना कासिमपुर को एक रिवाल्वर लाइसेंसी (चोरी की गई) आभूषण (चोरी किये गये) 39,660 की नगदी और तमंचे सहित गिरफ्तार कर न्यायालय अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।गिरफ्तार आरोपी उपरोक्त चोरी की घटना सहित जनपद में घटित विभिन्न चोरियों की घटनाओं में वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में उसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पच्चीस हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी हेतु गैर जमानती वारंटी जारी किया गया था।

# सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



उतरौला (बलरामपुर), 21 मई (तरूणमित्र)। बुधवार को विधायक राम प्रताप वर्मा व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा रैली बरदही बाजार से ज्वाला महारानी मंदिर होते हुए राजा बाजार, गुरुद्वारा गली अलावलपुर, हाटन रोड, गुरुदयाल डीह से सुभाष नगर पुलिस चौकी गली में अन्त तक होते हुए डाकघर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक राम प्रताप वर्मा व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता ने रैली की अगुवाई की। रैली के दौरान देशभक्ति की भावना से लोगों को प्रेरित किया गया।

इस दौरान उन्होंने लोगों को यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधायक ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विधायक ने कहा कि रैली का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है जनता में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना है। कार्यकर्ताओं ने तिरंगे झंडे के साथ मार्च करते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण किया देशभक्ति गीत गाते हुए अपने देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन किया।चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता ने कहा कि तिरंगा रैली हमें देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के महत्व को याद दिलाती है और हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने के लिए प्रेरित करती है। भाजपा नगर अध्यक्ष फणीन्द्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह रैली देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को अपनाने के लिए आम जनमानस प्रेरित करने के लिए किया गया है। इस मौके पर देवानंद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, सीबी माथुर, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, अंकुर गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के विधान सभा प्रभारी शवाब हैदर, कृष्ण कुमार, ददन त्रिपाठी, महेन्द्र प्रताप सिंह, रोहित राज, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कानून व्यवस्था और ऑपरेशन सिंदूर पर बोले, सपा पर किया तीखा प्रहार

हरदोई, 21 मई (तरूणमित्र)। अहिल्याबाई होलकर की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रेसवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश में आज कानून का राज है और अपराध न्यूनतम स्तर पर हैं। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सुरक्षाबलों के पराक्रम की सराहना की और कहा कि हमारा विरोध पाकिस्तान की मानसिकता के खिलाफ है, न कि पाकिस्तान के आम नागरिकों से।



प्रदेश भर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह सैनिकों के सम्मान और मनोबल को बढ़ाने के लिए निकाली जा रही है। देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस को सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले की दुनिया भर में निंदा हुई है और तमाम देश भारत के साथ खड़े नजर आए हैं। समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए चौधरी ने कहा कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उनके परिवार को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह पोस्ट समाजवादी पार्टी के चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रदेश में सपा की सरकार रही—चाहे मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव रहे हों या अखिलेश यादव—तब प्रदेश में अराजकता का माहौल रहता था और अपराधियों का बोलबाला था। हर जिले में अपराधियों का राज चलता था। चौधरी ने कहा कि आज भाजपा सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और जनता अमन-शांति के साथ जीवन जी रही है। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक मौजूद रहे।

# आधा दर्जन पेट्रोल पंपों की हुई जांच

● तीन पेट्रोल पंपों को दिया गया नोटिस

शाहजहांपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अरविन्द कुमार अपर जिलाधिकारी बिव राव, जिलापूर्ति अधिकारी के साथ आधा दर्जन पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें तीन पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्था पाई। जिसके लिए तीन दिन के अंदर अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस जारी किया गया।

नॉर्थ सिटी भारत पेट्रोलियम निकट पुलिस लाइन- पुरुष शौचालय गंदा मिला, महिला शौचालय बंद मिला, स्टॉक बोर्ड अपडेट नहीं पाया, कंप्लेन रजिस्टर, मुफ्त हवा, आदि नहीं पाया गया। नोटिस जारी किया गया।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम सिंधौली-पुरुष महिला शौचालय अत्यधिक गंदा मिला ऐसा प्रतीत हो रहा था कि लंबे समय से शौचालय सफाई नहीं की गई है। शौचालय के लिए साइन बोर्ड नहीं लगा था। स्टॉक बोर्ड भरा हुआ नहीं पाया गया। कंप्लेन रजिस्टर नहीं मिला, मुफ्त हवा, रेडिएटर पानी आदि नहीं मिला।नोटिस जारी किया गया।

देवी पेट्रोलियम भटपुरा चंदू- पुवायां, महिला पुरुष शौचालय गंदा । महिला पुरुष शौचालय अलग अलग लिखा नहीं पाया गया।, मुफ्त हवा, पानी, रेडिएटर पानी, कंप्लेन रजिस्टर आदि नहीं मिला स्टॉक बोर्ड अंकन नहीं पाया गया। नोटिस जारी किया गया।

के पी फिलिंग स्टेशन, नायरा महिला पुरुष शौचालय साफ मिला।

उपरोक्त तीनों पेट्रोल पंपों मार्केटिंग डिसिप्लीन गाइडलाइंस का अनुपालन नहीं किया जा रहा था। ऐसे में उपरोक्त तीनों पेट्रोल पंपों को अपना पक्ष रखने हेतु तीन दिन का समय दिया गया। संतोषजनक उत्तर ना मिलने पर प्रथम बार 10000/ रुपया जुमार्ना और दूसरे बार 25000/ रुपए जुमार्ना आरोपित किया, जाएगा। और तीसरी बार आपूर्ति एवं बिक्री निलंबित कर दी जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पेट्रोल पंपों के स्वामियों की होगी। इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। आए दिन मीडिया, जन शिकायत, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं विभिन्न राजमार्गों पर स्थित पेट्रोल पंपों के महिला पुरुष शौचालय की साफ सफाई , मुफ्त हवा, रेडियेटर पानी, स्वच्छ प्रसाधन आदि की सुविधा संतोषजनक नहीं है। कतिपय शौचालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में में है, कुछ पेट्रोल पंपों में ताला बंद होने की शिकायत भी संज्ञानित हुई है।

# युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

● शराब के नशे में चचेरे भाई को लाठियों से पीटकर उतारा था मौत के घाट

शाहाबाद/ हरदोई, 21 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर में गुरुवार की शाम शराब के नशे में हुई मामूली बातचीत के बाद चचेरे भाई लाठियों से पीटकर हत्या करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 16 मई शुक्रवार को रतन पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई कि अरविन्द पुत्र मटरुलाल, मानसिंह पुत्र भैयालाल निवासी गण ग्राम अब्दुल्ला पुर सहित तीन लोगों द्वारा शराब के नशे में उसके चाचा के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। जिसमें उसके चाचा बडेलाल पुत्र गोकुल घायल हो गए, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस संबंध में मृतक के भतीजे की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।

प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय, अतिरिक्त निरीक्षक शिव गोपाल, उपनिरीक्षक अनिल कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद अरविन्द पुत्र मटरुलाल और मानसिंह पुत्र भैयालाल निवासीगण ग्राम अब्दुल्लापुर को घटना में प्रयुक्त दो अदद लाठी सहित गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों को पिल्स तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# दामाद सहित पांच लोगों पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, 21 मई (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर निवासी दामाद और उसके परिजनों के विरुद्ध विवाहिता के पिता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर जांच शुरू की है।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम करांवा निवासी रामलोटन पुत्र बाबूराम के अनुसार उसने अपनी पुत्री रोशनी का विवाह 15 मई 2023 को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर निवासी रामकुमार के पुत्र राहुल के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था।पुत्री के विवाह में उसने लगभग नौ लाख रुपए खर्च किए थे।लेकिन विवाह के कुछ दिन बाद ही दामाद,दामाद का पिता, मां रामदेवी, भाई अनूप और बहन नीलम उसकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज में शाहाबाद कस्बे वाला मकान और चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।वह पुत्री को कुछ दिन के लिए अपने घर ले आया था।उसके बाद से पुत्री के ससुराल वाले बिना अतिरिक्त दहेज के वापस विदा नहीं करवा रहे हैं।विपक्षी अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके दामाद का दूसरा विवाह करने की धमकी दे रहे हैं।

विवाहिता के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिषदीय विद्यालयों में 10 जून तक समर कैंप का आयोजन

शाहजहांपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। बच्चों में आत्मविश्वास और जीवन कौशल के विकास के उद्देश्य से जनपद के समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा संविलयन विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का शुभारंभ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकास क्षेत्र पुवायां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवां में फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समर कैंप की यह पहल बच्चों को प्राकृतिक परिवेश में सीखने और आत्मविकास का अवसर प्रदान करती है।

# अहिल्याबाई ने अपना जीवन सांस्कृतिक उत्थान के लिए किया समर्पित: भूपेंद्र

हरदोई, 21 मई (तरूणमित्र)। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विरासत के सम्मान कार्यक्रम त्रिशताब्दी स्मृति अभियान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हरदोई पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन भारत के सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अहिल्याबाई के मन- मस्तिष्क में हमेशा भारत बसता था। सही मायने में राष्ट्र क्या होता है, इसकी छवि हमें अहिल्याबाई होल्कर में दिखती है।

नगर के जे.के पब्लिक स्कूल में आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं संचालन सत्येंद्र राजपूत ने किया। संगोष्ठी में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के शासन, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण में उनके प्रभाव, उनके दूरदर्शी नेतृत्व, परोपकार और सांस्कृतिक योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर अपनी प्रतिबद्धता में अडिग रहीं और एक प्रभावी प्रशासक, योद्धा और आर्थिक तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अग्रणी के रूप में ख्याति अर्जित की। उन्होंने आधुनिक समय में व्यापक भारतीयता के लिए काम किया। कहा कि, देवी अहिल्याबाई का जीवन एक सशक्त नारी का जीवन रहा, जिससे सभी छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। वह वीरता, प्रजावत्सलता और दूरदर्शिता की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपनी प्रजा को उद्यमिता, न्याय प्रियता आदि सिखाई जो हम सबके लिए अनुकरणीय है।



कहा कि, अहिल्याबाई ने अपना पूरा जीवन समाज के लोगों की भलाई के लिए व्यतीत कर दिया। अहिल्याबाई ने विधवा महिलाओं के लिए बहुत कार्य किया और इसके तहत उस समय की कानून व्यवस्था में कुछ परिवर्तन भी किये। उस समय मराठा प्रांत में ऐसा कानून था कि अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका कोई पुत्र ना हो तो उस व्यक्ति की संपत्ति उसकी पत्नी को ना मिलकर सरकारी खजाने में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिलाओं को अपने पति की संपत्ति को लेने का हकदार बनाया। कहा कि भाजपा सरकार पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई जैसी भारत की दिव्य विभूतियों के आदर्शों को स्मरण कर जनकल्याण योजनाओं के जरिए महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव समर्पित रही है। भाजपा के मूल में जनसेवा है। संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतवर्ष के आसमान में चमकता वह सितारा है जिनके कार्यों को लोग युगों युगों तक याद रखेंगे। उनके भारतवर्ष को दिए गए योगदान को लोग कभी भी भूल नहीं पाएंगे। अहिल्याबाई होलकर ने समाज हित और देश हित को सर्वोपरि रखा ।

# चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते मिला तो होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

शाहजहांपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) एवं नियमित टीकाकरण की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आम जनता को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति, उसमें आ रही कठिनाइयों एवं समस्याओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चिकित्सकीय सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) की उपस्थिति की स्थिति संतोषजनक न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और डव्बको स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीएचओ की 100: उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी सत्यापन की स्थिति में उसे मिलीभगत मानते हुए कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने तैनाती स्थल पर रात्रि निवास सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई चिकित्सक अपने तैनाती स्थल पर उपस्थित नहीं पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं एवं रात्रिकालीन उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कम प्रगति वाले सीएचसी एवं पीएचसी को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित सुधार सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों, सीएचओ एवं पंचायत सहायकों को बैठक कर कार्ययोजना तैयार करने एवं नियमानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलान की 02 एवं पुवाया की 01 निष्क्रिय आशा कार्यकत्रियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। बैठक के दौरान उन्हानें चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उपकेंद्रों में मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, तथा ओपीडी में प्रतिदिन देखे जा रहे मरीजों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों, इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। आवश्यक औषधियां उपलब्ध रहें और पूछताछ/रिसेप्शन की सुविधा भी सक्रिय हो। प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने सख्त रूख अपनाते हुए निर्देशित किया कि यदि कोई चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पलिया विद्युत उप केंद्र के 70 गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही

हरपालपुर, हरदोई, 21 मई (तारू णामित्र)।विद्युत संविदाकर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते पलिया विद्युत उपकेंद्र के करीब 70 गांव की विधुत सप्लाई बाधित है। अवर अभियंता गंगाराम ने देर रात शहीद स्मारक, महितापुर व चौंसार फीडर की आपूर्ति चालू करवायी। पलिया उपकेंद्र के 26 हजार उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति दिलाने के लिए 24 संविदाकर्मी है। उनमें से छंटनी करके 12कर्मी रखें गये है। 9 लाइन मैन 12 फीडर के लिए रह गये है। बुधवार को संविदा कर्मियों ने पलिया विद्युत उपकेंद्र पर नारेबाजी कर रोष जताया है।

# जन्मदिन पर पेड़ लगाकर मनाने की बढ़ रही परंपरा

सुल्तानपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का नया रूप सामने आया है,जिसमें लोग अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाकर जश्न मना रहे हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मददगार साबित हो रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी फैला रही है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे निरहू तिवारी सोरांव निवासी सुरभि शुक्ला ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा, पेड़ जल संचयन में मदद करते हैं और जल चक्र को संतुलित बनाए रखते हैं। जन्मदिन पर पौधे लगाकर हम न सिर्फ पृथ्वी को कुछ वापस दे सकते हैं, बल्कि इस दिन को और खास भी बना सकते हैं। पूरे इच्छा मिश्र निवासी शिक्षक राकेश कुमार शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, जन्मदिन पर पेड़ लगाना एक अद्भुत और अर्थपूर्ण विचार है। यह प्रकृति के प्रति हमारा उत्तरदायित्व निभाने का एक सुंदर माध्यम है। इस अभियान को सहाई एस.पी. सेवा संस्थान के संविधान जागरूकता मंच द्वारा जन्मदिन मनाओ, पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ थीम के तहत चलाया जा रहा है। संस्थान के सदस्य पवन कुमार ने भी अपने जन्मदिन पर नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान ऐसे सभी लोगों को पौधे उपलब्ध कराकर इस अभियान को गति दे रहा है। संस्थान के सहयोगी जग ध्यान यादव, बब्बन वर्मा, राम बरन प्रजापति, राजदेव यादव, धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, नंदलाल वर्मा, राजेश कुमार साहू, धनंजय चौहान आदि ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभियान को समर्थन दिया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जग जीवन रावत, सृष्टि, तृप्ति, नैतिक, अभिनव, वंश और श्रवण कुमार रावत ने अपने योगदान से इस पहल को और मजबूत किया।



# सीनियर सिटीजन सोसायटी ने किया महिला प्रकोष्ठ का विस्तार

शाहजहांपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सीनियर सिटिजन सोसायटी महिला प्रकोष्ठ की बैठक नगर निगम सभागार में प्रकोष्ठ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीनू मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।



बैठक में निम्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई जिसमें पहलगाम में आतंकियों के द्वारा धर्म पूछ कर 26 निर्दोष लोगों की हत्या की गई जिसका घोर निंदा की गई तथा महिलाओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए नंबर दो वरिष्ठ नागरिक वरिष्ठ महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की तथा कहा हमें अपनी सैन्य ताकत पर गर्व है जिसने पाकिस्तान को हर साजिश को नाकाम कर दिया तथा उसकी मुंहतोड़ जवाब भी दिया जिस तरह से स्वर्ण मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया गया।

बैठक में महिलाओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर वायोशिका सिंह पर अभद्र टिप्पणी करने वालों एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए अन्यथा महिलाएं उनके पुत्रों को जूते से कुचलकर आग के हवाले कर देगी। बैठक में जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने निम्न महिलाओं को पद की घोषणा की तथा उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए जिसमें गायत्री दीक्षित महानगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ममता सिंह महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, गीता पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विजयलक्ष्मी दीक्षित मंत्री, मंजू पांडे मंत्री, मधुलिका गोयल जिला मंत्री, अर्चना मेहरोत्रा जिला संगठन मंत्री, रमन गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, नीलम मिश्रा जिला मंत्री शामिल हैं। बैठक में उमेश चंद्र पाठक सत्य प्रकाश तिवारी राजेश शुक्ला डॉक्टर रानी त्रिपाठी गायत्री दीक्षित जगत नारायण अवस्थी गीता पांडे मधुलिका गोयल मीनू मिश्रा ममता सिंह मीना कुमारी नीलम मिश्रा रमन गुप्ता मंजू रानी पांडे अर्चना मेहरोत्रा सरोज गुप्ता चंदा मेहरोत्रा बृजरानी पांडे राधा देवी तिवारी विजयलक्ष्मी दीक्षित सुशीला देवी वर्मा रामवती दीक्षित मुकुल गोयलसत्यदेव कश्यप मोहम्मद शाहिद खान मनित मेहरोत्रा पशुपतिनाथ उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# आईटीआई प्रवेश को पोस्टर का विधायक ने किया विमोचन

शाहजहांपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। राजकीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के द्वारा राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रक्रिया का आज पोस्टर विमोचन ददरौल विधानसभा के युवा विधायक अरविंद सिंह ने किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र सहित जनपद के समक्ष छात्रों से शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर भी अपना रुख बढ़ाने के लिए कहा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से व्यवसायिक प्रशिक्षण राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

आज अरविंद सिंह ददरौल विधायक के द्वारा परिषद के बैनर, पोस्टर को समस्त जनमानस के समक्ष प्रस्तुत कर अधिक से अधिक पात्र इच्छुक युवाओं से प्रवेश हेतु आवेदन करने का आवाहन किया गया। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रौजा के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह, कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने भी सभी से अपने बच्चों को आईटीआई में प्रवेश हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अपील की। इस मौके पर हरजीत सिंह चैहान, अरविंद मिश्रा, आदि ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम मे विवेक मिश्रा, पवन तिवारी, विनोद, अखिलेश वर्मा, महेश गौतम, रामकिशोर सक्सेना, आरेंदर सिंह, राजीव पाण्डेय, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रामसरन, मनोज वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय : नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

पत्रांक-99/न.पा.परि.आं./2025-26 दिनॉक:-21.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा नगर पालिका परिषद आंवला/पब्लिक सेक्टर/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि निकाय को रा.वि.आ. द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई- टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 11.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक 22.05. 2025 से 11.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी | निविदा मूल्य जी.एस.टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी चौराहा सौन्दर्यीकरण निरामया हॉस्पिटल के सामने कार्य वार्ड सं.-11 | 2032847 | 40700 | 2100+378 | 3 माह |

अधिक जानकारी के लिए वैबसाईट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**आंवला (बरेली)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**आंवला (बरेली)**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 22 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- दशमी

# कांग्रेस का दलित कार्ड

बिहार में चुनाव का समय जैसे -जैसे नजदीक आ रहा है, सभी दल एक दूसरे के मुद्दों की काट ढूंढने में लगे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी राज्य में दलित राजनीति के ब्रांड एम्बेसेडर बनने के प्रयास में हैं तो एनडीए रणनीति के तहत दलित राजनीति के बिहार में सर्वाधिक विश्वसनीय चेहरे स्व. रामविलास पासवान के बेटे चिराग को अपनी तरह से खुलकर खेलने का अवसर देने के मूड में हैं। इधर पहले बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बिहार चुनाव के मद्देनजर अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में वापस लेकर दो नंबर का ओहदा दिया और उसके बाद बिहार चुनाव में अकेले उतरने की घोषणा कर दी। इन खबरों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के दलित वोटों में सेंध लगाने के प्रयासों की सर्वाधिक चर्चा है। राज्य में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस में एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही है और इसकी वजह राहुल गांधी ही हैं। राहुल गांधी ने बीते कुछ महीनों में बिहार की पाँच यात्राएँ की हैं और लगातार दलित वोट को साधने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने कन्हैया कुमार को कांग्रेस के युवा चेहरे के रूप में बिहार में नये सिरे से लांच किया है। हाल के समय में राहुल गांधी का कभी पटना के दलित छात्रावास में रुकना, तो कभी पिछड़े वर्ग के मुद्दों पर संवाद जैसी तमाम कोशिशों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस इस बार सिर्फ गठबंधन पर निर्भर नहीं रहना चाहती, बल्कि अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान गढ़ने के प्रयास में है। वैसे भी एक दौर में बिहार की राजनीति में कांग्रेस की स्थिति बेहद मजबूत हुआ करती थी। उस वक्त राज्य की सत्ता में कांग्रेस का एकछत्र राज था, लेकिन मंडल युग की शुरूआत और क्षेत्रीय दलों के उभार ने कांग्रेस को धीरे-धीरे हाशिये पर ला दिया। इन्हीं सब कारणों के चलते 1990 में कांग्रेस को राज्य में मिलने वाला करीब 25% वोट 2020 तक यह घटकर महज 9% रह गया। यह गिरावट केवल चुनावी आंकड़ों में ही नहीं, बल्कि जनमानस में पार्टी की कमजोर होती पकड़ में भी झलकती है। बिहार में कांग्रेस की दुर्दशा का एक बड़ा कारण राज्य में पार्टी में बड़े चेहरे और नेतृत्व की कमी है। कांग्रेस में पिछले कई सालों से कोई बड़ा चेहरा नजर नहीं आया जिस पर जनता विश्वास करती हो। इसके साथ ही दूसरा कारण राष्ट्रीय जनता दल के साथ बना गठबंधन भी रहा है। आज जब कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है, राहुल गांधी बिहार में दलित और अति पिछड़ा वर्ग को फिर से साधने की कवायद में जुटे हैं। हाल के महीनों में राहुल की बार-बार बिहार यात्राएं इन सबके माध्यम से कांग्रेस ने एक संदेश देने की कोशिश की है कि अब पार्टी दलित वोट बैंक को गंभीरता से ले रही है। यदि कांग्रेस दलित वर्गों के बीच एक विकल्प के रूप में उभरती है, तो यह बिहार ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में भी पार्टी के लिए संजीवनी बूटी की तरह काम कर सकती है। हालांकि कांग्रेस की यह नई रणनीति सहयोगी दल राजद के साथ तनाव को भी जन्म दे सकती है। दोनों ही दल अब दलित वोट बैंक को अपने-अपने तरीके से लुभाने में जुटे हैं, जिससे वोटों के बिखराव का खतरा भी बढ़ता है। 2025 के विधानसभा चुनाव में जब राज्य की लगभग 19% दलित आबादी निर्णायक भूमिका में होगी, तब यह साफ होगा कि कांग्रेस की यह कवायद रंग लाई या नहीं।

## 'देशभक्ति बिक रही!'



प्रियंका सौरभ

बाहर से हमला हो तो खून खौले,
यहाँ तो घर के भीतर चाकू चले।
सैनिक सरहद पे जान दे आया,
पीछे से कोई फाइलों में देश बेच आया।
वर्दी में जो था, वो नक़्शा लीक कर गया,
जो बेरोजगार था, वो लिंक पर क्लिक कर गया।
चंद रुपयों में 'माँ' का आँचल गिरवी रख दिया,
वो सोचता रहा—'बस एक फोटो ही तो भेजा है!'
हमारी शिक्षा ने पाठ तो बहुत पढ़ाए,
पर राष्ट्रभक्ति कहाँ पढ़ाई, बताओ भाई?
मोबाइल हाथ में दिया, मनोबल नहीं,
डिग्री दी, लेकिन विवेक नहीं।
सोशल मीडिया का मोह जाल है गहरा,
फर्ज-और फरेब में फर्क नहीं दिखता चेहरा।
'हनी ट्रैप' में पड़े लड़के कहते हैं,
'वो तो बस प्यार था, देश का क्या कसूर था?'
जो ट्रेन की पटरियाँ देख रहा था,
वो दुश्मन की आँखें बन बैठा।
जो स्कूल में पढ़ा रहा था,
वो व्हाट्सऐप पर नक़्शा भेज बैठा।
ये कैसा दौर है, जहाँ
देशभक्ति बिक रही है डिजिटल डिस्काउंट में,
और सुरक्षा नीतियाँ वायरल हो रही हैं
टेलीग्राम अकाउंट में!

## सूडोकु नवताल- 7437

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7436 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट



अतुल गोयल

**मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है।**

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस



जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है।

यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है।

इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता।

आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है।

हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय के साथ मनाया जा रहा है। पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है।

परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे।

माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। ये पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# प्रकृति का उपहार है जैव विविधता



बाल मुकुन्द ओझा

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों की समझ और जागरूकता विकसित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। हमारा जीवमंडल बहुत सारी विविधताओं से बना है। जैव विविधता दो शब्दों से मिलकर बनी है। जैव का अर्थ है जीवन और विविधता का अर्थ है अनेकता। किसी विशेष आवास में जीवन की संख्या और विभिन्न प्रकार के जीवन रूपों (पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव) को जैव विविधता कहा जाता है। जैव विविधता को बनाये रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है की हम अपनी धरती के पर्यावरण को बनाये रखे।

जैव विविधता का संबंध मुख्य रूप से अलग अलग तरह के पेड़ पौधों और पशु पक्षियों का धरती पर एक साथ अपने अस्तित्व को बनाये रखने से है। लाखों विशिष्ट जैविक की कई प्रजातियों के रूप में पृथ्वी पर जीवन उपस्थित है और हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां इन सभी का संरक्षण जरुरी है क्योंकि ये सभी हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण है। भारत में संसार का 2.4 प्रतिशत भू-भाग है जिसके 7 से 8 प्रतिशत भू-भाग पर भिन्न प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रजातियों में भारत स्तनधारियों में 7वें, पक्षियों में 9वें और सरीसृप में 5वें स्थान पर है। विश्व के 11 प्रतिशत के मुकाबले भारत में 44 प्रतिशत भू-भाग पर फसलें बोई जाती हैं। भारत के 23॰39 प्रतिशत भू-भाग पर पेड़ और जंगल फैले हुए हैं। दुनियाभर की 34 चिह्नित जगहों में से भारत में जैवविविधता के तीन हॉटस्पॉट हैं। जैसे हिमालय, भारत बर्मा, श्रीलंका और पश्चिमी घाट। यह वनस्पति और जीव जंतुओं के मामले में बहुत समृद्ध है और जैव विविधता के संरक्षण का कार्य करता है। पर्यावरण के अहम मुद्दों में से आज जैव विविधता का संरक्षण एक अहम मुद्दा है। जैविक विविधता के संवर्धन और उसके संरक्षण की बड़ी चुनौती है साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों से लोगों की जरूरतों को भी पूरा करना होता है।

जैव विविधता के ह्रास से प्रायः परितंत्र की उत्पादकता कम हो जाती हैए जिसके कारण विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं को प्रदान करने संबंधी उनकी क्षमता भी कम हो जाती है। जिनका हम लगातार उपभोग करते हैं। इससे परितंत्र में अस्थिरता आती है और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ए सूखा और तूफान एवं मानव जनित दबावों जैसे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है।

वातावरण में तीव्र गति से होते नकारात्मक बदलाव के कारण बहुत से पेड़-पौधे और पशु-पक्षी विलुप्त हो चुके है जिससे जैव विविधता को बनाये रखने के स्तर में भी काफी गिरावट आई है। इसलिए यह जरुरी हो जाता है की मानव के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए और अपने वातावरण की शुद्धता के लिए इन नकारात्मक बदलावों को काबू किया जाये। जैव-विविधता से हमारे रोजमर्रा की जरूरतों यथा रोटी, कपड़ा, मकान, ईंधन, औषधियों आदि आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में भी सहायक होती है। पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक स्थिरता, फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ तपन, बाढ़, सूखा, भूमि क्षरण आदि से बचाव के लिए जैव-विविधता संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

वर्तमान में मनुष्य का तकनीक की तरफ इतना ज्यादा झुकाव हो गया है वह इसके दुष्परिणाम को भी नहीं समझना चाहता। मानव के लिए यह सही समय है कि वह इस संकट को गंभीरता से ले और वातावरण को शुद्ध बनाने का संकल्प ले। साफ सुथरा वातावरण ही समृद्ध जैव विविधता को बढ़ावा दे सकता है। हर एक वनस्पति तथा जीव को रहने योग्य बनाने में अलग-अलग उद्देश्य है। इसलिए हमें अपने वातावरण की शुद्धता को उच्च स्तर तक पहुँचाना है तो जैव विविधता के संतुलन को बनाये रखने पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। जिससे मानव जाति को जीवनयापन में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# 'इन्फ्लुएंसर, जागो! जिम्मेदारी भी वायरल हो'



डॉ. सत्यवान सौरभ

आज सोशल मीडिया पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव समाज और राजनीति पर तेजी से बढ़ रहा है। वे बिना किसी जवाबदेही के जनमत को प्रभावित करते हैं, विशेष रूप से चुनावों में। पारंपरिक मीडिया के विपरीत, इनके लिए कोई स्पष्ट आचार संहिता नहीं है। ऐसे में लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इन पर भी निगरानी और जवाबदेही तय हो।

चुनाव आयोग और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि जनमत निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राजनैतिक विमर्श का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे सामाजिक और राजनैतिक मामलों पर भी जनता की सोच को दिशा देने लगे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या इन इन्फ्लुएंसर्स की कोई नैतिक या कानूनी जवाबदेही होनी चाहिए?

क्या उन्हें भी निष्पक्षता का पालन करना चाहिए जैसे पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है? सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वे लोग हैं जिनके पास हजारों या लाखों की संख्या में अनुयायी होते हैं। उनके विचार, प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं और टिप्पणियां लोगों को प्रभावित करती हैं। कई ब्रांड्स और कंपनियां इन्हीं इन्फ्लुएंसर्स की सहायता से अपने उत्पादों का प्रचार करती हैं। अब यह प्रभाव केवल आर्थिक नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी गहराई से प्रवेश कर चुका है।

2024 के लोकसभा चुनावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में यह स्पष्ट देखने को मिला कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स किस प्रकार राजनैतिक दलों के लिए प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। वे सीधे तौर पर किसी पार्टी विशेष के समर्थन या विरोध में पोस्ट साझा करते हैं, वीडियो बनाते हैं या लाइव डिबेट करते हैं। इनमें से अधिकतर पोस्ट्स में प्रचार सामग्री होती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं होता कि वह 'पेड' है या नहीं। पारंपरिक मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी के लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन है, लेकिन सोशल मीडिया की इस नई दुनिया पर यह नियंत्रण नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट्स ने भी समय-समय पर सोशल मीडिया पर गलत सूचना, नफरत फैलाने वाले भाषण और चुनावी प्रचार की निगरानी को लेकर चिंता व्यक्त की है। तकनीक ने भले ही लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी हो, लेकिन जब यह स्वतंत्रता बिना किसी जिम्मेदारी के प्रयोग की जाती है, तो वह लोकतंत्र को कमजोर करने लगती है। आज हर कोई पत्रकार बन सकता है- एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के जरिए।

ऐसे में पत्रकारिता और इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका में एक महीन सी रेखा रह गई है, जिसे स्पष्ट रूप से चिन्हित करना आवश्यक है। पत्रकारों के लिए आचार संहिता है, प्रेस काउंसिल है, समाचार संगठनों की जवाबदेही है। लेकिन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐसा कोई तंत्र मौजूद नहीं है। यहां पर दो बातें अहम हैं झ एक, इन्फ्लुएंसर्स की स्वतंत्रता और दूसरा, उनकी जिम्मेदारी। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि वे किसी भी तरह की जानकारी या विचार को बिना तथ्यों की जांच के फैलाएं। यदि वे किसी राजनैतिक विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं या किसी विशेष पार्टी के पक्ष में जनमत को प्रभावित कर रहे हैं, तो यह जरूरी है कि वे इसे पारदर्शी ढंग से करें और यह स्पष्ट हो कि वे किसी एजेंडे के तहत कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इन्फ्लुएंसर्स की पोस्ट या वीडियो को पेड प्रमोशन मानते हुए चुनाव आयोग को भी इसके लिए स्पष्ट नियम बनाने चाहिए। जिस तरह टीवी और अखबार में विज्ञापन के लिए शुल्क का निर्धारण होता है और उसकी घोषणा अनिवार्य होती है, उसी प्रकार सोशल मीडिया पर भी प्रचार पोस्ट्स की निगरानी होनी चाहिए। आखिरकार, लोकतंत्र की ताकत उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता में निहित होती है। अगर कोई भी माध्यम- चाहे वह पारंपरिक मीडिया हो या सोशल मीडिया झ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करता है, तो इससे जनमत प्रभावित होता है और लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होती हैं।

दूसरी ओर, बहुत से इन्फ्लुएंसर्स यह तर्क दे सकते हैं कि वे स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें किसी भी विचार को समर्थन देने का अधिकार है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है, लेकिन जब कोई व्यक्ति या समूह अपने विचारों के जरिए लाखों लोगों की राय को प्रभावित कर रहा हो, तब उसकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। इन्फ्लुएंसर्स को यह समझना चाहिए कि उनकी बातों का असर केवल मनोरंजन या सौंदर्य उत्पादों के प्रचार तक नहीं है, बल्कि वे सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस प्रभाव के साथ उन्हें जवाबदेही भी स्वीकार करनी चाहिए।

यह समय है जब सरकार, चुनाव आयोग, और समाज इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी अपने यूजर्स की गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए और पेड प्रचार को चिन्हित करने के लिए तकनीकी व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही, एक ऐसी रूपरेखा बनाई जाए जो इन्फ्लुएंसर्स को आचार संहिता के दायरे में लाए और उन्हें भी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता के लिए बाध्य करे।

समय की मांग है कि हम केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात न करें, बल्कि उसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही को भी उतना ही महत्व दें। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह अनिवार्य है कि हर मंच, हर माध्यम और हर आवाज निष्पक्ष, जिम्मेदार और सत्यनिष्ठ हो- फिर चाहे वह अखबार का संपादकीय हो, टीवी का डिबेट हो या इंस्टाग्राम की कोई पोस्ट।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## घर के भेदी

ये कौन लोग हैं जो मुल्क बेच आते हैं,
चंद सिक्कों में जमीर सरेआम ले जाते हैं।
न बम चले, न बारूद की जरूरत पड़ी,
अब तो दुश्मन को बस एक चैट भा जाती है।
जिसे पढ़ाया था कल देशभक्ति के पाठ,
वो ही फाइलें अब व्हाट्सऐप पे दिखा जाती है।
हमने ही अपने घर में दी थीं दीवारें,
अब उन्हीं से दरारें हर रोज बढ़ जाती हैं।
कभी मजदूर, कभी छात्र, कभी गार्ड बना,
ये 'भेदी' हर वेश बदलकर चला आता है।
हमें यकीन था अपनों पे, उसी ने तोड़ा,
अब हर पहचान, हर रिश्ता डर सा दिला जाता है।
देश की पीठ पे जो वार करते हैं छुपके,
वो फेसबुक पर 'देशभक्त' कहलाते हैं।
नए जमाने की ये कैसी तालीम है साहब,
कि इम्तिहान में ईमान गिरवी रख आते हैं।
अब वर्दी भी सुरक्षित नहीं उस भीड़ से,
जो अपनी भूख में सरहद तक बेच आती है।
जरा पूछो उन माँओं से, जिनके बेटे नहीं लौटे,
जब जासूसी की खबर, गली में गूँज जाती है।

\- डॉ सत्यवान सौरभ

## आज का राशिफल

**मेष** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। घरेलू वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। टीका-टिप्पणी बचें।

**मिथुन** : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा।

**कर्क** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्कूचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कन्या** : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

**तुला** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**धनु** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**मकर** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मीन** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग की परेशानियां पैदा करेगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएम ने की राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

## संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के दिए निर्देश

## जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार कार्य करें लेखपाल : डीएम

**बरेली, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्व विभाग से सम्बंधित सीएम डैशबोर्ड में सी, डी एवं ई श्रेणी वाले विभागों की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान पाया गया कि उद्योग विभाग की मार्च में ई रैंक थी, अप्रैल में सुधार होकर डी रैंक हो गयी और वर्तमान में सी रैंक है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि इस माह की रैंकिंग बी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मार्च व अप्रैल दोनों माह रैंकिंग डी है।

आबकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस माह की रैंकिंग ए लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है। बैठक में बांट/माप की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ए रैंक प्राप्त हुई है। बैठक में गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए पाया कि गेहूं खरीद विगत माह डी रैंक में था, सी में जाने की उम्मीद है। जिस पर जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तीन वर्ष व पांच वर्ष से अधिक जो भी वाद लम्बित हैं उनकी समीक्षा सीधे मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जाती है।



जिस पर उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी वाद लम्बित हैं उनका अति शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में पाया कि धारा 24 व धारा 116 के अधिक वाद लम्बित हैं, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद की समस्त तहसीलों में लेखपाल को यह संदेश अवश्य दिए जाए कि वह जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार ही कार्य करें। समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदारों को निर्देश दिये कि अपनी-अपनी कोर्ट में अवश्य बैठें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक की मौत

**पीलीभीत, 21 मई (तरुणमित्र)।** बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची थाना न्यूरिया और कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाए। इस भीषण हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। हादसा थाना न्यूरिया क्षेत्र के नए बाईपास पर मंगलवार रात साढ़े 11 बजे हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से न्यूरिया की ओर जा रहे एक ही बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह, थाना प्रभारी न्यूरिया सुभाष मावी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को आनन फानन में जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां दो लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे युवक ने उपचार के दौरान 1 घंटे बाद दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिठोरा खुर्द निवासी अरविन्द पुत्र चेतराम, बरेली जिले के नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगेरा निवासी राजकुमार पुत्र मूलचंद, थाना बरखेड़ा क्षेत्र के कस्बा निवासी पवन पुत्र की नंदलाल के रूप में हुई। थाना प्रभारी न्यूरिया ने बताया कि तीनों शव के पंचायत राम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने सीडीओ का किया स्वागत



**बरेली, 21 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज अधिकारी संघ के प्रांतीय मंत्रीय/जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, महामंत्री करन सिंह ने नवागत मुख्य विकास अधिकारी देवयानी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर शिष्टाचार मुलाकात की। जितेंद्र गंगवार ने बताया कि सीडीओ ने सभी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने को कहा।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से निस्तारण करें। जब ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों की समस्याएं निस्तारित हो जायेगी। तो उनकी समस्या जिला स्तर पर नहीं आएगी। पंचायत सहायक समय से पंचायत सचिवालय पर बैठें। ग्राम सचिव रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन पर बैठने सुनिश्चित करें। छुट्टा गौवंश को गौशाला में संरक्षित कराएं। हरा चारा, भूसा आदि का गौशाला में भंडारण होना चाहिए। समूह शेड में महिलाओं की बैठक होनी चाहिए। उन्हें समूहों को हैंड ओवर किया जाए। इस दौरान डीपीआरओ कमल किशोर भी मौजूद रहे।

## योग शिविर का आयोजन

**फिरोजाबाद, 21 मई (तरूणमित्र)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति द्वारा निशुल्क एक महीने का योगा शिविर का आयोजन राजेंद्र विश्राम गृह में किया जा रहा है यह शिविर २० मई २०२५ से २१ जून २०२५ तक प्रातः 6 बजे7 बजे तक आयोजित किया जायेगा ग्रुप की अध्यक्षा प्राची अग्रवाल ने कहा करें योग रहे निरोग। हमारे प्राचीन भारतीय संस्कृति की विरासत है, योग । प्रतिदिन योगा हमारे शरीर को निरोग रखता है। इसलिए हमें अपने जीवन में योग को दैनिक दिनचर्या में अपनाना चाहिए इस योगा शिविर की संयोजिका एकता मित्तल हैं, योगा गुरू राजमाला ने प्राणायाम अनुलोम विलोम और अन्य कई तरह के आसन कराकर मेडिटेशन भी करवाया। ग्रुप की संस्थापक अध्यक्ष वीना, पूर्व अध्यक्ष पूनम , रीन, दीपा, गौरी बंसल, सरिता, राधिका, काजल ग्रुप के सदस्यों के साथ साथ अन्य सदस्यों ने भी योग प्रशिक्षण में भाग लिया।

# कोई भी कर्मचारी अपना फोन बंद नहीं करेगा, लोगों के फोन अवश्य उठायें -डीएम

**फिरोजाबाद, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में बिजली कर्मियों के घोषित हड़ताल के निराकरण हेतु बिजली कार्मिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विशु राजा के साथ मुख्य अभियंता जीवन प्रकाश, अधिशासी अभियंता मागेन्द्र कुमार, संजय कुमार के साथ-साथ विद्युत विभाग के समस्त ए0ई एवं जे0ई0 मौजूद रहे

जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वहां उपस्थित विद्युत कर्मियो से बात करते हुए कहा कि हड़ताल किसी समस्या का समाधान नही है, अगर आपकी की कोई उचित मांग है, तो उसको विधिक रूप से शासन के समक्ष रखें शासन इस पर अवश्य विचार करेगा।



सरकार कभी भी अपने कर्मचारियों का अहित नही चाहती, सरकार के निर्णय सदैव कर्मचारियो के हित मे होते है। आज वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो, सभी विकसित एवं विकासशील देश निजीकरण की पद्धति को अपना रहें है, क्योंकि इससे गुणवत्ता और तकनीकी का समावेश होता है, जिससे उत्पादन और क्षमता में वृद्धि होती है, उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपना फोन बंद नही करेगा। लोगों के फोन आप सब अवश्य उठायें जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो। अराजकता न फैलाऐं अन्यथा कठोर कार्यवाही होगी, बिजली आमजन के जीवन से जुडी है।

इसके प्रभावित होने से लोगों का जीवन प्रभावित होगा, इसलिए कोई भी कर्मचारी या अधिकारी अपने काम से विरत नही रहेगा, किसी भी आधार पर व्यवस्था को खराब करने का प्रयास नही करेगा, गर्मी के समय में लोग परेशान है, आपकी हड़ताल लोगों को और परेशान करेगी, यहां उपस्थित समस्त एक्स0ई0एन0 अपने कर्मचारियों को समझायें, आप अनावश्यक रूप से किसी भ्रम का शिकार न बने, इमरजेन्सी सर्विसेज मे हडताल पूरी तरह से मना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अगर आप समस्या को समाधान की तरफ ले जाऐगें तो नतीजे जल्दी निकलकर सामने आ जायेंगे, उन्होने सख्त शब्दों मे कहा कि आपकी वजह से कोई दुर्घटना हुई तो आप पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसलिए हड़ताल से दूरी बनाकर रखें, क्योंकि विद्युत, विकास की जीवन रेखा है, इसमें किसी प्रकार का व्यवधान आया तो इससे विकास प्रभावित होगा जो किसी भी तरीके से अक्षम्य माना जाएगा।इस दौरान वहां उपस्थित विद्युत कर्मचारियों के नेताओं राहुल, रंजीत, दिनेश, मोहित इत्यादि से जिलाधिकारी ने बात की और उन्होने सरकार द्वारा इसके सम्बन्ध में जारी गाइडलाइन्स को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आदेश दिया।

# चेयरपर्सन फात्मा रजा ने किया सीसी सड़क का शिलान्यास

**बदायूं, 21 मई (तरुणमित्र)।** बुधवार को चेयरपर्सन फात्मा रजा ने शहर के मोहल्ला चाहमीर में सीसी सड़क व नाली निर्माण का ईट लगाकर विधि विधान के साथ शिलान्यास किया। चेयरपर्सन फात्मा रजा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास की गंगा प्रवाहित की जा रही है। जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

नगर के प्रत्येक दरवाजे तक सीसी रोड पहुंचाने के लक्ष्य के साथ नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मोहल्ला चाहमीर में सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य होगा।

उन्होंने ने कहा कि पालिका बोर्ड का संकल्प है कि नगर की कोई भी खराब सड़क नहीं रहने दी जाएगी। नगर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिका बोर्ड और जनता के सहयोग से नगर को सर्वाधिक विकसित, स्वच्छ और सुन्दर नगर बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने नगरवासियों से सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

# सफाई कर्मचारी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**बिजनौर, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड नजीबाबाद के ग्राम भागूवाला एवं ग्राम पंचायत मोहम्मद अमीखानपुर के ग्राम मेदूवाला में आयोजित ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया ग्राम मेदूवाला मे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय ग्रामवासियों की समस्याओं का उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। चौपाल में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, प्रशिक्षशु आईएएस कुणाल रस्तोगी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद,



जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी अजय कुमार, डीसी मनरेगा आर बी यादव एव एनआरएलएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण बंधु मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने ग्राम की महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और समय समय पर मिड डे मिल की क्वालिटी का चेकअप भी करें ताकि बच्चों को मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्राप्त हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि अपने शिशुओं और गर्भवती महिला को आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत कराएं ताकि वहां उनका नियमित स्वास्थ्य चैक अप, समय पूर्वक टीकाकरण और पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी आवाहन किया की सभी ग्रामवासी एवं महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल के बाद ग्राम में स्थापित लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए भेजें और उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें ताकि उनके उज्जवल भविष्य की राह हमवार हो सके। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिला ग्रुप लीडर तथा सफाई कर्मचारी को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण



**बरेली, 21 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को डीआईजी ने रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउण्ड पर आयोजित परेड की सलामी ली। परेड के उपरांत उन्होंने वार्षिक निरीक्षण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई, तत्पश्चात शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों की रख-रखाव, साफ-सफाई एवं अभिलेखों की व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसी क्रम में एमटी शाखा (मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा), फील्ड यूनिट, एवं घुड़साल का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती के आगामी प्रशिक्षण की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए बैरकों, शौचालयों, मैस, कक्षाओं आदि मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुविधाओं की गुणवत्ता एवं अभ्यर्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत पुलिस उप महानिरीक्षक के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं एवं अन्य प्रशासनिक इकाइयों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई एवं सुधारात्मक सुझाव दिये गए। निरीक्षण के पश्चात डीआईजी द्वारा पुलिस पेंशनर्स के साथ एक संवादात्मक बैठक कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना गया एवं संबंधितों को समाधान हेतु निर्देश दिए गए।

# स्वर्णिमा सिंह और अक्षय बने मिस और मिस्टर फेयरवेल

**बरेली, 21 मई (तरूणमित्र)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों द्वारा सेकेंड ईयर के छात्रों के लिये भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संतोष अरोरा ने की। साथ ही प्रोफेसर सुधीर वर्मा, डॉ प्रतिभा सागर, डॉ तरुण राष्ट्रीय, डॉ प्रेम पाल सिंह, डॉ कीर्ति, डॉ रामबाबू सिंह, डॉ मीनाक्षी द्विवेदी, डॉ रश्मि रंजन एवं विभाग के शोधार्थी शिवी, शबिया, अनुराधा, सना, आकाश, सत्येंद्र, जगदीश, सत्य प्रकाश आदि जे. आर. एफ. की उपास्थिति रही।



कार्यक्रम की शुरूवात 'मां' सरस्वती वंदना से हुई जिसके बाद सौरभ चौरसिया द्वारा प्रस्तुत गजल व हास्य कविता एवं आयुषी द्वारा मनमोहक डांस ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन श्रुति वर्मा व सौरभ ने किया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संतोष अरोरा मैम ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिये मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जीवन में आत्मविश्वास और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़े, सफलता निश्चित मिलेगी।

फेयरवेल में अनेक खेल व मनोरंजक गतिविधियाँ हुई। मिस्टर फेयरवेल का खिताब अक्षय और मिस फेयरवेल का खिताब स्वर्णिमा सिंह को प्रदान किया गया। आयोजन की संपूर्ण रूप रेखा फर्स्टईयर के विद्यार्थियो श्रेय रस्तोगी, श्रुति, अंशु कुमार, सौरभ चौरसिया, अमरजीत सौरभ सिंह, आकांक्षा व आरती आदि ने मिलकर बनाई।

## सरकारी ट्रामा सेंटर में मोबाइल की रोशनी में रोगियों के उपचार का वीडियो वायरल

**फिरोजाबाद, 21 मई (तरूणमित्र)।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होने के भले ही दावे करती रहे इसके अलावा सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को सुद्रण बनाने के लिये कितने ही निर्देश जारी करती रहे लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था में कोई सुधार नही होता दिख रहा है जनपद के सरकारी ट्रामा सेंटर में मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे बिजली गुल होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को सरकारी ट्रामा सेंटर में मोबाइल की रोशनी में रोगियों का उपचार करते हुए देखा गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की सारी कलई खोल दी।मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे सरकारी ट्रामा सेंटर की बिजली गुल हो गयी, हैरानी की बात यह है, कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर जैनरेटर और इन्वर्टर भी काम नही कर रहा था।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक में हुआ समस्याओं का निस्तारण

**बदायूं, 21 मई (तरुणमित्र)।** जिला सैनिक बन्धु की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिक पत्नियों की समस्याओं व सुझाओं को सुना गया। बैठक में 04 भूतपूर्व सैनिकों व दिवंगत सैनिक पत्नियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके निस्तारण हेतु आवश्यक कायार्वाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में सभी की समस्याओं को सुनकर उनपर विमर्श किया गया। भूतपूर्व सैनिकों ने गृह जनपद में शस्त्र लाइसेंस दर्ज कराने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने शस्त्र से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया और अवगत कराया कि अभी पांच पूर्व सैनिकों के शस्त्र लाइसेन्स जनपद में दर्ज हो चुके हैं और जिनके अभी तक दर्ज नहीं हुए हैं उनकी प्रक्रिया पूर्ण होने पर दर्ज किये जाएगें। पूर्व सैनिक जगमोहन आर्य की समस्या पर चर्चा करते हुए जाँच एवं निस्तारण हेतु एसपी सिटी को संदर्भित किया गया।

पत्रांक— 46 /सहा0आयु0/ स0द0पं0ई0—लखनऊ/ दिनांकः: 16 :: मई :: 2025 ।

नीलामी सूचना

कार्यालयः— सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ।

सी.जी.एस.टी./एस.जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की सुसंगत धारा 79(1)(बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित अनुसूची(SCHEDULE) में वर्णित जब्त किए गए माल गुल (SK Rahmat Ali/Chand Tara Brand) की नीलामी सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से ''जो जैसा है'' की स्थिति में अनुसूची में वर्णित विवरण के अनुसार दिनांक 24.05.2025(दिन शनिवार) को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ के परिसर में नीलामी समिति के समक्ष आयोजित की जाएगी। नीलामी की तारीख से पूर्व देय सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान हो जाने पर नीलामी की प्रकिया रोक दी जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्तें निम्नलिखित है—

अनुसूची (SCHEDULE)

| क्र0सं0 | माल का विवरण | झाल/नग | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि (EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गुल (SK Rahmat Ali/Chand Tara Brand) | 10 नग | 45000 पाउच (Per Pouch MRP 3/-) | 20000.00 |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय—सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से दिनांक 23.05.2025(दिन शुक्रवार) तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम एवं मुख्य शर्तें—

1. उचित अधिकारी(PROPER OFFICER)/अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकता है ।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी में जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट (DRAFT) ही मान्य होगा, जो सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई लखनऊ के नाम से देय होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राषि वापस कर दी जाएगी।
4. माल जिस दषा में है जहां है उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता द्वारा माल की गुणवत्ता एवं माल का आकलन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा। नीलामी के उपरान्त उक्त के सम्बंध में कोई दावा स्वीकार नही किया जाएगा।
5. नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराषि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराषि निर्धारित समय एक सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा की स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के अन्तर्गत नीलाम किए गए माल पर नियमानुसार निर्धारित कर देयता भी जमा की जाएगी।

(श्यामवीर सिंह)
सहायक आयुक्त, राज्य कर,
सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ।
(मो. 7235002274)

U.P. 233926 dt. 20/05/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कनेक्शन दिए गए घरों में जल्द कराएं जलापूर्ति : प्रबंध निदेशक

## समस्त निर्माण कार्यों की डीपीआर 31 मई तक देने के दिए निर्देश

**बरेली, 21 मई (तरूणमित्र)।** प्रबन्ध निदेशक नमामि गंगे तथा जल निगम (ग्रामीण) डॉ राजशेखर की अध्यक्षता में बुधवार को बरेली/मुरादाबाद मण्डल में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे कार्यक्रम की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त बरेली मण्डल बरेली सौम्या अग्रवाल व जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में समस्त संबंधित अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्य की प्रगति व क्षेत्र में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी। बैठक में अधीक्षण अभियंता मुरादाबाद/बरेली मण्डल ने अवगत कराया कि अधिकांश परियोजनाएं पूर्णतः की ओर हैं, रोड रेस्ट्रोरेशन का कार्य कराया जा रहा है



तथा मेंटिनेंस का कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि जहां-जहां एमडीआर व ओडीआर की सड़कों की कटिंग की गयी है उसकी रेस्ट्रोरेशन अनिवार्य रुप से करा दी जाए, उसके कारण दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बनी रहती है। बैठक में जिलाधिकारी बरेली ने अवगत कराया कि जनपद में ओवर हैड टैंक निर्माण के कार्य की गति धीमी है, जिसके लिए मैन पॉवर बढ़ाने की सलाह दी गयी है, जिस पर प्रबन्ध निदेशक ने अगले दो सप्ताह में मैन पॉवर बढ़ाते हुए कार्य को तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि कुछ समय पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी बैठक में रोड रेस्ट्रोरेशन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आगामी समय में बरसात का मौसम होगा और यदि रोड के रेस्ट्रोरेशन ना होने के कारण कोई दुर्घटना हुई तो कम्पनी के सम्बंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रबन्ध निदेशक ने उन परियोजनाओं की जानकारी ली जहां अभी तक ओवर हैड टैंक निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिस पर अवगत कराया गया कि जनपद बरेली में दो स्थानों पर ओवर हैड टैंक का कार्य आरम्भ नहीं पाया है। एक में भूमि की उपलब्धता नहीं है व दूसरे में चिन्हित भूमि बाढ़ एरिया में आ गयी है इसलिए दूसरी भूमि देखी जा रही है, चिन्हांकन के बाद कार्य कराया जाएगा। बताया गया कि जनपद बदायूं में एक स्थान पर ओवर हैड टैंक निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है, चिन्हित स्थान पर हाईकोर्ट स्टे आ गया है, अन्यत्र जगह चिन्हित करनी पड़ेगी।

इसी प्रकार अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत में एक स्थान पर ओवर हैड टैंक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है क्योंकि चिन्हित भूमि वन विभाग के एरिया में है, जिसकी एनओसी के लिए पत्र भेजा गया है। जनपद शाहजहांपुर में भी दो स्थानों पर ओवर हैड टैंक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है क्योंकि एक भूमि आर्मी एरिया के निकट है अतः आर्मी द्वारा कार्य रुकवा दिया गया है। दूसरी भूमि पर नगर निगम ने बताया कि यह उनकी जमीन है वह अन्य किसी कार्य के लिए प्रस्तावित है।

# अहिल्याबाई के कार्यों को आत्मसात कर देश को आगे ले जा रहे पीएम : पाल

**फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला कार्यशाला बुधवार को प्रेक्षागृह में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहे। श्री पाल ने उपस्थित लोगों को लोकमाता द्वारा तीन सौ वर्ष पूर्व किये गये लोककल्याण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सड़क निर्माण के साथ ही वृहद वृक्षारोपण कराया गया।




राहगीरों को पीने के पानी की सुचारू ढंग से उपलब्ध हो इसके लिए कुंए बावड़ियों का निर्माण किया गया। जमीनी विवादों से मुक्ति के लिए खसरा व्यवस्था को लेकर कार्य किये गये। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा मातृशक्ति को सशक्त बनाने को लेकर समूह के माध्यम से शक्ति प्रदान की गई। महिलाओं द्वारा मिलकर साड़ियों का निर्माण किया गया। देश के चारों शंकराचार्यों द्वारा मिलकर अहिल्याबाई होल्कर के न्याय पथ, धर्म पथ व लोककल्याण पथ को देखकर पुण्यश्लोक की उपाधि दी गई, जो देश में सिर्फ राजा नल और न्याय पथिक युधिष्ठिर को प्रदान की गई थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों को पथ मान कर देश को आगे ले जा रहे हैं। लोकमाता द्वारा कुशलता पूर्वक साहसिक रूप से अपने क्षेत्र की रक्षा की जाती रही। तत्कालीन चोर लुटेरों को उनके द्वारा खुला संदेश दिया गया कि क्षेत्र में गलत कार्य पर सजा तो मिलेगी वहीं नुकसान की भरपाई भी की जायेगी। इसी माडल को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लागू किया है। पूर्व विधायक केके सचान ने भी अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा देश भर में किये गये धार्मिक जीर्णोद्धार पर विचार रखे। कार्यक्रम के क्षेत्रीय सह संयोजक पवन प्रताप सिंह ने भी लोकमाता के कार्यों का बखान किया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवनकाल से सीख लेने का आहवान किया। कहा कि उनके विचारों को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, कार्यक्रम संयोजक मनोज मिश्रा व प्रदीप गर्ग, अभियान सह संयोजक अर्चना त्रिपाठी, रेखा मिश्रा सुशीला मौर्य, जिला महामंत्री उदय लोधी, नीरज सिंह, रामप्रताप सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, ज्योति प्रवीण, ओम मिश्रा, पुष्पा पासवान, अजय सिंह रिंकू लोहारी, अतुल त्रिवेदी, पवन मिश्रा, अनुज दीक्षित, अमित शिवहरे, नितिन सिंह, विक्रम सिंह, नीरज बाजपेई, विजय प्रताप सिंह, सुनिधि तिवारी, विनोद गौतम, आदित्य अग्निहोत्री, धर्मवीर भदौरिया, अरूण लोधी, दीपक द्विवेदी, राजबहादुर पासवान, अभिषेक श्रीवास्तव, पवन साहू, अवनीश मौर्य, राम महेश निषाद, साहिल शर्मा, चन्द्रभान पासवान, रितिक पाल, कल्पना सिंह, सुनीता गुप्ता, भोले पाल भी उपस्थित रहे।

# किसान दिवस: डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

## जिलाध्यक्ष पवन हूण ने डीएम से रखी किसानों की 4 सूत्रीय मांगें

**हापुड़, 21 मई (तरुण मित्र)।** आज किसान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने हापुड़ जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के समक्ष किसानों की समस्याओं को रखा :- तहसील में लेखपालों के जो सहायक रहते हैं उनके द्वारा किसानों का शोषण होता है उन्हें हटाया जाए।



किसान-मजदूर की समस्याओं को निस्तारण के लिए समस्याओं के कागज पूरे करने के बाद उसे समस्या के निस्तारण की तारीख दी जाए। पाइनर सरसों का बीज 1000 किलो बिकता है तो ऐसी कंपनियों के भी क्रिय केंद्र खोले जाएं जो भी कंपनी हो देहात के जिस गांव में पशु चिकित्सालय केंद्र है उस पर पशुओं की दवाई भी दी जाए जिससे किसान मजदूर को लाभ मिल सके।

इस मौके पर कटार सिंह, राजवीर भाटी, महेंद्र त्यागी आदि मौजूद थे।

# व्यापारी समुदाय के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ न्याय की मांग को ले उठी आवाज

**एटा, 21 मई (तरूणमित्र)।** छिबरामऊ, जनपद कन्नौज में व्यापारी समुदाय के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ बुधवार को अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद् एटा ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी ज्ञापन सौंपा। परिषद् ने घटना के त्वरित समाधान की मांग की है।



ज्ञापन के माध्यम से बताया कि दो दिन पहले राजेश गुप्ता की पुत्री रूचि गुप्ता की इलाज के दौरान प्राईवेट हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। अस्पताल के अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा गलत इलाज के कारण यह दुखद घटना हुई। इसके बाद परिजनों और व्यापारी समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया, जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस बुलाकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पीटा। इसके बाद जब स्थानीय व्यापारी समुदाय ने थाने में शिकायत की, तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। 20 मई 2025 को छिबरामऊ पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि पीड़ितों के खिलाफ उल्टा मुकदमा दर्ज किया। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद् ने पीड़ितों को मुआवजे की मांग की है और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है। परिषद् ने प्रशासन से न्याय की उम्मीद जताई है, अन्यथा कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी है। मांग करने वालों में राजेश गुप्ता, राजकुमारी, प्रमोद गुप्ता, जितेन्द्र माहेश्वरी, अनुज जैन, वीरेन्द्र अग्रवाल, राधा रमण वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, सतीश वार्ष्णेय, सुधीर वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, गणेश वार्ष्णेय, विशाल गुप्ता, आनंद गुप्ता, हीरा गुप्ता, डॉ अतुल गुप्ता आदि थे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से होगा समुचित भारत का विकास: विनीत शारदा

**हापुड़, 21 मई (तरुण मित्र)।** प्रदेश संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ विनीत अग्रवाल शारदा ने मुख्य अतिथि के रूप में आज भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य व्यापारी सम्मेलन में हापुड़ के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की एक चुनाव की व्यवस्था जल्द लागू हो जाएगी। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। इसमें जहां सरकार का कार्यकाल अधिक होगा, उसका कार्यकाल कम किया जाएगा और जहां सरकार का कार्यकाल खत्म होगा, उसे बढ़ा दिया जाएगा। इन चुनावों के सौ दिन के भीतर निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव भी हो जाएंगे। देश में एक चुनाव होने से पैसा और समय दोनों बचेगा, देश की आजादी के बाद 51, 52 से 67 तक देश में एक समय में सभी चुनाव होते थे उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंद्रा गाँधी ने अपनी और कांग्रेस की राजनीति जमीन खिसकती नजर आई तो यह प्रतिक्रिया बंद करा दी जिसका खामियाजा देश अब तक भुगत रहा है ।

विनीत शारदा बोले एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से श्रम भी कम करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि देश की प्रकृति में उत्तर प्रदेश एक ग्रोथ इंजन की तरह आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश योगी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटेल पर अपना झंडा ला रहा है आज चारों तरफ भारत माता की जय के नारे लगाते हैं तथा जब हमारे प्रधानमंत्री दूसरे देशों में जाते हैं तो उनका भव्य स्वागत होता है परंतु पहले हमारे प्रधानमंत्री जब जाते थे तो किसी को पता भी नहीं लगता था कि भारत का प्रतिनिधित्व करने की कोई आया है। उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की नाजायज औलाद है पाकिस्तान जब से बना है उसने केवल आतंकवादियों को ही जन्म दिया है वहां की फैक्ट्री में उद्योग नहीं लगते बल्कि आतंकवादियों के कैंप लगते हैं नए-नए आतंकवादियों का जन्म होता है पाकिस्तान के आतंकबादी जिन्ना, ऑरंगजेव , गौरि बाबर की नाजायेज ओलाद है इस बार इनको सही जवाब भारत की वीर सेना ने दिया है भाजपा नेता विनीत शारदा ने कहाँ यह नया भारत है जो अपने दुश्मन के घर में घुस कर उसे खत्म करने की ताकत रखता है देश का शोभाग्य है 880 वर्ष के पृथ्वी चौहान के बाद हिन्दूयो के राजा नरेन्द्र मोदी हुए है एक भारत उनके राज में राम राज्य की और चल रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे उद्योगपति संजय कृपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रहित में यह महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश को दोहरा लाभ होगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि यह कोई नई अवधारणा नहीं है। स्वतंत्र भारत में 1951 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे। कुछ विधानसभाओं के समय पूर्व भंग होने से यह व्यवस्था रुक गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इस दिशा में फिर से प्रयास कर रही है। भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि मोदी सरकार आतंकियों और उनके समर्थकों को समाप्त करेगी। उन्होंने धर्म के आधार पर एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की योजनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन पुनीत गोयल ने किया इस अवसर पर ललित छावनी वाले, नरेंद्र वूड इण्डिया विजय सर्राफ, विजेंद्र पंसारी, मोनू कसेरे, विकास मेडिकल, कैलाश वर्मा, विनोद गुप्ता, अशोक बब्ली, परवीन शर्मा, पवन गर्ग, राजीव दतियाना, विशाल बीड़ी, प्रमोद नागर वाले आदि व्यापारी वर्ग मौजूद था

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने लगाई चौपाल

**फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर उनके सामाजिक समरसता एवं ग्रामीण प्रेम को देखते हुए जनपद के कांग्रेसियों ने खागा तहसील के ग्राम पंचायत पौली में एकत्रित होकर ग्रामीणों के साथ एक महाचौपाल का आयोजन किया।

महाचौपाल में जिले के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर एवं युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा देश को दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों को दिए गए अधिकार उनके विकास के लिए लागू की गई योजनाएं बहुत ही सफलतम सिद्ध हुईं। जिनका आज भी कोई जवाब नहीं है। चैपाल की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज अगर स्वर्गीय राजीव गांधी होते तो अपना देश पूर्ण विकसित देश होता। यह देश का दुर्भाग्य है कि हमने उन्हें बहुत जल्दी खो दिया परन्तु उनकी सोच और सपने आज भी कांग्रेस के हृदय में संरक्षित हैं। समय आते ही उन्हें पूर्ण एवं प्रभावी किया जाएगा। ये कांग्रेस का वादा है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि जिस तरह पूरी भाजपा अनर्गल प्रलाप करती है एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करती है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार सत्ता के मद में मदहोश है न उसे जनता से कोई लेना देना है और न ही उसे देश में मंडरा रहे संकट से कोई वास्ता है। अब जनता उनकी सारी असलियत जान चुकी है जिसका भविष्य में करारा जवाब मिलने वाला है।

# दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट में बुधवार को तीन साल पहले 19 साल की युवती से दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने पचास हजार रुपए का अर्थदंड बोलते हुए उसके दो सहयोगियों को सात-सात साल की कठोर कैद की सजा सुनाई।

एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार ने साक्ष्य और गवाह के आधार पर जो फैसला सुनाया वो 30 मई 2022 को वारदात उस समय अंजाम दी गई थी जब कानपुर नगर के एक गांव में रहने वाली युवती जहानाबाद की कोचिंग से घर लौट रही थी। तभी उसे बिरादरी का गांव में रहने वाला युवक, साथियों की मदद से न केवल युवती को हवस का शिकार बनाया



बल्कि साक्ष्य मिटाने के इरादे से उसकी हत्या भी कर दी। इसके सबूत पोस्टमार्टम रिपोर्ट्स से साफ होता है। जिसमें युवती के शरीर के विभिन्न हिस्सों में 24 निशान पाए जाने की बात सामने आई। शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त अजय उर्फ शीलू को फांसी की सजा के साथ पचास हजार रूपए का अर्थ दंड भी लगाया है। इस घटना में सह अभियुक्त छोटू उर्फ अवनीश और माया देवी है। दोनों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। जिन पर अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला न सिर्फ पीड़ित परिवार के लिए न्याय की उम्मद बना, बल्कि समाज को भी एक सख्त संदेश देता है कि बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### ❑ दो सहयोगियों को सात-सात साल का कठोर कारावास की सुनाई गई सजा

**माया के जरिए बना रहा था दबाव**

फतेहपुर। सह अभियुक्त माया देवी भी युवती की बिरादरी की है। फांसी की सजा पाने वाला युवक, महिला का रिश्तेदार है। वह युवती से शादी करना चाहता था लेकिन युवती के घर वाले राजी नहीं थे। माया के जरिए वह युवती पर लगातार शादी का दबाव बना रहा था।

# गैस एजेंसी के गोदाम को आबादी से दूर किए जाने की मांग



**फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** शहर के घनी आबादी शादीपुर में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम से भविष्य में हादसे का संदेह जताते हुए गोदाम को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की है।

बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि गैस कंपनियों के गोदाम शहर के मध्य मुख्य आबादी में विगत कई वर्षों से चल रहे हैं। शहर के मुख्य रिहायशी इलाके में स्थित गोदाम में हर वक्त बड़ी संख्या भरे और लीकेज गैस सिलेंडर रखे रहते हैं। ऐसे में आवश्यक वस्तु होने के साथ ही इस अति संवेदनशील सामग्री के संधारण एवं वितरण के समय जरा सी चूक सैकड़ो परिवारों को तबाह कर सकती है। शहर के अधिकतर उपभोक्ता शादीपुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी से जुड़े हुए हैं। शादीपुर शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्र में से एक होने कारण घनी आबादी वाला इलाका भी है। यह एजेंसी सबसे पुरानी होने कारण इसमें हजारों उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। लिहाजा इस एजेंसी में गैस सिलेंडरों का संधारण एवं वितरण सबसे अधिक होता है। जिससे बड़े पैमाने पर यहां पर भरे हुए सिलेंडरों को लेकर आने-जाने ट्रैकों की आवाजाही अनवरत लगी रहती है। उसके मुताबिक संबंधित विभाग द्वारा सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाई नहीं देती है। परिसर के अंदर और बाहर अक्सर सिलेंडर से भरे हुए ट्रक दिखाई देते हैं ऐसे वक्त में अगर सिलेंडर लेने वालों की भीड़ लगी हो और आपात स्थिति बन जाए तो अफरा तफरी की स्थिति में कतई किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। डीएम से मांग किया कि गोदाम को आबादी से तत्काल दूर करवाया जाए। ज्ञापन देने वाले में संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, धीरज बाल्मीकि, विनोद सिंह चंदेल, रज्जन गुप्ता, संजय जौहरी, हिमांशु श्रीवास्तव, बृजेंद्र यादव एड, मो आसिफ एड, पुष्पेंद्र यादव एड, मो. मुकीम, प्रिंस गुप्ता, दीपू सिंह, रामबाबू कश्यप आदि लोग रहे।

# नाबालिक को अगवाकर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**खागा, फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमपुर गांव निवासी रतिपाल सोनकर पुत्र मोहन ने थाना स्थानीय पर तहरीर देते हुए प्रशासन को अवगत कराया कि छतरपुर जनपद निवासी युवक घर में अकेला देख नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पिता की तहरीर पर आरोपित युवक पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भीमपुर निवासी रतिपाल ने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह भट्ठे में मजदूरी का काम करता है। वर्तमान समय में कमला रिसोर्ट धाता पर परिवार सहित निवास करता है। बीते सोमवार वह व पत्नी वैवाहिक कार्यक्रम में रिश्तेदारी बाहर चले गए थे। वापस आने पर पता चला कि ईंट भट्ठे में काम कर रहा मध्य प्रदेश छतरपुर जिले के बिजावर गांव निवासी आकाश प्रजापति नाबालिक 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है।

# गन छीनकर दागा खाकी पर फायर, जवाबी कार्रवाई में दुष्कर्मी घायल

**बिंदकी, फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** नाबालिग के साथ गलत काम करने के बाद पायल चोरी करने वाले दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस आरोपी को रिमाइंड में लेकर तकीकत कर रही थी। तभी उसने सरकारी गन छीनकर हमले की नीयत से पुलिस पार्टी पर कई फायर किए। जवाबी फायरिंग में लहूलुहान हुए आरोपी को घायलावस्था में सीएचसी ले जाया गया।




कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में 20 मई को नाबालिग से दुष्कर्म सहित पायल चोरी की घटना में पंजीकृत मु.अ.स.-209/25 धारा 65 (2)/303(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट में नामित/संलिप्त अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू रैदास पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम शहबाजपुर को हिरासत में लेकर इंटेलीजेंस विंग व इलाकाई पुलिस की संयुक्त टीम 21 मई की रात उक्त घटना के संबंध में पूछताछ उपरान्त चोरी की पायल की बरामदगी हेतु आरोपी की निशादेही पर ग्राम शहबाजपुर अन्तर्गत अंशू पटेल के ट्यूबवेल के पास खोजबीन कर रही थी कि आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू ने मौका पाकर मौजूद सिपाही की पम्प एक्सन गन छीनकर पुलिस पर फायर करने की कोशिश की किन्तु फायर नहीं हो सका। सीओ प्रगति यादव ने बताया कि आत्मरक्षार्थ टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त प्रदीप कुमार के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। इस प्रकरण में कोतवाली पर मु.अ.सं.-210/2025 धारा 309(4)/317(2)/109/262/132 बीएनएस व 7/25 आर्म्स एक्ट का एक अन्य अभियोग अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू उपरोक्त के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगेगा। गिरफ्तारी करने वाली इंटेलीजेंस विंग टीम में निरीक्षक अरूण कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल राकेश कुमार, हरिश कुमार, प्रमोद कुमार, राम सिंह के अलावा बिंदकी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लान सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, उपनिरीक्ष रवी सिंह, कांस्टेबल चन्द्र कुमार यादव, दीपक वर्मा भी शामिल रहे।

# थानों का एएसपी ने किया निरीक्षण

**एटा, 21 मई (तरूणमित्र)।** अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने 20 मई की रात्रि थाना जैथरा में थाना राजा का रामपुर, नयागांव, जसरथपुर व जैथरा के अर्दली कक्ष की समीक्षा की। इस दौरान महिला संबंधित लंबित मामलों, विवेचनाओं एवं जनशिकायतों की गुणवत्ता पूर्ण जांच के निर्देश दिए। एएसपी ने थाना परिसरों की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए चोरी, नकबजनी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश भी दिए।

# पीएमश्री पल्हारी नगवां में त्रैसाप्ताहिक समर कैंप शुरू

**सोनभद्र, 21 मई (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (छम्च) 2020 के उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुये परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा 6-8) के बच्चों के समग्र विकास हेतु 21 मई से 10 जून, 2025 तक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया जा रहा है। उसी क्रम में मुकुल आनंद पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के संरक्षण एवं धनंजय कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगवां के निर्देशन में पूर्व की भांति पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवा सोनभद्र में समर कैंप का उद्घाटन जय प्रसाद चैरसिया प्रधानाध्यापक एवं डॉ बृजेश कुमार सिंह महादेव ब्लॉक स्काउट शिक्षक नगवां द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी धनंजय कुमार सिंह के अनुसार नगवां के 49 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से समर कैंप संचालित कराने को आदेशित किया है।




ब्लाक स्काउट मास्टर डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि इस समर कैंप के माध्यम से बच्चे रूचि के अनुरूप रचनात्मकता विकसित कर सकेंगे। अपने अंदर आत्मविश्वास एवम्-जीवन कौशल का विकास कर सकेंगे। शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ा सकेंगे। उनमें सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित हो सकेगी। खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इससे आत्मविश्वास और क्षमता की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। तीन सप्ताह तक चलने वाले समर कैंप में बतौर प्रशिक्षक शिव शंकर एवं उर्मिला देवी ने भी बच्चों को अधिकतम सीखाने का आश्वासन दिया।

बता दें कि प्रथम सप्ताह में योग व फिटनेस, हमारी सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान, डिजिटल कौशल और स्मार्ट कक्षा गतिविधियाँ, द्वितीय सप्ताह में पर्यावरण व बागवानी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति, कक्षा में रचनात्मक गतिविधियाँ, विज्ञान व स्टीम और तृतीय सप्ताह में राष्ट्रीय एकतारू विविधता में एकता, जल व ऊर्जा संरक्षण, संगीत, रंगमंच और नाटक, भाषा गणित कार्यशालायें और विविध गतिविधियां सिखेंगे। जनपद स्तर और ब्लॉक स्तर की टीम भ्रमण पर रहेगी। समर कैंप के प्रथम दिन उपस्थित विद्यालय परिवार ने बच्चों से हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया और आशीर्वचन प्रदान किया।

# अज्ञात व्यक्ति का जाबड़ा नहर में मिला शव

**एटा, 21 मई (तरूणमित्र)।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के आगरा रोड स्थित जाबड़ा नहर पुल के पास पानी के प्लांट के समीप बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 45 वर्ष का शव पानी में बहता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस और जाबड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया।

पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास में आसपास के क्षेत्रों में सूचना भिजवाई, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे, मगर कोई पहचान नहीं पाया। चौकी प्रभारी के अनुसार लाश सड़ी-गली हालत में है और टुकड़ों में मिली है, जिससे प्रथम दृष्टिया मामला कई दिन पुराना प्रतीत होता है।


**कार्यालयः उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०**
**नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल उतरौला रोड, गोण्डा**

पत्रांकः- उ0नि०नि०/गोण्डा/ई-निविदा/2025-117 दिनॉक 21-05-2025

**अल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

निर्माण खण्ड मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा) के अन्तर्गत जनपद गोण्डा के मण्डी समिति नवाबगंज के क्षेत्रान्तर्गत सम्पर्क मार्ग के मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृण, ठेकेदारों/फर्मो से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनॉक 06.06.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें निविदादाता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई-निविदा के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर दिनॉक 22.05.2025 को दोपहर 02.00 बजे से दिनॉक 05.06.2025 की सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की तकनीकी बिड 06.06.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की अनु० लागत (रू0 लाख में) | | कुल लागत (रू० लाख में) | निविदा शुल्क (जी०एस०टी० सहित) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिविल निर्माण की लागत | अनुरक्षण की लागत (05 वर्ष) | | | | | |
| मण्डी समिति नवाबगंज | | | | | | | | |
| 1 | सम्पर्क मार्ग बानेपुर मोहनपुर प्राइमरी स्कूल होते हुए टिकरी वजीरगंज तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। (लम्बाई 3.00 किमी0) (Tender ID:-2025_RKUMP_1041117_1) | 31.22 | 4.68 | 35.90 | 6372.00 | 3.59 | 02 माह | 'द' श्रेणी |

नोटः-1. निविदादाता निविदा शुल्क की धनराशि का मूल्य (जी०एस०टी० सहित) उपनिदेशक (निर्माण) के खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा (नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल) गोण्डा के खाता संख्या 30394521872 आई०एफ०एस०सी० कोड संख्या SBIN0014612 जो उपनिदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट/आर०टी०जी०एस० कराना होगा। निविदा की शुल्क की धनराशि नान रिफन्डेबल है एवं धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या 30394522015 आई०एफ०एस०सी० कोड संख्या SBIN0014612 जो उपनिदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट/आर०टी०जी०एस० कराना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की यू०टी०आर० नम्बर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरण आनलाइन निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. लोक निर्माण विभाग के पत्र संख्या 3689सी-UPRML/ मूल/2023 दिनॉक 17.02.2024 के अनुसार 05 वर्षीय अनुरक्षण हेतु भुगतान प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. उपरोक्त सम्पर्क मार्ग प्रीमिक्सिंग/सीलकोट का कार्य हाटमिक्स पद्वति द्वारा कराया जायेगा।

**उपनिदेशक (निर्माण)**
**मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)**

# वार्षिक स्थानान्तरण नीति के सम्बन्ध में डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



बहराइच , 21 मई (तरुणमित्र)। सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह हेतु पटल परिवर्तन/क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश के अनुसार नियमानुसार अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा तक कार्मिकों का पटल/क्षेत्र परिवर्तन किये जाने की कार्यवाही कड़ाई के साथ सुनिश्चित की जाये। स्थानान्तरण की कार्यवाही में एक ही पटल/क्षेत्र में काफी अर्से से तैनात कर्मचारियों की वरीयता क्रम में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायें। डीएम ने निर्देश दिया कि कलेक्ट्रेट, तहसील, नजारत, ब्लाक, विकास विभाग, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण व चिकित्सा जैसे बड़े अधिष्ठान सहित सभी विभाग कार्यरत समूह अन्तर्गत वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक, सचिव व लेखपाल सहित अन्य संवर्ग तथा समूह के कर्मियों के पटल/क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध में 15 दिवस में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि ऐसे कर्मचारी जिनका समय पूरा न हुआ किन्तु किसी परेशानी के कारण पारस्परिक सहमति से स्थानान्तरण चाहते हैं तो स्थानान्तरण नीति-2025 का पालन करते हुए उनके प्रस्तावों पर विचार किया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि कर्मचारियों से 02 विकल्प प्राप्त कर शासकीय कार्यहित को देखते हुए पटल/क्षेत्र परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जाये। विकास से सम्बन्धित सभी विभागों में समूह व के कर्मचारियों के पटल/क्षेत्र परिवर्तन की कार्यवाही के लिए डीएम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, राजस्व के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी तथा नगर निकाय के लिए अपर जिलाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि नवनियुक्त लेखपालों, अमीनों व सचिवों को प्रतिदिन निश्चित समय के लिए टाईपिंग सीखने के लिए प्रेरित करें तथा 01 माह पश्चात टाईप टेस्ट लेकर प्रगति का मूल्यांकन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ राजेश कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग किया गया।

# राजीव गांधी की दूरदर्शी व विकासपरक सोच ने दी भारत को नई दिशा-चौहान

अम्बेडकरनगर, 21 मई (तरुणमित्र)। भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूरदर्शी और विकासपरक सोच ने देश को नयी दशा और दिशा दी, जिसने देश इक्कीसवीं सदी की ओर अग्रसर किया उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नि सचिव /संगठन सृजन अभियान के कोआर्डिनेटर कैलाश चौहान ने कही। उन्होंने कहा आज हम सभी को मजबूत संगठन बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विचारों को खुद मे आत्मसात करते हुए जन जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने जान की कुर्बानी दी, राजीव गांधी ने श्रीलंका में शांति सेना भेज दिया था जिससे लिट्टे आतंकियों ने राजीव गांधी की हत्या कर दी। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ₹कप्तान₹, राम कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ₹छोटू₹, पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल ,किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव अमित कुमार यादव₹संजय₹, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, राजेश वर्मा, वीर बहादुर सिंह,राजेश प्रजापति , उदयभान मिश्र ₹राजबहादुर₹, ज्ञानेंद्र पाठक ₹नन्हे₹, नि नगर अध्यक्ष टांडा शहबाज गांधी, मिसबाहुद्दीन अंसारी नेवी संबोधित किया।

कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र ₹बब्लू₹ ने बताया आज भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का बलिदान पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव और संचालन जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ₹छोटू₹ ने किया और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नि सचिव /संगठन सृजन अभियान कोआर्डिनेटर कैलाश चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि देकर गोष्ठी की गयी।

# लूट की तीन घटनाओं का खुलासा, अंतरजनपदीय लुटेरा गिरफ्तार

आजमगढ़, 21 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फूलपुर पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने मिलकर बड़ी सफलता हासिल की है। बुधवार को लूट की तीन घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अंतरजनपदीय लुटेरे दीपांकल तिवारी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 40,050 रुपये नगद, एक 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीते 15 अप्रैल को खानजहांपुर में हुई लूट की घटना में वांछित अभियुक्त दीपांकल तिवारी बिलारमऊ ढाबा के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दीपांकल तिवारी (उम्र 21 वर्ष, निवासी चौबहा, थाना सरपतहां, जौनपुर) को बिलारमऊ ढाबा के पास से सुबह करीब 2:50 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट की रकम, अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए।बताते चले कि थाने में तहरीर देते हुए धर्मेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ पलिया बाजार से 1 लाख रुपये निकालकर स्कूटी से घर जा रहे थे। खानजहांपुर-सैदपुर रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी पत्नी के सिर पर प्रहार कर स्कूटी गिरा दी और सोने की चेन, पर्स (जिसमें 1 लाख रुपये, मोबाइल, पासबुक और स्कूल की चाबी थी) लूट लिया। इस मामले में अभियुक्त सत्यम राजभर को पहले ही 10 मई 2025 को गिरफ्तार किया जा चुका है। दीपांकल तिवारी ने पूछताछ में बताया कि उसने सत्यम के साथ मिलकर यह लूट की थी। लूट गए 1 लाख रुपये में से 40,000 रुपये सत्यम को दिए, 60,000 रुपये अपने पास रखे और सोने की चेन को 20,000 रुपये में बेच दिया। बरामद 40,050 रुपये में से 27,150 रुपये इस घटना से संबंधित हैं। दीपांकल ने बताया कि उसने सत्यम राजभर के साथ मिलकर नौपेड़वा हाइवे मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल सवार दंपति से चेन और बैग लूटा था। बैग में 5,000 रुपये नगद थे और चेन को 20,000 रुपये में बेचा गया। इस रकम में से 12,000 रुपये सत्यम को दिए गए।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की हुई बैठक

अंबेडकरनगर, 21 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में बैंकर्स के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना तहत शासन द्वारा जनपद को 2200 लाभार्थियों का लक्ष्य है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि अब तक योजना के अंतर्गत 1790 आवेदन बैंकों को प्रेषित की जा चुकी है। जिसमें से बैंकों द्वारा 369 आवेदन स्वीकृत कर 193 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया ।

## माध्यमिक विद्यालयों में समर कैंप 2025 का रंगारंग शुभारंभ

बाराबंकी, 21 मई (तरुणमित्र)। जनपद के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा इच्छुक शासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों में 21 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्रों में विशेष उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा देखने को मिली। कैंप के पहले दिन योग, प्रार्थना, आत्मचिंतन एवं प्रेरक लेखन सहित विभिन्न खेल-कूद गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें लगभग 10000 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने ₹मैं हूँ देशभक्त ₹मैं हूँ लेखक₹, ₹मैं हूँ वैज्ञानिक₹ जैसे विषयों पर स्वप्रेरणा लेखन कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, दौड़, तथा रस्सी कूद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस व्यापक आयोजन का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं सतत निरीक्षण में किया गया। समग्र ? शिक्षा माध्यमिक के जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने भी विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया।जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0 पी त्रिपाठी ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को अवकाश के दौरान रचनात्मक, शैक्षिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग देना है। इसके अंतर्गत आगामी दिनों में विज्ञान, पर्यावरण, कला, खेल, कौशल विकास एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।समर कैंप प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, ब्लॉक समन्वयकों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

आजमगढ़ , 21 मई (तरुणमित्र)। जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के खानपुर में मंगलवार की देर रात दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए फूलपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान दो की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सरायमीर थाना क्षेत्र के पवई लाडपुर निवासी मनीष प्रजापति उर्फ संटी 25 वर्षमुंबई में रहता था। वह अपनी शादी के लिए गांव आया था। मंगलवार की रात फरिहा से एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। जैसे ही वह खानपुर के पास पहुंचा सामने से एक बाइक पर सुवार अतुल यादव 26 निवासी अबू सैदपुर, हुब्बीगंज थाना दीदारगंज और अमित यादव उर्फ छोटू 18 निवासी खरसहन दूसरी बाइक से विपरीत दिशा से आ रहे थे। तभी दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तीनों को उपचार के लिए फूलपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां उपचार के दौरान मनीष प्रजापति और अतुल यादव की मौत हो गई। वहीं अमित यादव को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### रेप के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 50 हजार अर्थदण्ड भी देना होगा

श्रावस्ती, 21 मई, (तरुणमित्र)। प्रार्थिनी मालती देवी पत्नी भोला ऊर्फ किशोरी नि० कासिम वनकटी दा० सौरुपुर थाना इकौना की निवासनी है। घटना दिनांक 29/30/ 7/ 2020 की समय रात्रि 12 बजे की है। प्रार्थिनी की लड़की व लड़का सचिन घर के बाहर बरामदे मे चारपाई पर सो रहे थे रात 12 बजे हमारा पडोसी ओमकार पुत्र बेचू दयाल पासवान वि०ग्रा० कासिम बनकटी मेरी सोती हुई लड़की के साथ छेडछाड व गलत काम किया लड़की की अचानक नीद खुली तब शोर मचाया तब मै और मेरा लडका जग गया तो विपक्षी ओमकार छोडकर भाग गया शोर मचाया तो गॉव के तमाम लोग इक्कठा हो गये रात होने के कारण कही नही सूचना दिया था उपरोक्त घटना को अपने ग्राम प्रधान को सुबह बताने गयी और मेरा लड़का खेलने चला गया एकान्त पाकर मेरी लड़की उम्र 15 वर्ष विपक्षी ओमकार के द्वारा छेडखानी व गलत काम करने से क्षुब्ध होकर घर के अन्दर छत के कुन्डे मे दुप्पटा बांध कर आत्महत्या कर लिया।

### अभियान चलाकर अवैध वाहनों पर की कार्यवाही

श्रावस्ती, 21 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में विशेष चेकिंग अभियान/ई-रिक्शा सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 20.05.2025 को प्रभारी यातायात मो0 शमीम व यातायात टीम द्वारा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट क्षेत्रांतर्गत बदला चौराहा एवं थाना सोनवा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना कलर कोडिंग/नम्बरिंग के चल रहे ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शा एवं डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए अधिकाधिक शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय बाजारों, टैक्सी स्टैंड व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में समस्त चालकों को एकत्र कर ई-रिक्शा/ऑटो पर अनिवार्य कलर कोडिंग व नम्बरिंग कराने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें यातायात सुरक्षा के तहत ₹एक सेकंड की लापरवाही, उम्र भर का पछतावा₹ विषय पर समझाया गया। प्रभारी यातायात द्वारा चालकों व आम नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, मोबाइल का प्रयोग न करने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, मादक पदार्थ सेवन कर वाहन न चलाने, बिना बीमा व बिना नम्बर प्लेट वाहन न चलाने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट्स का वितरण किया गया एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।

### डीएम ने नगवा पंचायत भवन पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, 21 मई (तरूणमित्र)। निरीक्षण के दौरान सी.एच.ओ., एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। जिलाधिकारी द्वारा कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर न लिखे जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर लिखने का निर्देष दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर.सी.एच. नम्बर दर्ज न होने पर प्रसव के उपरान्मत दी जाने प्रोत्साहन राशि नही मिलेगा। इसके साथ ही एचआरपी रजिस्टर, गर्भवती महिला पंजाकरण रजिस्टर आदि को देखा गया। 07 गर्भवती महिलाये पंजीकृत थी। बाहर की महिलाओं की इंट्री नही की गयी थी जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी नाम दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा ए.एन.एम. का रजिस्टर एक समान होना चाहिए। 25 बच्चों का टीकाकरण होना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पोषाहार का वितरण बीएचएनडी दिवस में करे। सीएच.ओ.. को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला का गोद भराई कराया गया। आंगनबाड़ी एवं आशा दीदी को निर्देश दिया।

# श्रवण क्षेत्र धाम में संचालित समस्त कार्यों को शीघ्र करें पूर्ण- डीएम

अंबेडकरनगर, 21 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में श्रवण क्षेत्र धाम में संचालित विभिन्न पर्यटन विकास कार्यों एवं श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए एक आधुनिक धार्मिक पर्यटन स्थल के विकसित करने हेतु भविष्य के योजनाओं के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, खंड विकास अधिकारी कटेहरी एवं संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को श्रवण क्षेत्र धाम के संपूर्ण विकास कार्यों का नोडल बनाया, जो श्रवण क्षेत्र धाम में संचालित समस्त विकास कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु सभी कार्यदाई संस्थाओं से समन्वय एवं समीक्षा कर रिपोर्ट प्राप्त करेंगे साथ ही धाम में अवस्थापना सुविधाओं को लेकर और क्या-क्या हो सकता है का अनुमानित एस्टीमेट तैयार कराकर पर्यटन विभाग एवं शासन को पत्र/प्रस्ताव आदि प्रेषित कराने एवं *₹श्रवण धाम सोसाइटी₹* का गठन/रजिस्ट्रेशन कराने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में कार्य कर रही सभी संस्थाओं को अपर जिलाधिकारी को रोजाना रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम यथा सामूहिक विवाह कार्यक्रम आदि को श्रवण क्षेत्र धाम में ही आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु समिति द्वारा फीस भी निर्धारित करने के निर्देश दिए,।

# सेना के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा,सेना के जज्बे को किया नमन

कैसरगंज( बहराइच), 21 मई (तरूणमित्र)। आपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य, सम्मान और हौसले को नमन करते हुए बुधवार को कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत आयोजन का नेतृत्व विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया।तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर मंडी समिति, नई तहसील गेट होते हुए पुनः भाजपा कार्यालय पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से आसमान गूंज उठा। स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।इस अवसर पर गौरव वर्मा ने कहा, ₹पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों द्वारा पहलगाम में की गई कायराना हरकत देश की सहनशीलता




की परीक्षा थी। लेकिन आज की यह तिरंगा यात्रा हमारे सामूहिक उत्तर का प्रतीक है। यह स्पष्ट संदेश है कि हम अपनी सेना के साथ मजबूती से खड़े हैं, और जो भी राष्ट्र की ओर आँख उठाएगा, उसे मुँहतोड़ जवाब मिलेगा। यात्रा में फखरपुर ब्लाक प्रमुख रणवीर सिंह मुन्ना, सुबेद वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह,नीरज श्रीवास्तव, सीताराम पाण्डेय, एडवोकेट, शिव सहाय सिंह,मनोज पाण्डेय, अभिषेक शुक्ला,हीरालाल मौर्य, अनिल सोनी 'अन्ना', बुद्धिसागर गुप्ता, प्रदीप जयसवाल, कौशलेन्द्र चौधरी, भगवान दास सोनी, रितेश श्रीवास्तव, दीपांशु सोनी, विनोद वर्मा, बृजेश सिंह,गजेन्द्र सिंह, संजय राव,रामसतीश वर्मा, अजय सिंह, आदि उपस्थित रहे।यात्रा के सफल संचालन और सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा अपनी पुलिस टीम के साथ पूरे मार्ग पर सतर्क एवं मुस्तैद दिखाई दिए।

# जनपद के 830 परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ

बाराबंकी, 21 मई (तरूणमित्र)। जनपद के 830 परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ हुआ? समर कैम्प का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों, एसएमसी अध्यक्षों द्वारा किया गया।महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के 461 उच्च प्राथमिक तथा 369 कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन 21 मई से 10 जून 2025 तक किया जा रहा है। बुधवार को समर कैम्प के प्रथम दिवस विद्यालयों में उद्घाटन सत्र एवं योग आदि गतिविधियां सम्पन्न हुईं, इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत जी ने तथा त्रिवेदीगंज विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत देवा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय माधवपुर में ब्रम्हकुमारी सिस्टर्स ने समर कैम्प का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सभासद, ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसएमसी अध्यक्षों ने विद्यालयों में समर कैम्प का उद्घाटन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले, विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं। बच्चों के लिए नए अनुभव की खोज करना, नए दास्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का यह सही समय है। समर कैम्प के दौरान बच्चे विद्यालय में होने वाली नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनन्द ले सकेंगे तथा विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास होगा। इसलिए उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय (कक्षा 6 से 8) में तीन सप्ताह के अन्तर्गत प्रतिदिन 03 घंटे सुबह 07 से 10 बजे के मध्य विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।श्री पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प के सकुशल आयोजन के लिए सम्बंधित विद्यालयों, में ही निर्देश जारी ।

## रामनगर में निकाली भव्य भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

रामनगर/बाराबंकी , 21 मई (तरूणमित्र)। भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बने ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में रामनगर नगर पंचायत में मंगलवार को एक भव्य 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय सेना की वीरता और शौर्य पराक्रम को याद कर सेना को नमन किया।तिरंगा यात्रा यूनियन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर डिग्री कालेज तक निकाली गई। जिसमें एनसीसी कैडेट सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।सम्पूर्ण नगर में भारत माता की जय, वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से गूँज उठा। महादेवा मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित सिंह भारी संख्या में कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। यात्रा के दौरान वैभव मिश्रा के गगनभेदी राष्ट्रवादी नारों ने लोगों में उत्साह भरा। देशभक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा में नगर पंचायत रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरिगोविंद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, मंडल अध्यक्ष महादेवा अमित सिंह, शरद अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, अमित अवस्थी, पूर्व चेयरमैन रामनगर बद्रीविशाल त्रिपाठी, कमलेश अवस्थी, पूर्व छात्र-छात्राएं व समाज के अन्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक थे ।

# स्कॉलरशिप जरूरतमंद छात्रों के लिए बनेगी आशा की किरण : डॉ. पंकज

बहराइच , 21 मई (तरूणमित्र)। जैनस इनीशिएटिव्स संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी पाटन मंडल के सभी जिलों के 12वीं पास मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आगे पढ़ने के लिए रुपये 12000/- प्रति वर्ष 3 वर्षों तक स्कॉलरशिप दिया जायेगा । संस्था के संस्थापक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने इस स्कॉलरशिप कार्यक्रम की शुरूआत कई वर्षों पहले से चल रहा है जिसका लाभ देवीपाटन मंडल बहराइच जनपद के बहुत से बच्चों को मिल रहा है जो 12वीं पास करने के बाद आगे पढ़ना तो चाहते थे पर पैसों के अभाव के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर प रहे थे उन बच्चों की नहीं रुकेगी पढ़ाई ऐसे बच्चों को जैनस इनीशिएटिव्स संस्था द्वारा



स्कॉलरशिप मिलने के बाद वो अपनी पढ़ाई पूरी कर पायेगे । ये संस्था बच्चों को स्कॉलरशिप देने के साथ साथ उनका आगे की पढ़ाई करने के लिए समय समय पर मार्गदर्शन भी करती रहती है । अगर आप के भी संपर्क मे कोई ऐसा बच्चा है जिसने 2025 मे 12वीं 75% अंको के साथ पास की हो और वो आर्थिक रूप से कमजोर हो तो ऐसे बच्चों को जल्द ही जैनस स्कॉलरशिप का फॉर्म भरवा दे । फॉर्म के लिए व अधिक जानकारी के लिए आप इन फोन नंबरों पर संपर्क कर सकते है

# जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में डीएम की बड़ी पहल

## फतेहपुर तहसील के अंतर्गत सीएचसी घुँघतेर के अधीनस्थ चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

बाराबंकी, 21 मई। जनपद में जनस्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए प्रभावी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा लगातार स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव के साथ तहसील फतेहपुर अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घुँघतेर के अधीन संचालित चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों यथा–कुर्सी, टिकैतगंज, बड्डूपुर और खिझना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।जिलाधिकारी ने मौके पर चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों की संख्या, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, रजिस्टर संधारण, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। स्वास्थ्य



सेवाएं हों प्रभावी, संवेदनशील और जवाबदेहनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया किकुछ स्थानों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा अभी तक आरंभ नहीं हो सकी है, जबकि यह सेवा ग्रामीण महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुर्सी, टिकैतगंज और खिझना पीएचसी पर त्वरित रूप से संस्थागत प्रसव सेवाएं आरंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में 22 प्रकार की स्वास्थ्य जांच उपलब्ध है इन सभी जांचों के माध्यम से मरीजो का बेहतर इलाजकिया जाय साथ ही आने वाले मरीजो को अस्पताल से ही सभी दवाएं उपलब्ध कराई जाए। बड्डूपुर पीएचसी पर मिली लापरवाही, वेतन बाधित करने के निर्देशबड्डूपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के दौरान स्टाफ द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन न करते हुए बिना एप्रिन के कार्य करते पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और उनका वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में अनुशासन व जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।स्वच्छता व व्यवहार को बनाया जाएगा मूल्यांकन का आधारनिरीक्षण के दौरान सभी चार पीएचसी परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता और बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को अस्पतालों में एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति उनका व्यवहार संवेदनशील व सहयोगात्मक होना चाहिए। पी0एच0सी0 खिझना के परिसर में छाया पेड़ लगाने के भी निर्देश दिए।जनसुनवाई से भी मिली महत्वपूर्ण जानकारी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सबंधित पी0एच0सी0 के ग्राम प्रधान व ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से उपचार और आवश्यक दवाएं मिल रही हैं,।

## अग्रणी जिला प्रबंधक ने दिए निर्देश

अम्बेडकरनगर, 21 मई (तरूणमित्र)। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय, अंबेडकरनगर मेंमंगलवार को अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर की अध्यक्षता में अग्रणी बैंक कार्यालय अंबेडकरनगर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त उद्योग एस०सिद्दीकी, अजय शर्मा ए0एम0, डी0आई0सी0 सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों की समीक्षा के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित पत्रावलियों, पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना, स्वयं सहायता समूह सी0सी0एल0 के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों, ऐग्री जंक्शन योजना के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों के निस्तारण किए ।

# शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार व अनुदान युक्त ऋण योजना का सुनहरा अवसर: सतीश

देवरिया , 21 मई (तरूणमित्र)। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एमएसएमई विभाग के माध्यम से उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापना हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों के माध्यम से अनुदान युक्त रोजगारपरक ऋण योजनाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। जनपद के शिक्षित युवक-युवतियां इन योजनाओं के तहत ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के अंतर्गत जनपद के लिए 44 भौतिक लक्ष्य तथा 132 लाख रुपये का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत जनपद में सजावटी उत्पाद, कढ़ाई-बुनाई से संबंधित उत्पाद तथा रेडीमेड गारमेंट्स को ओडीओपी उत्पाद के रूप में चयनित किया गया है। इनके विकास के लिए उद्योग, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में बैंकों के माध्यम से अनुदान युक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना लागत के अनुसार अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना में जनपद के छोटे-छोटे कारीगरों एवं ट्रेडिंग करने वाले पात्र व्यक्तियों को भी लाभान्वित किया जाएगा। योजना में आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी पर आवेदन कर सकते हैं।

# डीएम ने की अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

## अभियोजन कार्यों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दिलायें सजा-जिलाधिकारी



**गोण्डा , 21 मई (तरूणमित्र)।** मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिये हैं कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाया जाय। डीएम ने कहा कि अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते है। उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया। कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शतप्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं से से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें। सभी सम्बन्धित विभाग के द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन अजीत कुमार मिश्र, जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो तथा समस्त शासकीय अधिवक्ता व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

**बलरामपुर , 21 मई (तरूणमित्र)।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए, किसान दिवसर का आयोजन डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में डीएम ने विगत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों द्वारा किये गये कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की एवं कृषक बंधुओं को अवगत कराया।

बैठक में डीएम ने कृषकों से वार्ता की एवं विकासखंडवार कृषकों की शिकायतों / समस्याओं तथा सुझाव को सुना , उन्होंने कृषकों के शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया।उन्होंने कृषकों को कृषक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं फॉर्मर आईडी की जानकारी प्रदान की।

# सीडीओ की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन

**कुशीनगर , 21 मई (तरूणमित्र)।** आज मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित मई-2025 माह के किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंधी तूफान, अत्यधिक वर्षा, ओला से हुए फसल क्षति आकलन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उप कृषि निदेशक कुशीनगर द्वारा पिछले किसान दिवस में प्राप्त 9 शिकायतों का निस्तारण की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गयी। जनपद के सभी कृषकों को गौशालाओं में भूसा दान के लिए सहयोग का आवाहन किया तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कृषकों को जानकारी दी तथा अवगत कराया कि जनपद में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए कृषि सखियों का प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया पर कराया जा रहा है। कृषक महेन्द्र मणि त्रिपाठी ने आवारा बछड़ें उठाये नही जाने की शिकायत पटल पर रखी जिस पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने अवगत कराया आप हमें सूचना दे विभाग तत्काल उसका निस्तारण कराया जाएगा। कृषक आनन्द तिवारी द्वारा धान की उपलब्धता के बारे में जानकारी चाही जिस क्रम में जिला कृषि अधिकारी कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धान बीज की उपलब्धता विभिन्न प्रकार के धान की प्रजाति राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपलब्ध है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला खनन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक अभि० नलकूप, अ०अभि०विद्युत, कसया-पडरौना, क्षेत्राधिकारी वन विभाग, जिला प्रबन्धक फसल बीमा, सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड बाढ खण्ड, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, महा प्रबन्धक उद्योग केन्द्र, जिला प्रबन्ध पी०सी०एफ०, समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**संतकबीरनगर , 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी कि अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में किसान दिवस में किसानों की समस्याएं सुनी गई। किसान दिवस के अवसर पर उपनिदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि जनपद में धान की आधारित प्रजाति एमटीयू 7029 बीपीटी 5204 एवं तेलंगाना गोल्ड प्राप्त हो गई है जिसे शीघ्र ही वितरण कराया जाएगा। 30 मई तक जिप्सम प्राप्त होने की संभावना है जिसे किसान खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व अपने खेत में प्रयोग करें।किसान दिवस में नहर विभाग द्वारा अवगत कराया गया की 16 जून से करीब सीजन में नहरों का संचालन रोस्टर के अनुसार प्रारंभ कर दिया जाएगा किसानों द्वारा नेहरों की सफाई कुलावे एवं गुल की मरम्मत हेतु मांग की गई। बिजली विभाग द्वारा जर्जर लाइन को चेंज किए जाने की मांग की गई। गन्ना विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है एवं समय से सर्वे कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत केवल अधिसूचित फसल में प्रीमियम कटौती की जाए एवं समय से इसकी सूचना बीमा कंपनी को उपलब्ध कराते हुए फसल क्षति की दशा में क्षतिपूर्ति समय से उपलब्ध कराई जाए। फार्मर रजिस्ट्री अभियान एवं पीएम किसान अभियान अंतर्गत किसानों का पंजीकरण कर जाने की मांग की गई। वन रोज एवं आवारा पशुओं से फसल के बचाव हेतु मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित सभी विभागों को समय से किसान की समस्याएं का समाधान करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, लीड बैंक मैनेजर पवन कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, भूमि सहित संबंधित अधिकारी किसान बन्धु आदि उपस्थित रहे।

# मासूम बालिका की क्रूरतम हत्या मामले में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को भारतीय दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधूसरन आर्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बस्ती जनपद में हो रही नृशंस हत्या, गिरती कानून व्यवस्था के सवाल को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपने के बाद साधूसरन आर्य ने कहा कि लालगंज थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ कबरा गांव पांच वर्षीय दलित बालिका की क्रूरतम हत्याकर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। आशंका है कि दुराचार कर उसकी हत्या की गई। मांग किया कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए के मुआवजे के साथ ही दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाय। कहा कि यह तो एक ताजा उदाहरण है। आये दिन जनपद में हत्या, लूटपाट की घटनायें सामने आ रही हैं और गरीबों को थानों से न्याय मिलना तो दूर मुकदमा दर्ज करने में भी मशक्कत करनी पड़ रही है। विशेषकर दलित, अल्पसंख्यक और गरीबों को थाना, अस्पताल, तहसील आदि में कदम-कदम पर उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। मांग किया कि कानून व्यवस्था में सुधार के साथ ही पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले वरना भारतीय दलित संघ संघर्ष को बाध्य होगा।

# मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कान्हा गोशाला का किया स्थलीय निरीक्षण

**संतकबीरनगर , 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार तिवारी द्वारा कान्हा गौशाला मड़या एवं कान्हा गौशाला मगहर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।कान्हा गौशाला मड़या के निरीक्षण के समय आश्रय स्थल पर 46 गोवंश संरक्षित पाए गये, सभी गोवंशो को टैग लगा हुआ है। संरक्षित गोवंशो का स्वास्थ्य संतोषजनक पाया गया। संरक्षित गोवंशो को खुरपका/मुहपका का टीकाकरण कर दिया गया है। भूसा भण्डार कक्ष में लगभग 40 कु0 भूसा और दाना/पशुआहार 16 कु0 उपलब्ध है। संरक्षित गोवंशो के देखभाल हेतु कुल 04 केयर टेकर नियुक्त हैं।निरीक्षण के क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला मगहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय आश्रय स्थल पर 38 गोवंश संरक्षित पाए गये, सभी गोवंशो को टैग लगा हुआ है। संरक्षित गोवंशो का स्वास्थ्य संतोषजनक पाया गया। संरक्षित गोवंशो को खुरपका/मुहपका का टीकाकरण कर दिया गया है। भूसा भण्डार कक्ष में लगभग 200 कु0 भूसा चोकर 01 कु0 और दाना/पशुआहार 50 किलो उपलब्ध है। संरक्षित गोवंशो के देखभाल हेतु कुल 04 केयर टेकर नियुक्त है। नियुक्त केयर टेकरों को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा द्वारा निर्देशित किया गया कि मौसम के दृष्टिगत संरक्षित गोवंशो हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना/पशुआहार, पीने हेतु स्वच्छ पेय जल उपलब्ध रहें, और आश्रय स्थल पर साफ-सफाई के दृष्टिगत कोई भी शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई कर्मियों में ग्लव्स, मास्क का वितरण

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)** ।सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली और पं. सुनील कुमार भट्ट ने बुधवार को नगर पालिका के वार्ड संख्या 14 गड़गोडिया के सफाई कर्मियो में हैंड ग्लव्स और मास्क वितरित कर उनका हौसला बढाया । गौहर अली ने कहा कि सफाईकर्मी कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं और उन्हें पर्याप्त संसाधन मिलना चाहिये। परस्पर जन सहयोग से भी इसे पूरा किया जा सकता है ।ज्ञात रहे कि कोरोना संकट काल के दौरान भी सामाजिक कार्यकर्ता गौहर अली और साथियों ने सफाई कर्मियों में मास्क आदि का वितरण किया था।

### जलापूर्ति की समस्या से भैरोनाथ पुरवा के लोग परेशान

**गोंडा , 21 मई (तरूणमित्र)।** करनैलगंज तहसील मुख्यालय स्थित कर्नलगंज नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25, मोहल्ला भैरोनाथ पुरवा में पिछले छह महीनों से जलापूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है। आधे मोहल्ले में पानी की आपूर्ति ठप होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। सभासद प्रतिनिधि साजिद सिद्दीकी ने कई बार नगर पालिका चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासी अलीशेर, शमशाद, रईसुन, जाहिरा, सैफ, और लारैब ने बताया कि उन्हें पानी के लिए बगल के मोहल्ले से पानी लाना पड़ता है या बाजार से खरीदना पड़ता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण उनकी समस्या अनसुनी हो रही है। मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि नियमित जलापूर्ति बहाल हो सके। इस मुद्दे पर नगर पालिका की चुप्पी से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है,और वे जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

### वृहद रोजगार मेले में 24 अभ्यर्थियों का चयन

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)।** राजकीय आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय-एमसीसी के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट डे/वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई बस्ती में सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई गोविन्द कुमार ने बताया कि प्लेसमेंट डे/वृहद रोजगार मेला में देश की प्रतिष्ठित कंपनी अशोका लीलैंड लिमिटेड रुद्रपुर उत्तराखंड हेतु शिवम इंटरप्राइजेज प्लेसमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह द्वारा 100 रिक्त पदों के सापेक्ष 76 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें 24 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिशिक्षु) ए.के.राणा द्वारा अभ्यर्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेंद्र प्रताप वर्मा ने अभ्यर्थियों को कैंपस में साक्षात्कार का तरीका एवम अनुशासित रहने के बारे में जानकारी दिया। कैंपस प्लेसमेंट/रोजगार के अवसर पर प्लेसमेंट प्रभारी अश्वनी कुमार द्विवेदी, कार्यदेशक रामदीन गौतम, अरविंद कुमार, अनूप कुमार वर्मा, नंद मोहन सिंह, विजय कुमार शर्मा, पंकज श्रीवास्तव सेवायोजन, प्रमोद कुमार प्लेसमेंट प्रभारी सेवायोजन उपस्थित रहे।

### बन्दियों के अधिकारों को संरक्षित कर दिलाएं न्याय: सचिव

**देवरिया, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज तिवारी ने जिला कारागार में विधिक सहायता के आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य बन्दियों को न्यायालय के समक्ष रख उनके अधिकारों को संरक्षित कर न्याय दिलाना है। इस दौरान उन्होंने बन्दियों की समस्याओं को सुना। उन्होने निःशुल्क अधिवक्ता, नियमित रूप से दवा, मानक के अनुसार भोजन हेतु निर्देशित किया। तिवारी ने कहा कि कानून के तहत किसी भी कैदी को उसके मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है कानून किसी कैदी के साथ दुर्व्यवहार या अमानवीय व्यवहार करने या फिर क्रूरता बरतने की इजाजत नहीं देता है। कारागार में बंद कैदियों को शुद्ध पानी, पौष्टिक खाना, और मेडिकल सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त करना, उनका मौलिक अधिकार है। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कानूनी रूप से कमजोर कैदियों की मदद करना है, विशेष रूप से उन कैदियों को जिन्हें तत्काल कानूनी हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

### भारत रत्न राजीव गाँधी की कांग्रेसियों ने मनाई पुण्यतिथि

**देवरिया, 21 मई (तरूणमित्र)।** कांग्रेस कार्यकताओं ने विकास खण्ड देसही देवरिया के पिपरा मदन गोपाल गांव में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर आधुनिक भारत में उनके योगदान पर चर्चा करते हुए उन्हें याद किया ।जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने का गौरव राजीव गांधी को प्राप्त है। उन्होंने जब देश की बागडोर संभाली थी, तब भारत बदलते दौर में प्रवेश कर रहा था। तकनीक, संचार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भारत को नई दिशा देने का श्रेय राजीव गांधी को ही जाता है। वह मानते थे कि शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नही होनी चाहिए, बल्कि वह एक ऐसा औजार हो जो सोचने की ताकत दे, सवाल उठाने की हिम्मत दे।

# एमजीयूजी के दो केंद्रों पर हुई दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

**गोरखपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में दूसरे चरण के अंतर्गत फामेर्सी संकाय, कृषि संकाय व संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय तथा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सकुशल संपन्न हुई ।प्रवेश परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों के लिए सहायता केंद्र, अभिभावकों के लिए परिसर में जल के साथ गुड़, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग, निशुल्क स्वस्थ्य जांच और आपात स्थिति के लिए सम्पूर्ण चिकित्सीय प्रबंध कर रखे थे। प्रवेश परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने परीक्षा केंद्रों समेत समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के कुशल क्रियान्वयन हेतु जरूरी दिशानिर्देश दिए। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि बुधवार को हुई प्रवेश परीक्षा में 92 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स और पीएचडी के लिए ।

# सम्बन्ध बनाने से मना करने पर महिला को मारकर जलाया,मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार में मंगलवार को एक पुराने खण्डहर मकान में मिली महिला की लाश गौशाला में काम करने वाली राधिका की थी। इस मामले में वांछित अभियुक्त दैनिक वेतनभोगी सफाईकर्मी इसी थाना क्षेत्र के मनोज पुत्र सुभाष (25) निवासी स्टेशन रोड को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सबदेईया कला से गिरफ्तार कर लिया ।घटना के 24 घण्टे के भीतर अनावरण करने पर स्थानीय नागरिक पुलिस की सराहना कर रहे हैं। अभियुक्त पर थाना पुरानी बस्ती को पुलिस ने थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा 28 साल की एक महिला को जलाकर मारने का आरोप है। अभियुक्त के पास से मुठभेड़ के दौरान एक अदद तमंचा व एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। घटना का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि मुखबीर ने अभियुक्त की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मनोज नामक युवक के



रूप में की जो बैंक में साफ-सफाई का काम करता है। पता चला कि मनोज गोरखपुर की तरफ पैदल ही जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। मुखबीर के इशारा करने पर उसको रोका व टोका गया तो उसने झाड की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मनोज ने पूछताछ में बताया कि वह सफाई कार्य करता है। उसने बताया कि गौशाला में काम करने वाली राधिका को चाहने लगा था। विगत कई दिनो से पीछा कर रहा था और उसके साथ सम्बन्ध भी बनाना चाह रहा था ।लेकिन वह मान नही रही थी कहती थी कि शादी कर लो तब सम्बन्ध बनाना। 20 मई को साफ सफाई करने हेतु लगभग 6 बजे गया था और बैंक के बाहर ही था कि राधिका गौशाला के विपरित तरफ स्थित खण्डहर में जाती हुई दिखी। तत्काल खण्डहर में गया तो वह शौच करने बैठी ही थी। मुझे देखकर वह खडी हो गयी। मैने उससे जबरदस्ती सम्बन्ध बनाना चाहा तो विरोध करने लगी। मैने उसका गला दबा दिया और नीचे पडे ईंट के अद्धे से उसके ललाट पर मार दिया। वह वहीं गिर गयी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। पकडा न जा सकूं इसलिये सबूत मिटाने के नियत से उसे खींचकर खंडहर में डाल दिया। दुकान से माचिस खरीदकर पास पड़ी लकड़ी से आग लगा दिया। बाद में खण्डहर में पड़े पिपल के पत्तो से ढक दिया।

# विदेशियों घुसपैठियों पर हो प्रभावी कार्यवाही

**उतरौला (बलरामपुर), 21 मई (तरुणमित्र)।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के विरुद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, वहीं उतरौला क्षेत्र में इन घुसपैठियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे इस इलाके को लम्बे समय से आतंकियों, पाकिस्तान समर्थकों और राष्ट्रविरोधी तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता रहा है ।स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है, परंतु खुफिया एजेंसियां जैसे इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और अन्य सुरक्षा संगठन मौन धारण किए हुए प्रतीत होते हैं। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि अगर समय रहते इन संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी आपात परिस्थिति में यही लोग आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं ।यह कोई नया मामला नहीं है। वर्ष 2005 में उतरौला के नगवां गांव से दाऊद गैंग के एक सक्रिय सदस्य का जेल में रहते हुए पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण ने स्थानीय प्रशासन और पासपोर्ट विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए थे। बाद में मामले की जांच में दोषियों को सजा भी हुई, लेकिन उसके बाद भी स्थानीय स्तर पर सजगता का अभाव बना रहा ।वहीं अगस्त 2020 में बढ़या भैसाहीं गांव में एटीएस ने आइएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) के एक आतंकी को गिरफ्तार कर पूरे प्रदेश को चौंका दिया था। यह गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण थी कि आतंकी संगठन इस क्षेत्र में अपनी जड़ें जमा चुके हैं ।गत वर्ष बारावफात के जुलूस में दर्जनों लोगों ने खुलेआम पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। यह घटना उस समय के कई वीडियो फुटेज में सामने आई, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। आश्चर्यजनक बात यह रही कि पुलिस कई दिनों तक चुप्पी साधे रही। बाद में खानापूर्ति करते हुए शांतिभंग की धारा में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया ।नेपाल से सटी सीमा का फायदा उठाकर घुसपैठिए इस क्षेत्र में वर्षों से जड़ें जमा चुके हैं। नगर क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो किराए के मकानों में या अस्थायी झुग्गियों में रह रहे हैं। इनकी पहचान करने वाला कोई तंत्र फिलहाल सक्रिय नहीं है। बताया जा रहा है कि इन्हें कुछ स्थानीय सफेदपोश और जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है ।विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ता है।

# 32 छात्र-छात्राओं में टैबलेट वितरित कर बढाया हौसला

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को डा. वी.के. वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस बसुआपार के डी. फार्मा के 32 छात्र-छात्राओं में टैबलेट का वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम ने कहा कि शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है और आज के छात्र ए.आई. तकनीक से भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ऐसे में छात्रों के लिये टैबलेट बहु उपयोगी साबित होगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जो टैबलेट उन्हें उपलब्ध कराया गया है उससे ज्ञान अर्जित कर जीवन में आगे बढे। कहा कि यह संचार का युग है और छात्रों के लिये अनेक उपयोगी सामग्री नेट पर उपलब्ध है।

# सीएचसी बभनजोत में मनाया कन्या जन्मोत्सव

**गोण्डा , 21 मई (तरूणमित्र)।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बभनजोत में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी चंद्रमोहन वर्मा ने सीएचसी में जन्मी नवजात बच्चियों के साथ केक काटकर उनका स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान नवजात बालिकाओं को हिमालय बेबी किट, तौलिए और कपड़े भेंट किए गए। संरक्षण अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों एक समान हैं और समाज को दोनों को समान अवसर व सम्मान देना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेंद्र श्रीवास्तव ने लोगों को महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ हेल्पलाइन



नंबरों की जानकारी दी, जिससे आमजन को समय पर सहायता मिल सके। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तार से जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों से इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने योजना की आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। इस अवसर पर बीपीएम सनोज कुमार मिश्रा, अभिमन्यु, रेखा राय, प्रमिला सिंह और सुशील कुमार शुक्ला सहित विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीआरपी ने 35 लाख के 240 मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को किया सुपुर्द

**गोरखपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक रेलवे ने सर्विलांस सेल के माध्यम से खोए हुए 240 एन्ड्रायड मोबाइल जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया पुलिस ऑफिस रेलवे पर पुलिस अधीक्षक जीआरपी गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हमारे क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2025 माह मई तक कुल 240 खोए हुए मोबाइलों को जीआरपी अनुभाग गोरखपुर की सर्विलांस शाखा पुलिस टीम प्रभारी सर्विलांस के अथक प्रयासों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों व अन्य राज्यों दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, झारखण्ड, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, पंजाब मे जाकर खोये हुए मोबाइलों को बरामद किया बरामदशुदा मोबाइलों में ज्यादतर मोबाइलों की कीमत 35-40 हजार तक है।

सभी बरामदशुदा मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। बरामदशुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को पुलिस



अधीक्षक रेलवे कार्यालय गोरखपुर पर बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा अपना-अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर प्रफुल्लित हो उठे और हर्षोत्साहित होकर राजकीय रेलवे पुलिस अनुभाग गोरखपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी

### समाजवादी पार्टी छात्र सभा के कर्नलगंज नगर कमेटी का गठन

**कर्नलगंज (गोंडा) , 21 मई (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के दिशा निदेशों के अनुसार नगर अध्यक्ष मो0 साजिद सिद्दीकी के नेतृत्व में छात्र सभा की कर्नलगंज नगर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें छात्र सभा से जुड़े कई लोगों को अहम जिम्मेदारी दी गई। संगठन के महासचिव मोहम्मद सईद, उपाध्यक्ष मोहम्मद सूफियान, नियातुल हक, अबूबकर, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनस, मीडिया प्रभारी आशीष कुमार चौरसिया, सचिव सहीम सलमानी, मोहम्मद आबिद, कैफ मालिक, मोहम्मद अमन, मोहम्मद अरमान, रोशन आलम, मोहम्मद साहिल अंसारी, नूरुल हदा, मोहम्मद आमिर अंसारी, सदस्य फैय्याज सिद्दीकी, दिव्यांश ओझा, फखरुद्दीन, जियाउद्दीन, आकाश पाण्डेय मनोनीत किए गए।

### डीएम ने किया गुरू वशिष्ठ प्रेरणा लघु उद्योग का आकस्मिक निरीक्षण

**बस्ती , 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सॉऊघाट क्षेत्र में स्थित गुरू वशिष्ठ प्रेरणा लघु उद्योग, दरौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि प्लान्ट चालू हालात में है तथा प्लान्ट में आटा बेसन हलवा प्रीमिक्स की पैकेजिंग की जा रही है। नोडल सतीश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि फण्ड विलम्ब से मिलने के कारण प्लान्ट चलने में विलम्ब हुआ है एवं ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण विद्युत 14 घन्टे ही आती है, जिसके कारण प्लान्ट को जनरेटर से चलाया जाता है, जिसमें डीजल बहुत अधिक लगता है, जिसका भुगतान करने में कठिनाई होती है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में निर्देश दिया कि प्लान्ट चलाने में अधिक व्यय हुए डीजल का आगणन बनवाकर वायबिलिटी गैप फंड हेतु प्रस्तावित करें।

# विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने संभावित हड़ताल के दृष्टिगत अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**कुशीनगर, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के द्वारा विद्युत कर्मचारी संघ समिति उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कार्य बहिष्कार तथा दिनांक 20.5.2025 से संभावित हड़ताल के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों की विद्युत केंद्रों पर अग्रिम आदेश तक ड्यूटी लगाई गई है। *यह आदेश विद्युत कर्मियों की हड़ताल पर जाते ही तत्काल रूप से प्रभावित हो जाएगाजिलाधिकारी द्वारा विद्युत उपकेंद्रवार अधिकारियों की तैनाती की गई है ।

इसके अंतर्गत चार अधिशासी अभियंता एवं 102 अधिकारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गई है। इसी क्रम में अधिशासी अभियंता निर्माण खंड (लो0नि0वि0) राजेश निगम मो0 न0 9837521990 जो विद्युत उपकेंद्र कसया, सांखोपार, कुशीनागार,कसाया ग्रामीण,गुरुवलिया, गोपालगढ़, फाजिलनगर, पटहेरवा, के विद्युत उप केंद्रों पर सतत निगरानी रखने हेतु अधिकारी नामित किए गए हैं। इसी प्रकार राजेश सिंह मो0 न0 7007819093 अधिशासी अभियंता लो0नि 0वि0 (प्रांतीय खंड) को हाटा तहसील, खोट्टा,बरौली, बिस्वा मठवालगिर, कप्तानगंज, मथौली, गिदहाचक बैरिया, सोहसा मठिया, रामकोला, टेकुआटार रगड़ गंज एवं लक्ष्मीगंज फीडर, रामकोला न्यू,पडरौना,न्यू विशुनपुरा, पडरौना ओल्ड टाऊन न0- 1,रविन्द्रनगर हेतु अधिकारी नामित किया गया है। दूधनाथ राम मो0 न0 9450687374 अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड -2 को आईपीडीएस ।

# प्रधानमंत्री आज जनता को समर्पित करेंगे नवविकसित ओरछा स्टेशन

## अमृत भारत स्टेशन योजना में विकसित हुए ओरछा व पुखरायां
## ओरछा स्टेशन के दूसरे अंडर ब्रिज में नहीं होगा जलभराव




झांसी, 21 मई (तरूणमित्र)। भारत सरकार और रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रथम फेज में चयनित तथा पुनर्विकसित 103 स्टेशनों का लोकार्पण 22 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरे देश में विकसित भारत संकल्पना को गति देते हुए 26 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली बड़ी परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत झांसी रेल मंडल के दो स्टेशनों ओरछा और पुखरायां स्टेशन को विकसित किया गया है। विश्व प्रसिद्ध स्थल ओरछा रेलवे स्टेशन को 6.5 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया गया है।

इससे यहां के स्थानीय नागरिकों के साथ ही इस नगर में पूरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। यहां डिजाइन के साथ अध्यात्म और संस्कृति का अनूठा संगम है। इसको ओरछा मंदिर के तर्ज पर स्टेशन को डिजाइन किया गया है।

यहां रामराजा सरकार और भक्त हनुमान की मूर्ति भी स्थापित की गई है। यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए सकुर्लेटिंग एरिया का विस्तार किया गया है।डीआरएम ने बताया कि ओरछा स्टेशन के निकट दूसरे अंडर ब्रिज के बन जाने पर जल भराव की समस्या से हमेशा हमेशा से छुटकारा मिल जाएगा। इसमें पानी की निकासी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पुराने अंडर ब्रिज की भी जल भराव की समस्या का उक्त तकनीक के माध्यम से समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सेना के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजन, पद्म पुरस्कार से सम्मानित विशिष्टजन, स्थानीय लोग तथा रेल परिवार के सदस्य मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। नए भारत के नए स्टेशन यात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हैं।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि मनाई



झाँसी, 21 मई (तरूणमित्र)। शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उन्हें याद किया व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने वाले राजीव गांधी को देश कभी विस्मृत नहीं करेगा। उन्हें ही भारत में कंप्यूटर क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान की और 18 वर्ष की आयु के युवाओं को मताधिकार दिलाकर भारतीय लोकतंत्र को नई दिशा दी। उनका संपूर्ण जीवन समरसता, सत्य और कर्मनिष्ठा का प्रतीक रहा। उन्होंने कभी किसी पद का घमंड नहीं किया – वे सदैव पद की गरिमा से ऊपर उठकर राष्ट्र सेवा में रत रहे, चाहे वे प्रधानमंत्री के पद पर रहे हों या नहीं। इस अवसर पर राजकुमारी गौर, वैभव बट्टा, राहुल रिछारिया, अखलाक मकरानी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता व नेता उपस्थित रहे।

# आदिवासी की जमीन धोखाधड़ी कर हड़पी, संघर्ष सेवा समिति ने डीएम से की शिकायत



झाँसी, 21 मई (तरूणमित्र)। रक्सा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलींदा निवासी मोहन आदिवासी की पट्टे की एक जमीन को गांव के ही रहने वाले शंकर सिंह राजपूत ने धोखाधड़ी से बेच दी। जन असहयोग एवं जानकारी के अभाव में मोहन आदिवासी दर दर न्याय के लिए भटक रहा था। कुछ लोगों द्वारा मोहन को संघर्ष सेवा समिति कार्यालय संपर्क करने की सलाह दी गई जानकारी प्राप्त कर मोहन आदिवासी अपने परिवार के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे, जहां प्रकरण की पूरी जानकारी ली गई। बुधवार डॉ संदीप सरावगी संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां मोहन के साथ हुई धोखाधड़ी की पूरी जानकारी प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी गयी।

डॉ संदीप ने कहा आदिवासी जन बहुत मेहनत कर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं उनके साथ धोखाधड़ी करने वालों पल कठोर से कठोर कार्यवाही होना चाहिये। अधिकारियों द्वारा इस प्रकरण में न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संदीप नामदेव, सुशांत गेडा, आशीष विश्वकर्मा, गोपाल सहारिया, राजू सेन,महेन्द्र रायकवार, आदि उपस्थित रहे।

## खेतों की लगी आग से लाखों की फसल व भूसा जलकर हुआ खाक

बांदा, 21 मई (तरूणमित्र)। जनपद के गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत जमरेही गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते हजारों बीघा खेत जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आकर खेतों में रखा भूसा, सिंचाई के पाइप, सब्जियां, ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर और अन्य कृषि सामग्री पूरी तरह जल गई। स्थानीय किसान के अनुसार, खेतों में हजारों कुंतल भूसा रखा गया था, जो पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना से पशुओं के चारे का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। किसान ने बताया कि अब हमारे जानवरों के सामने भूख से मरने की नौबत आ गई है।

# जनपद को जल्द मिलेगी बल्क ड्रग फार्मा पार्क की सौगात

## गंभीर बीमारियों की दवाएं व मेडिकल डिवाइज होंगे तैयार : जिलाधिकारी



ललितपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति के 24 मई को सम्भावित जनपद भ्रमण के चलते महरौनी के ग्राम सैदपुर में बन रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का डीएम अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण कर प्रथम चरण के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण करते हुए, डीएम ने अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर जनपद ललितपुर के ग्राम सैदपुर विकास खण्ड मड़ावरा में फार्मा पार्क की स्थापना की जा रही है, जो भारत सरकार एस्पायरेशन विकास खण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है और इसे लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है, इस हेतु आगामी 24 मई को मुख्यमंत्री की सलाहकार समिति का दौरा भी सम्भावित है। इस सलाहकार समिति में मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डा.केवी राजू व खाद्य एवं सुरक्षा सलाहकार डा.जीएन सिंह शामिल रहेंगे। इससे पहले भी विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग फार्मा पार्क में प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें सड़क के चौड़ीकरण हेतु बिजली के खंभों को शिफ्टिंग, विद्युत उपकेन्द्र व अलग से विद्युत लाइन डाले जाने तथा वन विभाग द्वारा पेड़ कटान का कार्य कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग विजय चन्द्र, अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सिंह, तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रोहित त्रिपाठी, प्रबंधक, आरएम यूपीसीडा संदीप, यूपीसीडा जॉनी बिल्टोरिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच हजार से अधिक पदों को समाप्त कर रही सरकार

## काला फीता बांधकर जताया सांकेतिक विरोध



ललितपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। सिंचाई विभाग संयुक्त सघर्ष समिति के तत्वाधान में प्रान्तीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार सिंचाई कार्य मण्डल के समक्ष विभिन्नों पदों जिसमें सींचपाल, उपराजस्व निरीक्षक, ट्यूबबेल संचालक, चालक, टन्डेल, रनर आदि के लगभग 55 सौ महत्वपूर्ण पदों को समाप्त किये जाने के विरोध में काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया।

यह समस्त पद विभाग की धुरी के रूप में कार्य करते है एवं सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों की आय दोगनी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

संघ की मांग है कि इन पदों को पुनः बहाल किया जाये जिससे गरीब संवर्ग के बच्चों को भी रोजगार के उचित अवसर प्रदान किये जा सकें और वो भी देश की निरन्तर प्रगति में योगदान कर सकें। इस दौरान सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ अध्यक्ष इं.सुरेन्द्र अहिरवार, मिनिस्ट्रीयल एसोशिऐसन मण्डल अध्यक्ष संजय मिश्रा, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष आनन्द स्वरूप रजक, सहायक अभियन्ता मनोज त्रिपाठी, विपिन, पूजा, रमाकान्त, रौली, नेहा, अशोक गुप्ता, इं.अंकित गुप्ता, हरिओम राठौर, इं.सुनील पंवार, राहुल आर्या आदि उपस्थित रहे।

## जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



ललितपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। लेखपाल पर जबरन चक बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा कराये जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम मऊमाफी निवासी महेश पुत्र चऊंवा व चऊवा पुत्र भगोने ने मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से शिकायत भेजी है। शिकायत में कहा गया कि ' उसकी आराजी संख्या 209/1 जिसका रकवा 0.96 हे. भूमि पर एक महाविद्यालय के संचालक ने गांव के हरनारायण से खरीदी है, जिसका रकवा 1.18 डिस्मिल है। आरोप है कि लेखपाल ने सांठगांठ कर उसकी भूमिधरी आराजी पर चक बना दिया है। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो लेखपाल ने उसे गालियां देते हुये अभद्रता की और कहा कि उसकी जमीन का कोई निर्णय नहीं हुआ है, अब यह जमीन पर वह चक बना रहा है। पीडित ने मुख्यमंत्री से मामले की जांच कराकर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




झांसी, 21 मई (तरूणमित्र)। ग्राम रक्सा स्थित पंचायत भवन में ट्रैफिक चीफ वार्डन प्रगति शर्मा ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें मानव जीवन एक ही बार प्राप्त होता है। यदि हम अपने जीवन को नियम-संयम से बांध लें तो हम भी सुरक्षित व हमारा परिवार भी सुरक्षित होगा। हमें चालान के डर से नहीं वरन यमराज के डर से यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना चाहिए। उक्त अवसर पर ट्रैफिक वार्डन दीपशिखा शर्मा, समाजसेवी जयदेव पुरोहित, ग्राम प्रधान राजेंद्र राजपूत, जितेंद्र परमार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राचीन लहर की देवी मन्दिर के नाम से हो रही धन उगाही: महंत

झांसी, 21 मई (तरूणमित्र)। सीपरी बाजार में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां लहर की देवी मन्दिर के नाम से तथा कथित लोगों द्वारा चंदा वसूली की जा रही है जबकि मंदिर के द्वारा किसी प्रकार का चंदा नहीं लिया जा रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति मंदिर के नाम पर चंदा वसूली करता है तो उसकी पुलिस को सूचना दी जाए। लहर की देवी मंदिर के महंत मोहन गिरी राष्ट्रीय मंत्री श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा ने मीडिया को उक्त जानकारी देते हुए जनता से अपील की है। उन्होंने बताया कि मंदिर के नाम से न ही कोई समिति है और नहीं बनाई गई है, इसलिए किसी के भ्रम में न आए और मन्दिर के नाम से किसी को चंदा नहीं दे। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मंदिर के नाम से फर्जी समिति बनाकर आम जनता, श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों को गुमराह कर धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने व हवन पूजन कराने के नाम पर चंदा वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज तक मन्दिर के नाम आज तक कोई समिति नहीं बनी है। उन्होंने जनता, श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को मंदिर के नाम पर चंदा न दें और ऐसे लोगों से सावधान व सचेत रहें। इस दौरान हरिओम यादव, रामेश्वर गिरी, बलराम, मानसिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिलकर जनहित के बिंदुओं पर की चर्चा

झांसी, 21 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बबीना विधानसभा के विधायक राजीव सिंह पारीछा ने शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई जिसमें बबीना क्षेत्र से संबंधित कई विकासात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक राजीव सिंह पारीछा ने मुख्यमंत्री को बबीना विधानसभा की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया। चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, सिंचाई साधनों का विस्तार, और शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों की बढ़ोत्तरी जैसे विषय उठाए गए। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है।

### विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग

ललितपुर, 21 मई (तरूणमित्र)। बुढ़वार रोड स्थित केन्द्रीय विद्यालय के पास आसरा कालोनी के लोगों ने विगत कुछ दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप होने का आरोप लगाते हुये बुधवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान कालोनी के लोगों ने विद्युत कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन करते हुये तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग उठायी। मामले को संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल मामला संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। ज्ञापन देते समय सना, ज्योति, भारती, पिंकी, रेहाना, रेनु, गीता, ममता, सम्पतिया, सुप्रिया, नीलम, फूलबाई, हेमा रजक, नफीसा, मिथला, शारदा, ममता, नीलोफर आदि मौजूद रहे।

### अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़

बांदा, 21 मई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर के नेतृत्व में थाना चिल्ला व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध शस्त्रों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना चिल्ला व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम बीती देर शाम अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु भ्रमणशील थी इसी दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली कि पैलानी की ओर से एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति संदिग्ध वस्तु लेकर फतेहपुर की ओर जा रहे हैं । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सहूरपुर मोड़ पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की गई, चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किए। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते दोनों को पकड़ लिया गया । तलाशी में दोनों अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए । कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने घर में अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हैं तथा अवैध निर्मित शस्त्रों की बांदा और उसके आस-पास के जनपदों में 05-06 हजार में बिक्री करते हैं, आज भी वे फतेहपुर की ओर डिलीवरी करने जा रहे थे। अभियुक्तों की निशानदेही पर अभियुक्त भजना के घर से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयसिंह निवासी ग्राम चमराह थाना चिल्ला जनपद बांदा व भजना उर्फ रामभजन प्रजापति ग्राम सुनैचा थाना कबरई जनपद महोबा हैं।

### तीन दिवसीय महायज्ञ का होगा आयोजन

चित्रकूट, 21 मई (तरूणमित्र)। 17 से 20 दिसंबर 2025 मे उप जोन स्तरीय 151कुण्डीय गायत्री महायज्ञ चित्रकूट मे आयोजित है। इसमे चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयाग और बाँदा के पदाधिकारी शामिल होंगे। जुलाई से जोन, उपजोन, जिला की बैठके आयोजित की जायेगी उसके पहले स्थानीय कार्यकर्ताओ जानकारी बिधिवत रहे। चित्रकूट 16वे अश्वमेध महायज्ञ के बाद सम्मिलित प्रयास से आयोजित यह पहला विराट कार्यक्रम है।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया याद

चित्रकूट, 21 मई (तरूणमित्र)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि खरसेड़ा के दलित बस्ती में मनाई गई। इस दौरान चैपाल का आयोजन कर राजीव गांधी के व्यक्तित्व पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहां राजीव गांधी ने देश को आगे ले जाने के लिए कम समय में बहुत काम किया संचार क्रांति 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण कार्य किया है उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता हम सभी लोग संकल्प ले कि कांग्रेस पार्टी गांव गांव में मजबूत करने के लिए काम करना राष्ट्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान गांव-गांव पहुंचकर नए सिरे से संगठन को गांव और मंडल स्तर पर मजबूत करना है इसके लिए हम सभी को मिलकर के काम करना लोकतंत्र। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने राजीव गांधी ने अपने त्याग परिश्रम के बल पर देश को आगे ले जाने का काम किया है।

# दस दिवसीय आदिवासी नृत्य कार्यशाला का समापन

## बच्चों को अतिथियों ने बांटे प्रमाण पत्र



चित्रकूट, 21 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा दस दिवसीय आदिवासी कोलहाई नृत्य कार्यशाला का समापन कार्यक्रम अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान रानीपुर भट्ट में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ गोपाल मिश्रा, विभागाध्यक्ष संगीत संकाय, दिव्यांग विश्वविद्यालय रहे।

दस दिवसीय कार्यशाला समापन में आदिवासी बच्चियों द्वारा राई, कोलहाई नृत्य की प्रस्तुति की गई। प्रस्तुति देख सभी लोग मंत्रमुग्ध हुए। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान संस्थापक गोपाल भाई द्वारा यह कार्य प्रशंसनीय है पुरातन संस्कृति को नई पीढ़ी ही बढ़ा सकती है और इस नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति की पहचान कराना एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को संस्कृति विभाग द्वारा लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सभी बच्चियों को अतिथियों द्वारा कार्यशाला का प्रमाण पत्र दिये गये। संस्थान निदेशक राष्ट्रदीप ने बताया कि कार्यशाला में 30 आदिवासी बच्चियों के द्वारा प्रतिभाग किया।

समापन कार्यक्रम में डॉ सचिंद्र उपाध्याय सहित संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालयों के बच्चों के लिये समर कैंप का होगा आयोजन

चित्रकूट। उच्च प्राथमिक-कंपोजिट विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। यह कैंप 445 विद्यालयों में आयोजित होंगें। इसके लिए सुबह 7.30 से 10.30 की समयावधि निर्धारित की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर प्रेरित किया जाए।

# कांग्रेसजनों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि



बांदा, 21 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष /पूर्व मंत्री अजय राय के निदेर्शानुसार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि जिला एवं शहर कांग्रेस के तत्वाधान में बड़ोखर ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत तिंदवारा ग्राम पंचायत में मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा की राजीव गांधी का आत्मीय लगाव जनपद बांदा वासियों से काफी अच्छा था 1985 में कांग्रेस के दिग्गज नेतागण दिल्ली स्थित उनके निवास पर जिले की मूल भूत समस्याओं को लेकर उनसे मिले उन्होंने गर्म जोशी से सबको गले लगाकर 40 मिनट तक वातार्लाप की गई कांग्रेस जनों द्वारा जब यह बतलाया गया कि जनपद बांदा बुंदेलखंड का अति पिछड़ा जिला है बेरोजगारी चरम सीमा पर है तब उनके द्वारा बरगढ़ में ग्लास फैक्ट्री लगवाई गई थी जिसमें करोड़ों की मशीन भी लगी उनके ना रहने पर अन्य सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया कांग्रेस नेता संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा राजीव जी पंचायती राज एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। रमेश चंद दुबे ने बतलाया की राजीव गांधी अत्यंत ही सादा और सरल जीवन व्यतीत करने वाले देश में सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, पी सी सी पवन देवी कोरी, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने संयुक्त रूप से कहा कि पंचायत से संसद तक आज जो भी महिलाएं प्रतिनिधित्व करती दिख रही है वह स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है 18 वर्ष की उम्र में वोट डालने का अधिकार कानून में संशोधन कर उन्हीं के द्वारा यह व्यवस्था दी गई थी। इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य, कुन्नू यादव, कालीचरण साहू, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, अमलेशा अनुरागी, सीमा, बॉबी युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य सिंह, संतोष कुमार द्विवेदी, बी लाल वर्मा, केपी सेन, कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, जिलानी दुरार्नी,रफत खान गोगा, लाला, रामकिशोर कबीर, भूरा भाई, अशोक वर्धन कर्ण, रमाकांत निगम, संतोष तिवारी, इंद्रवती, शोभा, शिव दुलारी, राजरानी, शिव प्यारी, दिनेश गुप्ता, ईशू फैज खान मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

अतर्रा/बांदा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को बताया अतुलनीय। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर कस्बे के गांधीनगर में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय गांधी ने देश के विकास में अतुलनीय योगदान दिया जिसको भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने देश में पंचायती राज व्यवस्था सहित कई क्रांतिकारी बदलाव की कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य रमेश चंद कोरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूरज बाजपेई ने कहा कि राजीव गांधी जी ने ही देश को कंप्यूटर क्रांति सहित देश के नौजवानों को मताधिकार का अधिकार दिलाने का काम किया उन्होंने कम समय में देश को आर्थिक समृद्धशाली बनाने के लिए कार्य किया।

## एयरबैग से टला बड़ा हादसा कार पुल से नीचे गिरी

बांदा, 21 मई (तरूणमित्र)। जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात चालक की सतर्कता और कार में मौजूद आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की वजह से जानहानि होने से बच गई। घटना बाबूलाल चौराहा के पास स्थित पुराने पुल की है, जहां सामने से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस से टक्कर टालने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें लगे एयरबैग समय पर खुल जाने से उसमें सवार चालक सहित अन्य लोगों की जान बच गई। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत कार्य शुरू कराया।

# उरई में विकास को नई गतिः जल शक्ति मंत्री ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह ने उरई विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में विधिवत लोकार्पण किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और यह लोकार्पण उसी का उदाहरण है। इस अवसर पर मंत्री जी ने कुल रु. 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रु. 39.42 लाख की लागत से राठ-अजनारी लिंक रोड से अजय यादव के घर होते हुए बलवीर सिंह सेंगर, इन्द्रा नगर तक सीसी रोड एवं नाली का निर्माण। रु. 24.07 लाख की लागत से धर्मा पैलेस के पास से रामेश्वर गुबरेले और प्रभा श्रीवास्तव के मकान तक लगभग 215 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण। रु. 16.51 लाख की लागत से कालपी रोड पर चैरासी मोड़ से रीना सिंह के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण। रु. 11.37 लाख की लागत से झांसी-कानपुर रोड एनएच-25 से श्रीकांत तिवारी के मकान होते हुए गिरजा शंकर के मकान तक सीसी रोड निर्माण। रु. 9.68 लाख की लागत से वार्ड नंबर 9 इखलासपुरा बाईपास से संजीव चंसौलिया के मकान तक सीसी रोड का निर्माण। इसके अतिरिक्त रु. 47.21 लाख की लागत से एनआईसी गेट से ऑफीसर कॉलोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क के दोनों ओर जिग जैग क्रम में सिंगल आर्म स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भी लोकार्पण करते हुए स्विच ऑन कर संचालन प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चैहान, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चैधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से करा रही विकास कार्यः मंत्री**

# जल और जीवन का गहरा रिश्ताः जलशक्ति मंत्री

● **जलशक्ति मंत्री ने ग्राम महोई में विकास की बहाई नई धारा, पम्प नहर का किया शिलान्यास**
● **29.64 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

माधौगढ़/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ०प्र० स्वतंत्र देव सिंह द्वारा जनपद के ग्राम महोई, तहसील माधौगढ़ में पाहुज नदी के बाएं तट पर स्थित नवीन महोई पम्प नहर का भव्य शिलान्यास किया गया। साथ ही कुल 29.64 करोड़ की लागत वाली 8 परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्रीय विकास, ग्रामीण सशक्तिकरण और जल संसाधन प्रबंधन के नए अध्याय की शुरुआत हुई।

नवीन महोई पम्प नहर के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। यह पम्प नहर विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जल उपलब्ध कराएगी, जहां परंपरागत सिंचाई संसाधन या तो अनुपलब्ध हैं या सीमित हैं। लोकार्पित परियोजनाओं में सड़क मार्गों के सुधार, पुलिया निर्माण, एवं नहरों के किनारों पर सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। पहले जहां मानसून के समय मार्गों पर आवागमन बाधित होता था, वहीं अब नई सड़कों और मरम्मत कार्यों के माध्यम से सभी मौसमों में निर्बाध यात्रा संभव होगी। यह सुधार न केवल दैनिक आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि किसानों की उपज को मंडियों तक पहुँचाने में भी मददगार साबित होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

इन परियोजनाओं में नहरों का पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण भी एक अहम हिस्सा रहा। दशकों पुरानी नहरों की मरम्मत कर उन्हें जल वहन योग्य बनाया गया है। इससे जल आपूर्ति व्यवस्था बेहतर हुई है, और जल रिसाव जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया गया है। कार्यक्रम में लगभग 22.50 करोड़ की लागत से बनने वाली नई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएं आगामी समय में क्षेत्रीय जल संसाधनों और ग्रामीण ढांचे के और अधिक विस्तार में सहायक होंगी। इस अवसर पर ग्राम महोई और आसपास के ग्रामीणों में अत्यंत उत्साह का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब खेतों को समय पर सिंचाई मिल पाएगी, और फसलों की गुणवत्ता के साथ उत्पादन भी बढ़ेगा। ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों ने कहा कि सड़कें और जल प्रबंधन की सुविधाएं उनके जीवन को सरल बना रही हैं, जिससे सरकार की योजनाओं पर जनविश्वास और मजबूत हुआ है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार गाँव, किसान और गरीब के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जल और जीवन का गहरा रिश्ता है। हमारी सरकार का हर कदम जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण उत्थान को समर्पित है। हम हर खेत तक पानी पहुँचाकर ही दम लेंगे। ग्राम महोई में आज का कार्यक्रम केवल शिलान्यास और लोकार्पण का आयोजन नहीं था, यह किसानों की खुशहाली और गाँवों की तरक्की की ठोस शुरुआत है। जलशक्ति मंत्रालय के प्रयासों से जालौन अब विकास के उस पथ पर है, जहाँ हर खेत हरा-भरा होगा, हर घर जलयुक्त और हर रास्ता सुरक्षित। सरकार की यह दूरदर्शी पहल प्रदेश को 'समृद्ध उत्तर प्रदेश' की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## पुलिस कंट्रोल रूम ने पुलिस लाइन में किया हनुमंत भंडारे का आयोजन

उन्नाव, 21 मई (तरूणमित्र)। पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के प्राचीन मंदिर में भव्य मंगल उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाबा बफार्नी मंडल के आशीष पांडे, प्रिया मिश्रा आदि के द्वारा सुंदरकांड पाठ समापन के बाद पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर द्वारा श्रद्धालुओं को हनुमंत भंडारे में सब्जी पूड़ी व बूंदी का भोग प्रसाद वितरित कर भंडारे की शुरूआत की गई' कार्यक्रम का संयोजन पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा अपूर्व ने किया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, प्रतिसार निरीक्षक, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला महामंत्री प्रदीप वर्मा एवं जिलाध्यक्ष संजीव शंखवार, कमलासन पांडे, रीना पांडे सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। ट्रीमैन के नाम से लोकप्रिय सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने सभी श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उन सभी से कम से कम पांच पौधे लगाने की अपील की' भंडारे में बच्चे पुलिस अंकल से आइसक्रीम और टॉफी- चॉकलेट पाकर खुशी से झूम उठे।



## रकम दोगुना करने वाली चिटफंड के भागने पर निवेशक परेशान

● **मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंप कंपनी में जमा रकम वापस दिलाने की उठाई मांग**

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। निवेश पर रकम दोगुना करने का लालच देने वाली चिटफंड के भागने पर निवेशक परेशान हैं। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के लोगों ने राष्ट्रपति व उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन सीओ को देकर कंपनी में जमा रकम वापस दिलाने की मांग की है।

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गिरींद्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में जहांगीर बक्स मंसूरी, ब्रजकिशोर, अशोक, लज्जाराम, हरदयाल शाक्यवार, राजेश कुमार सिंह, रामबरन, संतोष कुमार, प्रभात कुमार, अभिषेक सोनी, पुनीत, अरविंद, विवेक, मोहित, गौरव, प्रमोद, योगेशचंद्र आदि ने राष्ट्रपति व उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन सीओ शैलेंद्र बाजपेई को सौंपकर आरोप लगाया कि एलयूसीसी नामक चिटफंड कंपनी में निवेशकों से रकम जमा कराई। रकम जमा होने के बाद कंपनी अपनी शाखाओं में ताला डालकर भाग गठ। इससे निवेशकों की रकम डूब गई। 31 दिसंबर 2024 से कार्यालय में ताला लटकने के कारण निवेशक परेशान हैं और रकम वापस पाने के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने अविनियमित योजनाएं पाबंदी कानून 2019, वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम 2016 एवं चिटफंड कंपनियों से पीड़ितों द्वारा जमा की गई रकम को बुडस अधिनियम 2019 के तहत वापस दिलाने की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी कंपनियों से ठगी के शिकार होने से बचाने के लिए कठोर कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है।



## भीषण गर्मी में संयमित बिजली का करें उपयोगः एसडीओ

कोंच/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। विद्युत उपखंड अधिकारी रविन्द्र कुमार ने भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुए नागरिकों से बिजली का संयमित उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तापमान के कारण बिजली की मांग बढ़ने से वितरण प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है ऐसे में जनसहयोग आवश्यक है। एसडीओ ने यह नही कहा कि एयर कंडीशनर, कूलर और पंखों को केवल आवश्यकता के समय ही चलाएं अनावश्यक उपकरणों को बंद रखकर हम लोड कम कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिजली बचाना केवल विभाग की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है उन्होंने नागरिकों को हेल्पलाइन 1912 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जिससे समस्याओं का त्वरित निवारण हो सके गर्मी के मौसम में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच जाती है, जिससे कभी-कभी अचानक लोडशेडिंग की स्थिति उत्पन्न होती है। विद्युत विभाग ने इस चुनौती से निपटने के लिए 24/7 कॉल सेंटर और मोबाइल एप्लिकेशन जैसी सुविधाएं शुरू की हैं। हम सभी की थोड़ी-सी सावधानी बड़े संकट को टाल सकती है। बिजली बचाएं, दूसरों के लिए भी आपूर्ति सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज आवाज में डीजे बजाने को लें युवक ने ग्रामीणों के साथ की अभद्रता

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। तेज आवाज में डीजे बजाने को मना करने पर युवक ने ग्रामीणों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी शैलेंद्र कुमार रात के समय तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। तेज आवाज में बज रहे डीजे से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। जब मोहल्ले के लोगों ने शैलेंद्र के यहां जाकर उसे तेज आवाज में डीजे बजाने से रोका तो वह ग्रामीणों के साथ अभद्रता करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### युवक को रास्ते में रोककर की मारपीट

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। पान मसाला खाकर घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर दो लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी शकील ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार की रात तकिया चैराहे पर पान मसाला खाने के लिए आया था। पान मसाला खाकर वह वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में बड़ी मस्जिद के पास संतोष व मनीष मिल गए और जबरन उसे रास्ते में रोक लिया। जब उसने कारण पूछा तो लाठी, डंडों और ईंट पत्थर से मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कालपी/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी के साथ कालपी के महेवा ब्लाक के गड़गवा (कुटरा) की गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। प्रधान एवं जिम्मेदार कर्मचारियों को उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। बताते चलें कि एसडीएम सुशील कुमार सिंह व विकास खंड अधिकारी संदीप मिश्रा ने ग्राम पंचायत के द्वारा संचालित कुटरा गौ-आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गर्मी में गौवंशो से बचाव के उपायो को देखा तथा पानी की टंकी, भूसा, चारा की हकीकत परखी। गौशाला में गौवंशो के संरक्षण के लिए पंचायत के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। एसडीएम ने मौके पर मौजूद प्रधान राजू सिंह को निर्देश दिया के गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौवंशी के लिए छाया के पुख्ता इंतजाम निरंतर रखें जाये। साथ ही हरे चारे की व्यवस्था की जाए तथा गौवंशो को शुद्ध पानी की व्यवस्था होनी आवश्यक है। ग्रामीणों तथा केयर टेकरो की मौजूदगी रही।

## भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा शनि धाम में शनि महोत्सव का भव्य आयोजन

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। आगामी 27 मई (ज्येष्ठ अमावस्या) को ग्राम गूढ़ा स्थित शनि धाम में शनि महोत्सव का आयोजन भव्य और आकर्षक रूप में किया जाएगा। इस अवसर पर पहली बार कानपुर से आई अमर तिलकधारी की टीम द्वारा देवी-देवताओं की भव्य झांकियों का मंचन रात्रि जागरण के दौरान किया जाएगा।

मंदिर के महंत बृजेश महाराज ने बताया कि शनि धाम पर निरंतर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं। फरवरी माह में शनि स्थापना दिवस और ज्येष्ठ अमावस्या को शनि जन्मोत्सव के अवसर पर हवन, पूजन, भंडारा एवं भागवत कथा आदि कार्यक्रम प्रतिवर्ष किए जाते हैं। बताया कि इस वर्ष का शनि महोत्सव विशेष रहेगा, क्योंकि इसमें रात्रि जागरण में देवी-देवताओं की भव्य झांकियों का आयोजन पहली बार किया जा रहा है, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए शनि भक्तों की टीम दिन-रात जुटी हुई है। सभी तैयारियां पूर्ण होने को हैं। 27 मई को ज्येष्ठ अमावस्या को भक्तों को अलौकिक वातारण में पूजन का अवसर प्राप्त होगा।

## उत्तर प्रदेश क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में तेजी से अग्रसर

उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। स्वस्थ नागरिक राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। किसी भी देश व प्रदेश की प्रगति का मापदण्ड उसमे निवास करने वाले नागरिक के स्वास्थ्य की स्थिति से ही जाना जाता है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षयरोग मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये है।

प्रदेश में क्षय रोगियों को बेहतर आधुनिक जाँच उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 926 नैट मशीनें एवं 14 कल्चर डीएसटी प्रयोगशाला के द्वारा प्रदेश के क्षय रोगियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में 25 नोडल ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र एवं 56 जनपदीय ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र दवा प्रतिरोधी टीबी का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। नोडल डी0आर0टी0वी0 सेन्टरों में एमडीआर/एक्सडीआर क्षय रोगियों हेतु बीडाक्यूलीन एवं डिलामिनिड आधार रेजीमेन उपचार हेतु उपलब्ध है।

वर्ष 2024 में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि अभियान के दौरान कुल 15,321 टीबी के मामलों को डायग्नोज एवं उनका उपचार किया गया है। साथ ही 2.45 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए 90 हजार नये टीबी मरीजो की पहचान करते हुए इलाज शुरू किया गया है। टी0बी0 मुक्त स्थिति की दिशा में प्रगति के प्रमाणन के तहत 7 जिलों हापुड़, कौशांबी, संत रविदास नगर, शामली, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र को कांस्य पदक में और 04 जिलों जालौन, मुजफरनगर, बुलंदशहर, पीलीभीत को रजत पदक से वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 के अवसर पर सम्मानित किया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में क्षय रोगियों के नमूनों को माइक्रोस्कोपिक सेन्टर से जनपद मुख्यालय तथा कल्चर प्रयोगशाला तक पहुंचाने हेतु डाक विभाग से राज्य स्तर पर अनुबंध किया गया है जिससे संबंधित प्रयोगशाला में नमूनों को शीघ्र पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस मनाया जा रहा है जिसमें संभावित क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार शुरू करना, टीबी के इलाज छोड चुके मरीजों को पुनः उपचार में लाना एवं निक्षय पोषण योजना डीबीटी हेतु बैंक विवरण की इन्ट्री करना प्रमुख है।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनों/लोकोपकारी संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा गोद लिया जा रहा है।

## क्रिकेट और रस्सी खींचतान में बच्चों संग खेले बीईओ

उन्नाव, 21 मई (तरूणमित्र)। विकासखंड औरास के रामपुर गढ़ौवा जूनियर में बीईओ ने शिक्षकों और बच्चों के साथ आज से शुरू हो रहे समर कैंप का उद्घाटन किया। सभी ने योगा और मेडिटेशन के लाभ जानकर आसन किए। बच्चों के साथ बीईओ और शिक्षकों ने पौधों और फुलवारी को कीड़ों से बचाने को राख का छिड़काव किया। सभी ने मिलकर विद्यालय में झाड़ू लगाई और स्वच्छता की शपथ ली। प्रदीप वर्मा ने बच्चों को स्वच्छंद होकर समर कैंप में नवीन गतिविधियों को सीखने को प्रेरित किया। बालक और बालिकाओं के बीच हुए रस्सी खींचतान में बालिकाएं विजई रहीं। बच्चों के बीच चेस, कैरम और लूडो के साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। उपासना ने बीस रन का स्कोर और बीईओ का विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। ग्रीष्मकाल में आयोजित समर कैंप में संजय शुक्ल ने पौधों को सूखने से बचाने के लिए पौधों की सेवा और सिंचाई रोज करने को कहा। बीएसए ने जनपद के दस चुनिंदा समर कैंप में एक रामपुर गढ़ौवा को भी शामिल किया गया है। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने पिछले वर्ष भी रामपुर गढ़ौवा में सात दिवसीय कैंप का आयोजन करवाया था जिसकी बीएसए, सीडीओ और जिलाधिकारी के साथ ही महानिदेशक कंचन वर्मा ने भी सराहना की थी। गत वर्ष हुए विद्यालय के आयोजन की तस्वीरों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशिका में संकलित भी किया गया है। प्रधानाध्यापिका शशि देवी और स्टाफ उपस्थित रहा।



### घर से बाजार के लिए निकली किशोरी एक माह से लापता, पिता ने दी तहरीर

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। घर से बाजार के लिए निकली किशोरी लगभग एक माह से लापता थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीती 26 अप्रैल की दोपहर 12 बजे जालौन जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बाद में पता चला कि उनकी बेटी को गांव का ही युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कबाड़ व्यापारी जीएसटी चोरी कर लगा रहे राजस्व को चूना

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। नगर के कबाड़ व्यापार में जमकर जीएसटी चोरी कर राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से व्यापार करने वाले दुकानदार बेखौफ होकर कबाड़ के कारोबार में जीएसटी चोरी में लगे हैं।

मध्यप्रदेश सीमा से सटे होने के कारण नगर जीएसटी चोरी के लिए एक सुविधाजनक केंद्र बनता जा रहा है। नगर में सक्रिय कई कबाड़ व्यापारी लोहा और अन्य कबाड़ सामग्री का कारोबार कर रहे हैं। इन व्यापारियों द्वारा ग्वालियर, अलीगढ़, कानपुर जैसे शहरों में प्रतिदिन ट्रकों के जरिए माल भेजा जा रहा है, जिसमें अक्सर फर्जी बिल, बिना जीएसटी रजिस्ट्रेशन और टैक्स चोरी की आशंका होती है। नगर से कबाड़ का लाखों का कारोबार किया जा रहा है। जिसमें से अधिकांश दुकानदार जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं। फर्जी कागजातों के सहारे कबाड़ को बाहर भेजकर सरकार को लाखों रुपयों का राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। व्यापार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नगर जालौन में प्रत्येक माह लाखों की टैक्स चोरी की जा रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नही दे रहा है। विभागीय उदासीनता के चलते सरकार राजस्व के रूप में जीएसटी चोरी का सिलसिला लगातार बेरोकटोक चल रहा है। इस बाबत असिस्टेंट कमिश्नर विपिन सोनकर ने बताया कि वह उरई कार्यालय से बात कर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों संग की बैठक

उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था में सुधार लाया जाए, और ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में 24 से 48 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से उन्हें बदला जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं अत्यधिक लोड का परिणाम हैं, अतः वहां क्षमता वृद्धि कर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने यह भी आदेश दिया कि उपभोक्ताओं के फोन समय पर रिसीव किए जाएं और व्यवहार में बदलाव लाया जाए ताकि जनता को सही जानकारी मिल सके। जर्जर तारों, पोल और खुले में लगे ट्रांसफार्मरों को लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी ऐसे खतरनाक स्थानों पर तत्काल बैरिकेडिंग की जाए ताकि कोई जन या पशुहानि न हो। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि झटपट पोर्टल पर आने वाले सभी उपभोक्ता आवेदनों का समय से निस्तारण किया जाए और किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। विशेष रूप से दिव्यांगों की शिकायतों का समाधान उनके घर जाकर किया जाए। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अनावश्यक बिजली की खपत न करें और आवश्यकतानुसार ही पंखा, बल्ब आदि का उपयोग करें। बैठक में अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। टोल फ्री नंबर 1912 सहित मोबाइल नंबर 7318124866 और 8004912655 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अधीक्षण अभियंता नंदलाल, अधिशासी अभियंता प्रथम जितेंद्र नाथ, अधिशासी अभियंता द्वितीय महेंद्र भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जूनियर इंजीनियर्स ने किया प्रदर्शन, कहा-महंगी होगी बिजली

उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। निजीकरण के विरोध में केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्देशन में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति कि जनपद शाखा इकाई जालौन ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया। जिन्होंने बीते दिन मुख्यालय स्थित अधीक्षण अभियंता प्रांगण में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के नियम विरुद्ध निजीकरण के विरोध में एक दिवसीय विरोध सभा की गई। जूनियर इंजीनियर संगठन के अध्यक्ष जगदीश वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग का निजीकरण किसी के भी हित में नहीं है। यदि बिजली विभाग का निजीकरण होता है तो बिजली की दरो वृद्धि होगी और किसानों के लिए मुफ्त में उपलब्ध बिजली महंगी हो जाएगी। संगठन के सचिव आलोक खरे ने बताया कि निजी कंपनियां अपने मुनाफे के लिए कार्य करती है। बिजली विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग का निजीकरण किसी के भी हित में नहीं है। इस दौरान अवर अभियंता गौरव कुमार, नवीन कंजोलिया, राजकुमार, जितेंद्र वर्मा, नवीन सचान, रमाकांत वर्मा, अशोक यादव, शिवम साहू, निशांत शर्मा, नवनीत अग्रवाल, अमन खान, सुमित सनोरिया, कपिल गुप्ता, अभिषेक सिंह, अमन पांडे, अंकित, सनी, पूनम वर्मा व प्राविधिक कर्मचारी संगठन से देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



## प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशीलः एसडीएम

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। तहसील क्षेत्र के कुछ गांवों में अप्रैल व मई माह में खेतों में आग लगने से खेतों में खड़ी फसल को नुकसान हुआ था। इस आगजनी की घटनाओं में जिन तीन किसानों की फसलें जलकर राख हो गई थीं। उन्हें प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड सहायता योजना के तहत एसडीएम विनय मौर्य ने आर्थिक सहायता की चेक प्रदान की हैं।

अप्रैल माह में तहसील क्षेत्र के दो गांवों में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। खेत में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा था। ग्राम खर्रा में छह अप्रैल को लगी आग में श्यामकरण गेहूं की फसल को नुकसान हुआ था और 24 अप्रैल को ग्राम ईटो निवासी लल्लूराम की गेहूं की फसल जल गई थी। इसके साथ ही एक मई को ग्राम गिधौसा निवासी राजकुमार की गेहूं की फसल आग से जल गई थी। अग्नि दुर्घटना के पीड़ित किसानों की मदद के लिए सरकार मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना चलाई जा रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने कार्यालय परिसर में किसान श्यामकरण को 41000 रुपये, लल्लूराम को ईटो 10920 रुपये व रामकुमार को 40000 रुपये की आथिक सहायता राशि की चेक प्रदान की। किसी भी प्राकृतिक या आकस्मिक आपदा की स्थिति में सरकार किसानों को अकेला नहीं छोड़ती। मुख्यमंत्री खेत-खलिहान योजना के अंतर्गत अग्निकांड जैसी घटनाओं में क्षति झेलने वाले किसानों को शीघ्र सहायता मुहैया कराई जा रही है। इस मौके पर प्रभारी मंडी सचिव रिपुदमन सिहं, अंकित गुप्ता, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, निखिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन लोगों पर की कार्यवाही

जालौन/उरई, 21 मई (तरूणमित्र)। अलग अलग मामलों में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी निवासी प्रताप व अजय के बीच पूर्व से ही रंजिश चल रही थी। बुधवार की सुबह रंजिश के चलते दोनों के बीच विवाद होने लगा और उनके बीच हाथापाई होने लगी। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर, भवानीराम निवासी सरस्वती देवी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुनील कुमार बात नहीं सुनता है। उल्टा उसे परेशान करता है। बुधवार की सुबह उसने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ कार्रवाई की है।

# कान्हा की नगरी में दूध का टोटा, सिंथेटिक में 'मुनाफा मोटा'

- सिंथेटिक दूध से भरा टैंकर पकड़ा, 2500 लीटर दूध कराया नष्ट
- धौलपुर से आया टैंकर दाऊजी में किसी डेयरी पर खलाना था

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** कान्हा की नगरी में दूध का टोटा है। छोटे मोटे दूधिया से लेकर बड़े डेयरी संचालक तक सब सिंथेटिक दूध के भरोसे हैं। हालत यह है कि राजस्थान से दूध, पनीर, मावा की सप्लाई मथुरा में प्रतिदिन हो रही है। जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से इक्का दुक्का कार्यवाही की जा रही हैं लेकिन यह उंट के मुंह में जैसा हैं। शहर से गांव तक दूध के नाम पर धीमा जहर लोगों को पिलाया और खिलाया जा रहा है। कहा तो यह जाने लगा है कि अगर सिंथेटिक पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाए तो लोगों को चाय बनाने के लिए भी दूध नहीं मिलेगा। बुधवार को जनपद के थाना बल्देव अंतर्गत हनुमान तिराहा से 2500 लीटर सिंथेटिक दूध से भरा टैंकर पकड़ा। यह टैंकर धौलपुर से राया सप्लाई के लिए लाया जा रहा था।



चालक ने बताया कि दूध राया में सादाबाद रोड स्थित एक डेयरी को देना था। यह कार्यवाही एसडीम महावन आदेश कुमार ने की। दूषित दूध को नष्ट करा दिया गया। टैंकर में 2500 लीटर मिलावटी दूध भरा था। सूचना पर एसडीएम ने हनुमान तिराहा पर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ टैंकर को पकड़ा। टैंकर चालक ने अपना नाम व पता लक्ष्मीनारायण निवासी मसुका बाड़ी धौलपुर राजस्थान बताया। दूध की जांच कराई गई तो दूध मिलावटी था जो नींबू का रस डालने से भी नहीं फटा। इसकी जानकारी पर सहायक आयुक्त खाद्य धीरेंद्र प्रताप सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि अधिकारी ज्ञानपाल सिंह सचल दल के साथ पहुंचे। राया में सादाबाद रोड पर डेरी को देना था चालक ने बताया कि यह दूध राया में सादाबाद रोड पर डेरी को देना था। धौलपुर में रामू डेरी से यह दूध लाया जा रहा था। पुलिस ने टैंकर को पकड़ कर बलदेव थाने भेज दिया है। एसडीएम महावन आदेश कुमार ने बताया आज सुबह सात बजे थाना बलदेव अंतर्गत हनुमान तिराहा पर धौलपुर से राया जा रही एक सिंथेटिक दूध की गाड़ी टाटा 407 पकड़ी गई है। जिसमे एसी फूड द्वारा प्रारंभिक जाँच में दूध सिंथेटिक पाया गया है सैंपल लेकर जाँच हेतु भेजे जा रहे है नकली दूध नष्ट करा दिया गया है।

## कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**फतेहपुर, 21 मई (तरूणमित्र)।** कुवरपुर मार्ग में जनता मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी वृद्ध महिला को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। जिसे स्थानीय अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार दौरान वृद्धा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफराबाद के रहने वाले दिनेश अपनी वृद्ध मां सैकी देवी (70) को सोमवार को बाइक से लेकर फतेहपुर जा रहा था।

# गो-सेवा आयोग सदस्य ने कई गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण

## गर्मी में गौवंशों की समय से हों देखभाल-रमाकांत उपाध्याय

**मैनपुरी, 21 मई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने आज मैनपुरी जनपद के विभिन्न गौ संरक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। नगला धर्म, सुखचैनपुर, कुर्रा जरावन व स्थायी कान्हा गौशाला खडेपुर में उन्होंने गौवंशों की देखभाल, चारा-पानी, स्वच्छता, शेड, लाइटिंग, सीसीटीवी व ईयर टैगिंग व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में सुविधाएं सतत बनी रहें और नियमित जांच हो।



इसके बाद उन्होंने किशनी विधानसभा में सह जिला बौद्धिक प्रमुख पारस के आवास में पर किसानों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

उन्होंने किसानों को मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत चार गोवंश लेने व प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन अनुदान का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बायोगैस प्लांट व कैटल शैड की जानकारी दी। मौके पर पारस राघवेन्द्र सिंह चौहान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गौशाला के लिए 11 रुपए किलो भूसा खरीद का हो गया टैंडर

- निरीक्षण के दौरान सामने आई सच्चाई, डीएम ने जांच बिठाई
- अन्य गौशालाओं में भी किस हिसाब से खरीदा जा रहा है डीएम ने मांगी रिपोर्ट

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** गौशालाओं में भूसा खरीद में गडबड़झाला हो रहा है। जिलाधिकारी के गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान यह सब सामने आयां है। बाजार रेट से दोगुनी कीमत पर भूसा खरीद के टैंडर पास कर दिये गये हैं। बावजूद इसके अभी तक गौशालाओं में भूसा का स्टॉक नहीं किया गया है। चौमुहां की गौशाला के लिए 11 रुपये किलो भूसा खरीद का टैंडर कर दिया। जबकि अभी बाजार में अधिकतम पांच से छह रुपए किलो में भूसा प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है। बुधवार को जिलाधिकारी मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह ने चौमुहां की गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने साफ सफाई ठीक से रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने



देखा कि गायों के लिए भूसा भी उपलब्ध नहीं है। जिलाधिकारी ने भूसा की जानकारी ली और ईओ से पूछा कि अभी तक भूसा का स्टॉक क्यों नहीं किया गया और टेंडर के अनुसार 11 रुपये किलोग्राम भूसा क्यों खरीदा जाएगा जब मार्केट में 5 से 6 रुपये किलोग्राम भूसा मिल रहा है, इसके बारे में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा को निर्देशित किया कि इसकी जांच करें टैंडर कैसे हुआ और 11 रुपये किलोग्राम भूसा न खरीदा जाए। इससे पहले डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने आई नौगांव से पार्वती से बीमारी के बारे में जानकारी ली और अस्पताल के बारे में भी पूछा तथा दवा आदि लेने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने पार्वती से कहा कि अच्छे से दवा लो और जल्दी से स्वस्थ्य हो जाओ, कोई परेशानी हो तो अवगत कराना। जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न अनुभागों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और एमओआईसी संदीप चौधरी को निर्देश दिए कि अस्पताल में सफाई सही नहीं है लग कर साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। प्रसव के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करें और ज्यादा से ज्यादा प्रसव अस्पताल में कराएं। जिलाधिकारी ने दवाओं का स्टॉक चेक किया और दवाओं की एक्सपायरी दिनांकों को देखा।

# एमएलसी ने किया पानी की टंकी का शिलान्यास

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** जैत ग्राम पंचायत गत वर्ष अप्रैल माह में जैत वाटर वर्क्स परिसर में हुए भीषण अग्निकांड में पानी की टंकी जलकर खंडहर हो गई थीं। ग्रामीणों के सामने भयंकर पेयजल संकट व्याप्त है। एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने बताया है कि जल जीवन मिशन के तहत गंगाजल से ग्रामीण की पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर उमेश प्रताप सिंह एमएलसी प्रतिनिधि, संजय सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, भूपेन्द्र एई जल निगम, हेमन्त सोलंकी जेई जल निगम, अभय सिंह क्यूसी इंजीनियर, टीपीआई फिचनर, आर.के. शर्मा परियोजना प्रबंधक एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, अनंत कृष्णा वरिष्ठ प्रबंधक एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, तनुज सारस्वत जेई, एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्रहलाद शर्मा सुरक्षा अधिकारी एप्को



इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्रदुमन क्वालिटी इंजीनियर एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड आदि उपस्थित थे। बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड, को भी गंगाजल की दरकार है। बेस्ट टूरिज्म विलेज जैत में स्थित सनातनियों की आस्था के इस पवित्र जय कुंड का जल प्रदूषित हो चुका है। इसी प्रदूषित जल में श्रद्धालुओं को आस्था की डुबकी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जबकि स्थानीय भक्त लोग आचमन से भी कतराते हैं। विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह का जैंत पैतृक गांव होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की उम्मीद लगी हुई है।

## 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों, मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मावकाश के चलते जनपद के समस्त आंगनबाडी केन्द्र 15 जून 2025 तक बन्द रहेंगे।

इस अवधि में तीन से छह वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाडी केन्द्रों पर नहीं होगी, परंतु समस्त आंगनबाडी कार्यकत्री एंव मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्र पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाडी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री एंव आंगनबाडी सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को पोषण ट्रैकर ऐप पर आधार सत्यापन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एंव अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

# चौमुहां में निकाली गई तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के जयकारे

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को कस्बा चौमुहां में भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शहीद कालीचरण के स्मारक से शुरू होकर कस्बा की विभिन्न गली और मोहल्लों से होकर शहीद स्मारक पर पहुचीं। यात्रा में शामिल विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों एवं भाजपा कार्यकताओं ने शहीद कालीचरण की मूर्ति पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा कि पूरे देश मे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जा रहा है। देश के सैनिकों ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। सीमा के उन प्रहरियों का हौसला बढ़ाने के लिए जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। नरदेव चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस ने पाकिस्तान के घुसकर आंतक का सफाया किया है। सेना की इस बहादुरी के लिए आज पूरा देश सलाम कर रहा है। आतंकवाद के खिलाफ जिस तरह पूरे भारतवर्ष के राजनैतिक दलों ने अपनी सेना और सरकार पर जो भरोसा जताया है ये उसी का परिणाम है कि आज पूरे देश मे विजय जुलूस निकाले जा रही हैं। कहा कि देश की तीनों सेनाएं इतनी सक्षम है कि वह किसी भी देश के घर में घुसकर आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दे सकती है। भाजपा नेता पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा कि कस्बा के लोगों में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ भारी आक्रोश है। हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना का भारत ने करारा जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है। तिरंगा यात्रा ने एक नई देशभक्ति को जन्म दिया है।

## चोरी की कार स्विफ्ट डिजायर के साथ दो युवक पकड़े

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** थाना मांट पुलिस ने दो युंवकों को एक कार स्विफ्ट डिजायर व तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों को पुलिस ने चौकिंग के दौरान पकड़ा। प्रभारी निरीक्षक थाना मांट जसबीर सिंह के मुताबिक थाना मांट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कूपगढ़ के पास कच्चे रास्ते पर बने टावर के पास से दीपक उर्फ प्रीतम चरण उर्फ काले पुत्र गोपाल प्रजापति निवासी सरीला थाना सरीला जनपद हमीरपुर उम्र करीब 22 वर्ष व अरुण रिछारिया पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी परारजौनी (पराउवारी) थाना महोकंठ जिला महोबा उम्र करीब 22 वर्ष से चोरी का वाहन कार स्विफ्ट डिजायर रंग सफेद जिसका नम्बर डीएल 8 सीए 5277 व अभियुक्त दीपक से एक पौनिया कारतूस व अभियुक्त अरुण रिछारिया से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किये है।

# गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को सिखा रहे आत्मरक्षा के गुर

- टीम सेवार्थ ने किया समर कैम्प का शुभारंभ
- बेटियों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक करना मुख्य उद्देश्य

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** वृंदावन चुंगी चौराहा स्थित गांधी पार्क में वृंदावन के युवाओं द्वारा एक नई सोच के साथ एक टीम का गठन किया गया। जिसका नाम रखा गया है टीम स्वार्थ जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा से जुड़े सभी ऐसे कार्यों को करना है जो समाज के सभी वर्ग के लिए कारगर सिद्ध हो और सभी बृजवासी इन सेवाकार्यों का लाभ ले सके इसी क्रम में आज संस्था द्वारा मार्शल आर्ट समर कैम्प का उद्घाटन किया गया जिसमे वृंदावन के अलग अलग इलाकों से लगभग १२० बच्चिया ने भाग लिया जिनको जूडो कराटे एवं आत्म सुरक्षा के लिए हुनर का प्रशिक्षण दिया जाएगा ये समर कैम्प पूरे एक महीने चलेगा हित उत्सव चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में कैम्प का उद्घाटन,



साध्वी माँ ध्यान मूर्ति, उपजिलाधिकारी निशा ग्रेवाल, सीओ सुरक्षा सुमन कन्नौजिया, पार्षद माधवी बघेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया आईएएस निशा ग्रेवाल ने बताया की इस तरह के आयोजन बच्चों की छुट्टियों को देखते हुए आज के समय बहुत आवश्यक है सभी बच्चो को आत्मसुरक्षा के हुनर सीखना बहुत जरूरी है समाज में इस तरह की जागरूकता है तो हम सभी को मिलकर अन्य स्थानों पर भी ऐसे आयोजन करवाने चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र सर्राफ, प्रवीण सर्राफ नवीन सर्राफ, ललित वल्लभ नगार्च, गोविंद खंडेलवाल, मोहन शर्मा, विश्वनाथ गौतम, रसिक वल्लभ। गोपाल खंडेलवाल, घनश्याम सिंह, ट्रेनर ज्ञान प्रकाश, प्रशांत, सतीश सिसोदिया, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, गोकुल शर्मा, जय शर्मा, जितेंद्र ठाकुर, कुशल श्रीवास्तव, गिरधर खंडेलवाल, शुभम दिवाकर, सोमनाथ कश्यप, अर्जुन पंडित, कार्तिक डूबे, प्यारे सैनी, अमित गुडेनिया, अंकित अरोड़ा, दीपक अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, माधव अग्रवाल, राजू पार्षद, तरुण बघेल, तरुण मिश्रा, तरुण बघेल, विराट गोला, ,दीपक ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन, दिलाई शपथ

**मेरठ, 21 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी कार्यकक्ष कलेक्ट्रेट मेरठ में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई गई। आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ इस प्रकार है-हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक संकल्प लेते है कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने का भी संकल्प लेते है। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ-पू०उ०रे० -मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०** : LJN-RSLR-03-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 14-05-2025 समयः 18.09 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 30-05-2025 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय** : 30-05-2025 समयः 14:50 बजे, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 44 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक संपन्न



**मेरठ, 21 मई (तरूणमित्र)।** आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस बैठक में किसानों को विगत माह में आई कुल 56 शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गयीं, कुछ शिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान न होने पर तथा पूर्ण संतुष्टि ना प्रदान करने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुनः विभागों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए तथा जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि प्रत्येक दशा में किसान की बात को मौके पर सुनकर उसका समाधान किया जाए और गुणवत्तापरक आख्या भेजी जाए। किसानों द्वारा मुख्यतः बिजली विभाग, सिंचाई विभाग और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। मई माह के किसान दिवस में कुल 73 शिकायत प्राप्त हुई जिनको जिलाधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## डीएम से गंगा दशहरा पर बेहतर व्यवस्था की मांग की

**मथुरा, 21 मई (तरूणमित्र)।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से बुधवार को उनके कार्यालय में मिला। इस बार पांच जून को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। व्यवस्था कराने के संबंध में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। जिलाधिकारी ने पांच जून से पहले सभी व्यवस्थाएं यमुना किनारे संबंधित विभागों से पूर्ण करा दी जाएंगी। डीएम ने बताया कि 22 जून को शाम चार बजे गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं के संबंध में एक आवश्यक बैठक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें परिषद का प्रतिनिधि को भी उपस्थित होने को कहा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई-मड़ियाहू-जाफराबाद (48 किमी) दोहरीकरण, फाफामऊ स्टेशन (NR) से कुँवाडीह (NER) (10 किमी) के मध्य फ्लाइओवर एवं वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय- तीसरी एवं चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध मे फाइनल लोकैशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य । |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 05 (पाँच) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 135.39 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,17,700/- |
| 5 | ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 13.06.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 22.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 33-टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी दिनाँकः 20.05.2025 1485/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।, **कार्य का नामः**- समइं/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत भटनी-गोरखपुर छावनी (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं०**:-एनईआर-बीएसबी-2025-37, **अनुमानित लागत (₹)**:- 2,69,08,344/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)**:- 2,84,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि**:- 13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि**:-30.06.2026, **कार्य का नामः**- समइं/ पूर्व/ गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (रहित)-कप्तानगंज-वाल्मिकीनगर (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं०**:- एनईआर-बीएसबी-2025-38, **अनुमानित लागत (₹)**:-1,75,09,067/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)**:- 2,37,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि**:-13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि**:- 30.06.2026, **कार्य का नामः**- समइं/ सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान -भटनी (रहित), सिवान -थावे (रहित), थावे (रहित) -हथुवा पंचदेवरी अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं०**:- एनईआर-बीएसबी-2025-39, **अनुमानित लागत (₹)**:- 1,81,23,758/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)**:- 2,40,600/-, **निविदा बन्द होने की तिथि**:-13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि**:- 30.06.2026, **कार्य का नामः**- समइं/ सिवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सिवान (रहित)-छपरा (रहित), दुरौंधा -मसरख (रहित) अनुभाग में समपार एवं ब्रिज जोन सहित क्षेत्रीय कार्य (समयावधि 30.06.2026), **ई-निविदा सूचना सं०**:- एनईआर-बीएसबी-2025-40, **अनुमानित लागत (₹)**:- 1,48,26,073/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)**:- 2,24,100/-, **निविदा बन्द होने की तिथि**:-13.06.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि**:- 30.06.2026, • निविदा सूचना संख्या एनईआर- बीएसबी-2025-37 से एनईआर-बीएसबी- 2025-40 दिनांक 13.06.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०)
मुजाधि/डब्लू-71 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## पेज 1 का शेष...

### इस बरसात में 35 करोड़...

महिला-पुरुष मंगल दल, किसान उत्पादक संगठन और व्यापार मंडल सभी को इस अभियान में शामिल किया जाएगा।सरकार का मानना है कि जब आम लोग इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होंगे, तभी पौधे सही से बढ़ सकेंगे। इसके लिए सरकार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों से सहयोग की अपील की है। जनसहयोग से ही पौधरोपण को सफल बनाने के लिए विभिन्न समुदायों को जोड़ने की योजना बनाई गई है। सरकार इस बात से भी उत्साहित है कि उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र में 559.19 वर्ग किलोमीटर का इजाफा हुआ है। यह बढ़ोतरी सरकार की मेहनत और व्यापक जनसहयोग का परिणाम है।

सरकार की योजना है कि 2025 तक राज्य का हरित क्षेत्र राष्ट्रीय औसत तक पहुंच जाए। इस अभियान का असर सिर्फ पर्यावरण पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि यह सूखा, प्रदूषण, और गर्मी जैसी समस्याओं से भी निपटने में मदद करेगा। पौधरोपण अब सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की आवश्यकता बन चुका है, सरकार नये पौधारोपण उत्सव को इसी रूप में मनाना चाहती है।

### इनामी केशव राव सहित...

शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ। उन्होंने कहा , यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### यूपी के सभी मंडलों में...

मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में 10 गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अधिकारियों की ओर अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ रुपयेकी सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपये तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया जाए।

दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। शैक्षिक क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 25 जिलों में स्थापित 'चाइल्ड डे केयर सेंटरों' में दृष्टि, श्रवण एवं मानसिक रूप से दिव्यांग 1390 बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में राज्य में संचालित 16 विशेष विद्यालय, सात समेकित विद्यालय एवं पांच मानसिक पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय तथा चित्रकूट स्थित जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर है दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# लोहिया संस्थान के पास पटरी दुकानदारों पर चला चाबुक

◆ नालियों में कचरा डालते पाए गए, नगर निगम ने दिखाई सख्ती



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। बुधवार नगर निगम ने जोन चार और जोन सात के विभिन्न नालों और नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बुधवार सुबह फन मॉल के बगल से गुजर रहे नाले की सफाई की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई के बाद 24 घंटे के भीतर नाले से निकली सिल्ट को पूरी तरह से हटाया जाए। कठौता चौराहे से आईजीपी रोड की ओर बनी सड़क के मध्य स्थित नाले का निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने सड़क के दोनों ओर की छोटी नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कनेक्टिंग पॉइंट की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के लिए जेडएसओ को सख्त निर्देश दिए।

कठौता चौराहे से चिनहट तिराहे तक फैले नाले की स्थिति की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने नाले के बाहर पड़ी सिल्ट और हॉर्टिकल्चर वेस्ट को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से पूर्व नालों की सफाई पूरी होनी चाहिए ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके। लोहिया अस्पताल के पास की सड़क के बीच में बने नाले की साफ-सफाई जा जायजा लिया। इस दौरान आसपास की नालियों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। कई दुकानदार और ठेले वाले नालियों में कचरा डालते पाए गए।

इस पर नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद एसएफआई रश्मि शुक्ला को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। आदेशानुसार बॉम्बे पाव-भाजी पर 2000 रुपये, वाहिद बिरयानी पर 5000 रुपये, जबकि ठेले लगाने वाले गुड्डू, कल्लू, योगेश, लल्लू गुप्ता और कृष्णा पर कुल 1600 रुपये का चालान किया गया। इस तरह कुल 7600 रुपये का चालान काटा गया। जोन सात के सेक्टर-14 का भी दौरा किया। उन्होंने वार्ड में बनी सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई जल्द से जल्द कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नालियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

नगर आयुक्त ने जोन में आने वाले बैकुंडधाम का दौरा किया। यहां उन्होंने नए बन रहे हरित शवदाह गृह का अवलोकन किया और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर उसे चालू करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण किया, जहां एक मशीन बंद पाई गई। इस पर उन्होंने सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर मशीनरी पार्ट्स मंगवाकर मशीन शीघ्र चालू की जाएं।

# कंप्यूटर क्रान्ति के जनक थे राजीव गांधी: अजय राय



पुण्यतिथि पर कांग्रेस मुख्यालय में दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। कंप्यूटर क्रांति के जनक भारत रत्न पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर कालिदास चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि युवा शक्ति में भरोसा करने वाले राजीव गांधी ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर लोकतंत्र सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त, शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए। वह भाईचारे, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक तालमेल की जरूरत को लेकर भी गंभीर थे। आगे बोले कि जमीनी स्तर पर लोगों को सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लेकर राजीव गांधी ने 1991 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने का वादा किया। जिसे बाद में कांग्रेस की सरकार बनने पर 1992 में संविधान के 73वें संशोधन से पारित किया गया। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त शक्तियां, वित्तीय संसाधन और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया गया।

राय ने कहा कि राजीव जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व के अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने सुशासित, शक्तिशाली और जीवंत राष्ट्र के रूप में भारत को आगे बढ़ाया। राजीव जी दूरगामी सोच रखने वाले ऐसे राजनेता थे, जिनके विचार और अवधारणाएं आज भी वैश्विक महत्व रखती हैं।

## खाटू श्याम जा रहे मां सहित दो बेटों की मौत



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। नगराम थाना क्षेत्र के हरदोईया बाजार का रहने वाला परिवार खाटू श्याम दर्शन के लिए जा रहा था, इस दौरान जयपुर में एक्सीडेंट हो गया। ट्रक और कार की भिड़ंत में मां और उनके दो बेटों की मौत हो गई। परिवार की बहू और उसके दो छोटे बच्चे गंभीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत नाजुक है। कार में सवार परिवार खाटूश्याम मंदिर जा रहा था। बुधवार सुबह ये हादसा जयपुर ग्रामीण के रायसर थाना इलाके के मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक से भिड़ंत के बाद कार चकनाचूर हो गई। कार में सवार लोग अंदर दब गए थे, जिन्हें आस-पास के लोगों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद निकाला। प्रत्यक्षदर्शी रोहित का कहना है कि कार सवार सीट से चिपक गए थे प्रत्यक्षदर्शी और स्थानीय रोहित मीणा ने बताया, ट्रक मनोहरपुरा से दौसा की तरह जा रहा था। अचानक उसका राइट साइड का टायर फट गया।

जिससे ट्रक रोड पर घसीटता हुआ रुका। तभी सामने से आ रही कार उससे टकरा गई। ट्रक से भिड़ंत के बाद कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार लोग इसमें दब गए। वे सीटों से चिपक गए थे। ट्रक चालक भी केबिन में फंस गया था। मां-बेटों की मौके पर मौत एडिशनल एसपी ग्रामीण ट्रैफिक ने बताया कि परिवार यूपी में लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के हरदोईया बाजार का रहने वाला है। सभी स्विफ्ट कार में सवार थे। दौसा से खाटूश्याम मंदिर की तरफ जा रहे थे। हादसे के बाद पूरा परिवार कार में फंस गया था। आसपास के लोग फौरन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। लोगों की मदद से घायलों को निकाला और निम्स हॉस्पिटल पहुंचाया। कार में सवार राहुल (36) पुत्र श्याम बाबू, उसका छोटा भाई पारूल (32) और मां ललिता देवी की मौके पर ही मौत हो गई।




लखनऊ सिटी के अंदर होकर जा रही डग्गामार डबल डेकर बस। छाया: तरूणमित्र

# प्रेमिका के घर में युवक की हत्या नाराज परिजनों ने रोड जाम किया



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। सरोजनीनगर इलाके में एक युवक का शव प्रेमिका के घर में मिला। दोनों के बीच 2 साल से प्रेमझ्प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका शादी-शुदा है। उसके घर के पास युवक का प्लॉट है, जहां उसने गाय पाल रखी है। वह रोजाना गाय को चारा देने जाता तो प्रेमिका से मिलने उसके घर भी जाता था।

जानकारी के मुताबिक घटना सरोजनी नगर में मंगलवार रात को हुई। मृतक की पहचान अर्पित (21) के रूप में हुई। वह सरोजनी नगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां का रहने वाला था। प्लॉट घर से 500 मीटर दूर तपोवन नगर, आजादनगर में है। परिजनों ने प्रेमिका, उसके पति और घरवालों पर हत्या का आरोप लगाया। मुकदमा न दर्ज होने से नाराज परिजनों ने बुधवार शाम अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास कानपुर रोड जाम कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद लोग शांत हुए। करीब 20 मिनट कानपुर रोड जाम रहा। मृतक के भाई मुलायम सिंह यादव ने बताया कि रोज की तरह छोटा भाई मंगलवार शाम को भी गाय को चार देने प्लॉट पर गया था। देर शाम प्लॉट के पास रहने वाले उसके फूफा ने सूचना दी कि उसका भाई प्लॉट के पड़ोसी के घर में बेहोश पड़ा है। सूचना के बाद जब मैं वहां पहुंचा तो उसका छोटा भाई पड़ोसी के घर में चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद आनन-फानन में उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बड़े भाई ने कहा कि हम लोग अस्पताल से लौटे तो पड़ोसी ताला बंद कर फरार हो चुके थे। पड़ोसी छोटू मौर्य उर्फ राजकुमार, उसकी पत्नी सुमन और पूरे परिवार के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी है। हो न हो इन्हीं लोगों ने अर्पित की हत्या की है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उससे पूछताछ होने और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शुरूआती जांच में प्रेम-प्रसंग की बात पाई गई थी। युवक और महिला दोनों ने ही घर में कोई विषाक्त पदार्थ खाने की बात सामने आई थी। महिला के मिलने के बाद साफ हो गया कि दोनों ने जहर नहीं खाया था। इस मामले में सूत्रों से पता चला है कि मृतक के गले पर निशान थे। हो सकता है उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की होगी या गला घोंटकर उसकी हत्या की गई होगी।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले कूड़ा डालने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। उनका आरोप है कि इसी वजह से अर्पित की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरा परिवार घर से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। महिला के मिलने पर पता चलेगा कि उसने जहर खाया था या नहीं। पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक की डेड बॉडी गांव पहुंच गई है। पुलिस अंतिम संस्कार करने को कह रही है। परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है पहले आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। इसके बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक ने 30-40 मिनट के अंदर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया है। लोग इस पर नाराज हो गए। गुस्साए लोगों ने अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास कानपुर रोड की दोनों लेन जाम कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की, तो लोग सड़क से हटे। पुलिस ने मृतक की प्रेमिका सुमन मौर्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

## ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव पूर्व नियोजित कार्यक्रम अनुसार बुधवार विकास भवन लखनऊ के लोहिया सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवमूर्ति बाजपेई के साथ रामकुमार, केके गौतम, केशराम द्वारा करवाया गया। जनपद महामंत्री पद पर प्रशांत सक्सेना निर्विरोध निर्वाचित हुए। दो पड़ो पर चुनाव हुआ जिसमें मतों की गिनती के पश्चात अध्यक्ष पद पर ललित गौतम ने अपने निकत्तम प्रतिद्वंदी अलोक चौधरी को अवैम दीपक चौधरी ने आरडी शुक्ला को हराया। इस के उपरांत निर्वाचित टीम दवरा जनपद स्तर पर जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक,उपायुक्त मनरेगा से सिस्टचार भेंट वार्ता अवैम ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग पर आ रही दिक्कतों के लिए ज्ञापन भी दिया। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा शीघ्र निस्तारण का वादा किया गया।




## दो हजार रुपए के लिए पीटकर हत्या के बाद गांव में तनाव

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। माल थाना क्षेत्र में मात्र दो हजार रुपए के विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुंचे दशरथ के पिता रामकिशुन को गुलफाम और उसके पांच-छह साथियों ने जमकर पीटा। ग्रामीणों के जुटने पर हमलावर भाग गए। सूचना पर पुलिस पहुंची, तो रामकिशुन की सांसें चल रही थीं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद गांव में तनाव हो गया। गांव में भरी पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना माल थाना क्षेत्र के मवई खुर्द में मंगलवार देर रात की है। गांव के रहने वाले दशरथ ने पड़ोसी गुलफाम को मोबाइल रिपेयरिंग के लिए दो हजार रुपए दिए थे। गुलफाम न तो मोबाइल रिपेयरिंग करा रहा था और न ही पैसे वापस कर रहा था। इसको लेकर मंगलवार देर रात दोनों में विवाद हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे दशरथ के पिता रामकिशुन को गुलफाम और उसके पांच-छह साथियों ने जमकर पीटा। ग्रामीणों के जुटने पर हमलावर भाग गए। सूचना पर पुलिस पहुंची, तो रामकिशुन की सांसें चल रही थीं। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला दो समुदायों का होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात है। माल इंस्पेक्टर ने बताया कि रामकिशुन (55) के बेटे दशरथ ने गांव के गुलफाम को मोबाइल फोन बनवाने के लिए दिया था। उसके साथ दो हजार रुपए भी दिए थे। आरोप है कि दशरथ जब भी गुलफाम से मोबाइल और पैसा मांगता, तो वह आनाकानी करता था।



## केजीएमयू: न्यूरोलॉजी विभाग में न्यूरो पेन क्लीनिक का शुभारंभ




लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा एक विशेष न्यूरो पेन क्लिनिक की शुरूआत की गई। यह पहल विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश वर्मा (डीए, डीएनबी) एवं डॉ. अंकित खेतान, असिस्टेंट प्रोफेसर, न्यूरोलॉजी विभाग के नेतृत्व में प्रारंभ की जा रही है। इस क्लिनिक का उद्घाटन बुधवार को सुबह ग्यारह बजे, कक्ष संख्या 110, प्रथम तल, न्यूरोलॉजी विभाग में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, जीएम & ए एच, केजीएमयू एवं डॉ. मनीष कुमार सिंह, प्रोफेसर पेन एवं एनएसथीसियोलॉजी विभाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। न्यूरो पेन क्लिनिक प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ बुधवार को सुबह दस बजे से अपराह्न दो बजे तक, न्यूरोलॉजी विभाग में कमरा नंबर 110 (प्रथम तल), संचालित होगी तथा इसका संचालन डॉ. अंकित खेतान द्वारा किया जाएगा। यह क्लिनिक दीर्घकालिक और जटिल न्यूरोलॉजिकल एवं मस्कुलोस्केलेटल दर्द से ग्रस्त रोगियों को समर्पित, विशेषीकृत इलाज प्रदान करेगी।

**इन बीमारियों का विशेष रूप से इलाज किया जाएगा**

सिरदर्द (माइग्रेन एवं टेंशन टाइप), कार्पल टनल सिंड्रोम, ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, मायोफेशियल पेन सिंड्रोम, डि-केर्वेंस टेन साइनोवाइटिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस से संबंधित दर्द सैक्रोइलियक (एसआई) जॉइंट पेन, एपिकॉन्डिलाइटिस (टेनिस/गोल्फर एल्बो), अल्ट्रासाउंड गाइडेड फ्रोजन शोल्डर, लोअर बैक पेन, हाइपरहाइड्रोसिस, स्ट्रोक के बाद की सेंट्रल पेन सिंड्रोम शामिल है।

यह पहल न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा दर्द प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मरीजों को समग्र, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## एनके रोड सीएचसी को मिली नयी अल्ट्रासाउंड मशीन



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। नवल किशोर (एन.के.) रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने विधायक निधि से स्थापित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया। शर्मा ने कहा प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।

उन्होंने कहा कि सीएचसी पर आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। मैं चिकित्सकों से अपेक्षा करता हूं कि वे प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक और समर्पित सेवाएं प्रदान करें, जिससे जनता में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा और मजबूत हो। सीएमओ डॉ. एन.बी. सिंह ने जानकारी दी कि सीएचसी पर पूर्व में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन कुछ समय से खराब थी। इस विषय में जब विधायक को अवगत कराया गया तो उन्होंने तुरंत पहल करते हुए विधायक निधि से नई मशीन की स्थापना सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि यह मशीन विशेष रूप से गर्भवतियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। अल्ट्रासाउंड की मदद से गर्भावस्था की पुष्टि, भ्रूण की स्थिति, विकास, हृदय गति, प्लेसेंटा व एम्नियोटिक फ्लूइड की स्थिति आदि की जानकारी मिलती है, जिससे समय रहते उचित चिकित्सा निर्णय लिए जा सकते हैं। यह तकनीक गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं को रोकने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में सहायक है।

## निजीकरण के विरोध में तीन घंटे विरोध प्रदर्शन

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार से तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश में शुरू हो गया है। समिति ने पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन और प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि वे अवैध ढंग से नियुक्त कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को बचाने की साजिश कर रहे हैं और बैक डेटिंग कर फजीवाड़ा करने वाले कंसल्टेंट को दोषमुक्त करने में लगे हैं। इस के लिए निदेशक वित्त,निधि नारंग को कार्यकाल पूरा होने के बावजूद एक और सेवा विस्तार देने की तैयारी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के कार्यक्रम के तहत आज से बिजली कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रदेश के समस्त जनपदों, परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में विभिन्न दफ्तरों में काम करने वाले बिजली कर्मचारियों का गुस्सा आज फूट पड़ा और वे दोपहर दो बजे कार्यालयों के बाहर आ गये।

## सपा मुद्दा विहीन पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी: सनी

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सनी सरना ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा की मुद्रा विहीन हो चुकी। यह पार्टी जनता का विश्वास पूर्णता खो चुकी है सपा के नेताओं द्वारा भाजपा के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के खिलाफ अनाप-शनाप बयान बाजी की जा रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाजवादी पार्टी अपने बयान को वापस लेकर माफी नहीं मांगती है तो उनके खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन चलाया जाएगा सरना ने कहा प्रदेश की जनता पर भाजपा का विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जनता के विश्वास पर खरी उतर रही प्रदेश सरकार ने किसानों व्यापारियों नौजवानों महिलाओं और युवाओं के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया हैं। भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में खलबली मची हुई है।



# टेक्नोलॉजी के जरिये रेल यात्री सुविधाओं को बेहतर बनायेंगे: डीआरएम

## सुनील कुमार वर्मा ने एनआर लखनऊ मंडल के नये डीआरएम का चार्ज लिया




**ट्रेनों की ऑपरेशनल टाइमिंग और रेल सेफ्टी को बताया पहली प्राथमिकता**

लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। राजधानी लखनऊ एक बड़ा रेल डिवीजन होने के साथ-साथ एक सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक इमारत और सभ्यता से जुड़ा हुआ है। ऐसे में हमारी पहल प्राथमिकता यही होगी कि किसी भी स्थिति में यहां पर ट्रेनों की ऑपरेशनल टाइमिंग ट्रैक पर हो और रेल सेफ्टी को और चुस्त-दुरूस्त बनाया जा सके।

ये बातें बुधवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के नवागत डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ के मीडिया कर्मियों से पहली मुलाकात में कहीं। बातचीत में डीआरएम ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी के जरिये यहां डिवीजन में रेल यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाया जायेगा और मंडल में जो भी निर्माण कार्य व ढांचागत रेल विकास से जुड़े जो भी कार्य चल रहे हैं, उनको पहली प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये ताकि उसी के तहत रेल यात्रियों को उन्नत सुविधायें मिल सके।

डीआरएम ने बताया कि इससे पूर्व वो पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) दानापुर मंडल, मुगलसराय, आरडीएसओ में रेल सेवायें दे चुके हैं और यहां आने से पूर्व वो टेलीकॉम सेक्टर भारत सरकार में विशेषकर बीएसएनएल से जुड़ी सेवाओं के लिये कार्य कर रहे थे। इसी क्रम में डीआरएम ने यह भी कहा कि मंडल में रेल कर्मियों के हित में जो भी कार्य हैं, उन्हें पर पूरा कराया जायेगा ताकि वो नये उत्साह के साथ अपनी पूरी कार्य दक्षता के साथ अपनी ड्यूटी निभा सकें। इस दौरान उरे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी सहित मंडल के अन्य आला अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नगर निगम व जलकल कर्मचारी संघ की हुई बैठक



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। नगर निगम एवं जलकल के सदस्यों द्वारा बहुत सी विभागीय एवं शासन स्तर पर लंबित समस्याओं एवं दोनों विभागों की कार्यप्रणाली तथा कार्यपद्धति पर घोर निराशा एवं व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त व महाप्रबंधक जलकल से निकट भविष्य में संगठन के साथ बैठक कर समाधान करने का अनुरोध किया गया। जिसके सम्बन्ध में बहुत जल्द संघ विस्तार से मांग पत्र तैयार कर समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रेरित किया जायेगा। ये बातें संघ के अध्यक्ष आनन्द मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र की।

बुधवार की बैठक में प्रमुखता से नगर निगम व जलकल में सेवा सम्बन्धी दिक्कतें, शासन स्तर पर महासंघ की लंबित मांगों पर बड़े विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श कर स्थानीय समस्याओं व शासन स्तर पर लम्बित समस्याओं के समाधान के लिए एक वृहत कार्ययोजना,जनजागरण,सभी जोन,केन्द्रीय कार्यशाला,मार्ग प्रकाश,जलकल आदि कार्यालय का भ्रमण कर स्थानीय एवं शासन स्तर पर लंबित समस्याओं से कर्मचारी साथियों को अवगत कराते हुए आंदोलन आदि की तैयारी की जायेगी। बैठक में प्रमुख रूप से जलकल कर्मचारी को सेवानिवृत्त पर ग्रेविटी, अर्जित अवकाश का पूरा भुगतान, पेंशन बुक, नगर निगम की भांति सभी सुविधाएं दिया जाना,राजस्व संवर्ग में प्राइवेट कर्मचारियों को आई डी देकर काम लिया जा रहा, जबकि नियमित कर्मचारी बैठे है, वसूली कैम्पों में बाथरूम, बैठने की व्यवस्था, कर्मचारियो के फोन से ही वसूली आदि की कार्यवाही की जा रही आदि समस्याओ का समाधान हो।

## आईआरसीटीसी: मैसूर से कोयंबटूर घूमने का सुनहरा मौका



लखनऊ, 21 मई (तरूणमित्र)। गर्मी की छुट्टियों के साथ ही यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए, आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से मैजेस्टिक साउदर्न-मैसूर से कोयंबटूर का हवाई टूर पैकेज तैयार किया जा रहा। पैकेज 07 रात और 08 दिन का है जिसमें मैसूर, कूर्ग, ऊटी और कोयंबटूर का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज 21 जून से शुरू होकर 28 जून 2025 तक चलाया जा रहा। हवाई टूर की विशेषताओं के बारे में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यात्रियों को लखनऊ से बैंगलोर जाने व कोयंबटूर से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में की गयी है। यात्रा के दौरान बैंगलोर से मैसूर जाते समय श्रीरंगापटना मंदिर का दर्शन, मैसूर में मैसूर महल, वृंदावन गार्डन, चामुंडी मंदिर के दर्शन, कुर्ग में स्वर्ण मंदिर, दुबारे हाथी शिविर का भ्रमण, बहगमंडला मंदिर, अब्बे फॉल्स, ओंकारेश्वर स्वामी मंदिर के दर्शन, कुर्ग से ऊटी जाते समय देवदार के पेड़ के जंगल का भ्रमण, ऊटी में बोटैनिकल गार्डन, ऊटी झील, गुलाब उद्यान, चाय संग्रहालय, डोड्डाबेट्टा चोटी, कोयंबटूर में आदियोगी शिव प्रतिमा आदि का भ्रमण कराया जायेगा। इस हवाई पर्यटन टूर से जुड़ी अधिक जानकारी और बुकिंग के लिये नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों लखनऊ, 8287930912/8287930911/9236391909/8287930902 पर संपर्क कर सकते हैं।